धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

### स्कंदमाता



सिंहासनगता नित्यं
पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी
स्कन्दमाता यशस्विनी।।

छान्दोग्य श्रुति के अनुसार भगवती शक्ति से उत्पन्न हुए सनत्कुमार का नाम स्कंद है। उनकी माता होने से स्कंदमाता कहलाती है। भगवान स्कंद की माता होने के कारण मां दुर्गा के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। मां का यह रूप उदार और स्नेहशील है। इनकी उपासना नवरात्रि पूजा के पांचवें दिन होती है। इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में होता है। मां की गोद में भगवान स्कंद जी बालरूप में बैठे रहते हैं। स्कंदमाता का प्रिय फल केला है। इसे अर्पित करने पर मातारानी मनवांछित फल देती हैं।

## बड़ा प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...



ओसीसी क्लब

नवरात्रि को लेकर राजधानी रांची पूरी तरह मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर हो चुका है। चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना के साथ कुछ पंडालों के पट खुल गये। रांची के ओसीसी क्लब और बकरी बाजार में बने भव्य पंडाल का राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी विधायक सीपी सिंह समेत कई नेताओं ने विधिवत उद्घाटन किया।



बकरी बाजार

### न्यूज डायरी

#### 23 आइपीएस बदले गौरव बने रांची के ट्रैफिक एसपी

**रांची।** सरकार ने दुर्गा पूजा से पहले बड़ी संख्या में आइपीएस अफसरों का ट्रांसफर पोस्टिंग किया है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इस पोस्टिंग में वे तमाम आइपीएस शामिल हैं जो पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे थे। कुमार गौरव को रांची का ट्रैफिक एसपी बनाया गया है। मुकेश लुनायत को जमशेदपुर का सिटी एसपी बनाया गया है।

#### चुटूपालू घाटी में हादसा ड्राइवर-खलासी की मौत

**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में बुधवार को भीषण सड़क हादसे में चालक और खलासी की दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के केबिन में फंस जाने से मौत हो गयी। रांची से हजारीबाग की ओर जा रही सरिया लदा ट्रेकर को पीछे से पाइप लदे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

#### निशिकांत को एथिक्स कमेटी ने भेजा समन

**नयी दिल्ली।** लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ शिकायत पर गवाही के लिए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को 26 अक्टूबर को बुलाया है। एथिक्स कमेटी वकील जय अनंत देहाद्राई को भी सुनेगी। भाजपा सांसद विनोद सोनकर लोकसभा की एथिक्स कमेटी के चेयरपर्सन हैं।

#### राष्ट्रपति ने किया बिहार के कृषि रोड मैप का लोकार्पण

**पटना।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को साल 2023-28 की अवधि के लिए बिहार के चौथे कृषि रोडमैप का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में पहला कृषि रोड मैप लॉन्च होने के बाद से राज्य ने कृषि क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह जानकर खुशी हुई कि इस अवधि के दौरान प्रदेश में धान, गेहूं और मक्के का उत्पादन दोगुना हो गया है।

#### राजस्व उप निरीक्षक घूसे लेते गिरफ्तार

मेदिनीनगर। हुसैनाबाद अंचल क्षेत्र के हल्का नंबर-6 के राजस्व उप निरीक्षक सचिन गुप्ता को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उसे हुसैनाबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# सप्ताह में एक दिन बिना बस्ता स्कूल जायेंगे बच्चे

### 6 से 8 तक के बच्चों के लिए बैगलेस डे शुरू करने की योजना

- व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम से जल्द जोड़े जायेंगे बच्चे

**सुधीर**

**रांची।** राज्य के 13 हजार 664 माध्यमिक स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चों को अगले महीने से हफ्ते में एक दिन बैग लेकर स्कूल नहीं जाने होंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग उनके लिए प्रत्येक शनिवार को बैगलेस डे शुरू करने जा रही है। सरकारी स्कूल के बच्चों को स्कूल के बस्ते के बोझ से छुटकारा देने और व्यावसायिक शिक्षा के प्रति उनका रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से इस योजना की शुरूअत की जा रही है। राज्य के माध्यमिक स्कूलों में क्लास 6 से 8 तक के बच्चों के लिए यह कार्यक्रम चलेगा। इस दिन मिडिल स्कूलों के 14 लाख 72 हजार 615 बच्चे बिना बैग के स्कूल पहुंचकर एक्सट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में हिस्सा लेंगे।

**11 तरह की व्यावसायिक शिक्षा दी जायेगी :** बैगलेस डे के दिन छात्रों को स्कूल में योग, व्यायाम और खेलकूद की गतिविधियों के अलावा 11 तरह की व्यावसायिक शिक्षा दी जायेगी। इसके अलावा छात्रों को हर बैगलेस डे के दिन इंडस्ट्रियल विजिट भी कराया जायेगा। बच्चों को स्कूल के आसपास स्थिति इंडस्ट्रियल एरिया और अलग-अलग व्यावसायिक क्षेत्रों का दौरा कराया जायेगा। आर्ट एंड क्रॉफ्ट, क्रॉकरी, गीत-संगीत जैसे व्यवसाय की जानकारी उन्हें फील्ड में ही दी जायेगी। इसके बाद इन व्यावसायिक चीजों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा।

**ट्रेंड किये जा रहे हैं मास्टर ट्रेनर :** बैगलेस डे और व्यावसायिक शिक्षा को लेकर जेईपीसी ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए सभी जिलों के मास्टर ट्रेनरों को ट्रेनिंग दी जा रही है। 19 अक्टूबर तक सभी जिलों के तीन-तीन मास्टर ट्रेनर को ट्रेनिंग देकर उन्हें अपने-अपने जिलों में भेजा जाएगा। वहां जाकर ये मास्टर ट्रेनर अपने जिले के शिक्षकों को ट्रेनिंग देंगे।

> बैगलेस डे में छठी, सातवीं और आठवीं क्लास के बच्चों को शामिल किया जायेगा। उन्हें 11 तरह की व्यावसायिक शिक्षा दी जायेगी। इन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की ट्रेनिंग मास्टर ट्रेनरों को दी जा रही है। आज के दौर में बच्चों का पढ़ाई के साथ-साथ संपूर्ण विकास जरूरी है। बच्चों का कौशल विकास करने और उन्हें व्यावसायिक शिक्षा का महत्व बताने के लिए शुरू हो रहा यह कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है। - **स्वप्निल कुजूर, प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर, जेईपीसी।**

### कैबिनेट : मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना समेत 29 प्रस्ताव पास

# तीन साल में बनाये जायेंगे आठ लाख अबुआ आवास

- बेघरों को घर बनाने के लिए दिये जायेंगे दो लाख रुपये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की हुई बैठक में तीन सालों के अंदर झारखंड के गरीब लोगों के लिए अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख घर बनाने को स्वीकृति दे दी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना समेत कुल 29 प्रस्ताव पारित किये गये। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बैठक के फैसले की जानकारी दी।

कैबिनेट सचिव ने बताया कि अबुआ आवास योजना से वैसे बेघरों को घर मिलेगा, जिन्हें पीएम आवास, भीमराव अंबेडकर आवास सहित अन्य आवास योजनाओं से आवास देने की स्वीकृति नहीं मिली या वे वंचित रह गये। यह तीन कमरों का आवास होगा। करीब आठ लाख गरीबों को इस योजना का लाभ मिलेगा। 31 वर्ग फीट में यह आवास बनेगा और घर बनाने के लिये सहयोग राशि 2 लाख रुपये दिये जायेंगे। चालू वित्तीय वर्ष में 2 लाख मकान, फिर 3.50 लाख मकान और तीसरे वित्तीय वर्ष में 2.5 लाख मकान बनाये जायेंगे। गरीब, पीड़ित, दिव्याग परिवार को इसका लाभ मिलेगा। रैंकिंग के आधार पर प्रतीक्षा सूची तैयार होगी। ग्राम सभा के अनुमोदन से आवास मिलेगा।

**निजी बस संचालकों को रियायत :** झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के सफलता के लिए निजी बस ऑपरेटर को नये वाहनों के लिए रियायतें दी गयी है। अधिकतम सीट क्षमता भी 33 से बढ़ा कर 42 की गयी है। द्वितीय सहायता 7 से 7.30 रुपये प्रति किलोमीटर 25 से 32 सीट के लिए 14.5 प्रति किलोमीटर और 33 से 42 सीट तक के लिए 18 रुपए प्रति किलोमीटर अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जायेगी। मार्ग की दूरी अधिकतम लंबाई 70 किलोमीटर पहले थी, जिसे बदलकर 125 किलोमीटर किया गया है। (शेष पेज 11 पर)

#### पीएम आवास से भी बड़ा होगा अबुआ घर : सीएम



सीएम ने कैबिनेट के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अबुआ आवास योजना के तहत गरीबों को जो घर मिलेगा, वह पीएम आवास योजना से भी बड़ा होगा। इसमें किचन की सुविधा भी होगी। बैठक के बाद बाहर निकलने पर सीएम पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से राज्य के गरीबों और पिछड़े लोगों को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना पर सीएम ने प्रसन्नता जतायी। कहा कि इस योजना के तहत छात्रों, बुजुर्गों, विधवाओं, झारखंड आंदोलनकारियों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों को मुफ्त बस सेवा मिलेगी। राज्य सरकार गरीबों को रोटी, कपड़ा और अब मकान उपलब्ध कराकर उनके उत्थान के लिए काम कर रही है। (पेज 2 भी देखें)

### युद्ध के बीच तेलअवीव में नेतन्याहू से मिले बाइडेन, कहा

# गाजा हॉस्पिटल हमले में इजराइल नहीं, कोई और

**एजेंसी**

**तेल अवीव।** इजराइल-हमास युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन बुधवार इजरायल पहुंचे। बाइडन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि गाजा के अस्पताल पर हमला 'दूसरी टीम' ने अंजाम दिया है, इसमें इजराइल का हाथ नहीं है। मंगलवार देर रात अस्पताल पर हुए राकेट हमले में 500 से अधिक लोगों की मौत हो गयी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजराइल का फुल सपोर्ट किया है और कहा कि इस हमले में इजराइल का कोई हाथ नहीं है। दूसरी तरफ इजराइल डिफेंसे फोर्सेस ने वीडियो फुटेज और आतंकियों के ऑडियो क्लिप के साथ कुछ इंटेलीजेंस इनपुट भी सामने रखें जिससे यह साफ होता है कि हॉस्पिटल पर हमला किसी और ने नहीं बल्कि इस्लामिक जिहादी ग्रुप के मिसफायर रॉकेट का नतीजा है। बाइडन ने मीडिया से कहा, 'मैं चाहता हूं कि इजरायल के लोग, दुनिया के लोग जानें कि अमेरिका कहां खड़ा है। उन्होंने कहा, अस्पताल में हुए विस्फोट से वह बहुत दुखी और क्रोधित हैं। (शेष पेज 11 पर)

# पायलट की सूझबूझ से रांची में टला बड़ा हादसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### उड़ान भरने को तैयार इंडिगो की फ्लाइट में आयी तकनीकी खराबी

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बुधवार को पायलट की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। समय रहते विमान में आयी तकनीकी खराबी को पता चल गया। जिससे 150 यात्रियों की जान बच गयी। सुबह 8.30 बजे रांची से कोलकाता के लिए इंडिगो का विमान उड़ान भरने ही जा रहा था कि बीच रनवे पर ही इंजन में तकनीकी गड़बड़ी का पता चल गया। तत्काल पायलट ने विमान रोक कर खराबी की जानकारी प्रबंधन को दी।

**प्लेन से यात्रियों को उतारा गया :** सभी यात्री अपनी सीट पर बैठ चुके थे। एयरपोर्ट अथॉरिटी और रिपेयरिंग टीम फ्लाइट के पास पहुंची और जांच में जुट गयी। सभी यात्रियों को फ्लाइट से उतारा गया। इस संबंध में एयरपोर्ट निदेशक अनिल कुमार ने बताया कि इस फ्लाइट को रद्द कर दिया गया है। फ्लाइट की तकनीकी समस्या को दूर करने के लिए टीम को लगा दिया गया। यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गयी। कई यात्रियों ने टिकट वापस कर दिया। गौरतलब है कि यदि सही समय पर विमान का पायलट तकनीकी खराबी की जानकारी नहीं देता और उड़ान भर लेता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

# रघुवर दास बनाये गये ओड़िशा के राज्यपाल

### त्रिपुरा को भी मिला नया गवर्नर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**नयी दिल्ली, रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल बनाया गया है। वह गणेशी लाल की जगह लेंगे। बुधवार की रात राष्ट्रपति भवन से जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी।

राष्ट्रपति भवन जारी कम्यूनिक में कहा गया है कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दो राज्यपालों की नियुक्ति की है। इसमें बताया गया है कि रघुवर दास को ओड़िशा का



और इंद्र सेना रेड्डी नल्लू को त्रिपुरा का राज्यपाल नियुक्त किया जाता है। राष्ट्रपति भवन की विज्ञप्ति के अनुसार जिस दिन से ये लोग पदभार ग्रहण करेंगे, उसी दिन से इनकी नियुक्ति प्रभावी मानी जायेगी।

# कई इतिहास समेटे हुए है हापामुनी का महामाया मंदिर

### मां की शक्ति गाथा

- 11 सौ साल पहले हुई थी मंदिर की स्थापना
- खुली आंखों से देखने से चली जाती है रोशनी

**दीपक राम काजू**

**गुमला।** घाघरा प्रखंड में हापामुनी गांव में प्राचीन महामाया मां मंदिर अपने अंदर कई इतिहास समेटे हुए है। माना जाता है कि मंदिर की स्थापना आज से 11 सौ साल (विक्रम संवत 965 में) पहले हुआ था। महामाया मंदिर एक तांत्रिक पीठ है। जिस काल में महामाया मंदिर की स्थापना की गयी, वह काल बड़ा ही उथल पुथल का था। तंत्र मंत्र व भूत प्रेतात्माओं की शक्ति आदि के बारे में आज भी छोटानागपुर के लोग विश्वास करते हैं। उस जमाने में भूत प्रेत का वास होने के कारण यहां तांत्रिकों का जमावड़ा हुआ। पूजा पाठ किया जाने लगा। (शेष पेज 11 पर)

#### मां ने खत्म किया था भूतों का उपद्रव

हापामुनी मंदिर के इतिहास के संबंध में बताया जाता है कि 11 सौ साल पहले यहां एक मुनी आये थे। वे ज्यादा नहीं बोलते थे। मुंडा जाति के लोग उन्हें हप्पा मुनी कहते थे। मुंडा भाषा में हप्पा का अर्थ चुप रहना होता है। मुनी के नाम पर इस गांव का नाम हप्पामुनी पड़ा। कलातांर में नाम बदलकर हापामुनी गांव हो गया। कहा जाता है कि मांडर के दक्षिणी कोयल नदी में एक विशाल दह है, जिसे अभी बियार दह कहा जाता है। यहां हीरा व मोती मिलते हैं। हीरा व मोती प्राप्त करने के लोभ में हजारों लोग दह में डूब गये। गांव में यह बात फैल गयी कि दह में डूबकर मरे लोग अपने अपने गांव में भूत बनकर घूम रहे हैं। गांव से भूतों का उपद्रव समाप्त करने के लिए मां भगवती की प्रतिमा स्थापित की गयी थी।




#### खुली आंखों से मां के दर्शन नहीं करते

मंदिर के अंदर में महामाया की मूर्ति है, लेकिन मां मंजुषा को बक्सा में बंद करके रखा जाता है, क्योंकि महामाया मां को खुली आंखों से देख नहीं सकते हैं। ऐसे करने पर आंखों की रोशनी चली जाती है। चैत कृष्णपक्ष परेवा को जब डोल जतरा का महोत्सव होता है। तब मंजुषा को डोल चबूतरा पर निकालकर मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा खोलकर महामाया की पूजा की जाती है। पूजा के दौरान पुजारी आंख में काले रंग का पट्टी लगा लेता है। ऐसे मंदिर के बाहर में एक दूसरे महामाया मां की प्रतिमा स्थापित की गयी है। भक्तजन उसी में पूजा अर्चना करते हैं।

# भूमि विवाद में महिला को जलाया, स्थिति नाजुक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** माराफारी थाना क्षेत्र के बांसगोड़ा में जमीन विवाद को लेकर एक महिला को जिंदा जलाने का मामला सामने आया है। घटना बुधवार दोपहर की है। फिलहाल महिला को बोकारो जनरल अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पीड़िता के पुत्र मुजाब अली ने बताया कि करीब 15 से 20 की संख्या में महिला-पुरुषों ने उसके घर में जाकर तोड़फोड़ की। उसकी मां अमीषा परवीन उस समय घर पर नहीं थी। जैसे ही उसकी मां घर पहुंची, तो उन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बाद केरोसिन छिड़क उसे आग के हवाले कर दिया। मुजाब ने बताया कि जब उसने अपनी मां को आग की लपटों में घिरा देखा तो उसे बचाने की कोशिश की, जिसमें उसके हाथ भी झुलस गये। आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां बर्न यूनिट की कोई व्यवस्था नहीं होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उसे बोकारो जनरल अस्पताल रेफर कर दिया गया। (शेष पेज 11 पर)

बोकारो

अमर बाउरी के नेता प्रतिपक्ष चुने जाने के बाद लोकायुक्त की भी होगी नियुक्ति

# महत्वपूर्ण आयोग और संवैधानिक पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ

**पिछड़ा जाति आयोग के गठन होने के बाद ट्रिपल टेस्ट भी होगा**

**सूचना आयोग और मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पद पर होगी नियुक्ति**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में अब लोकायुक्त की नियुक्ति संभव हो सकेगी। भाजपा विधायक अमर बाउरी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा मिलने के बाद अब राज्य के महत्वपूर्ण आयोगों और संवैधानिक पदों पर नियुक्ति का रास्ता भी साफ हो गया है। बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं मिलने के कारण 3 साल 10 महीने से इन आयोगों के अध्यक्ष और सदस्यों के पद खाली पड़े हैं। अमर बाउरी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद अब राज्य सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त, पिछड़ा वर्ग आयोग जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियां होंगी और इन आयोगों के दफ्तरों में लंबित हजारों शिकायतों का निपटारा शुरू होगा।

गौरतलब है कि झारखंड राज्य सूचना आयोग के अध्यक्ष और पांच सदस्यों का पद मई 2020 से खाली है। इतने समय में आयोग में लंबित अपीलों की संख्या 15,030 पहुंच चुकी है। इनमें 7658 अपील वैसे हैं, जिनमें मई 2020 से पहले एक या दो बार सुनवाई हो चुकी है। जबकि 7372 फ्रेश अपील हैं। 230 शिकायतवाद भी आयोग में लंबित हैं। इनमें सुनवाई के लिए 71 और सूचना आयुक्त के अप्रूवल के लिए 159 शिकायतवाद शामिल हैं। नये सूचना आयुक्त के आने के बाद इन अपीलों को अप्रूवल मिलेगा।

### जनवरी 2023 से पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का पद खाली

झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का पद जनवरी 2023 से खाली है। जस्टिस लोकनाथ प्रसाद के निधन के बाद से यह पद खाली है। आयोग के सदस्यों के भी पद खाली हैं। पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष नहीं होने की वजह से झारखंड के नगर निकाय चुनावों को लेकर होने वाला ट्रिपल टेस्ट का मामला फंसा हुआ है। कैबिनेट ने ट्रिपल टेस्ट पिछड़ा आयोग से कराने की मंजूरी दी थी। लेकिन अबतक आयोग का गठन नहीं हुआ है।

### जून 2021 से लोकायुक्त का पद है खाली

**झारखंड लोकायुक्त कार्यालय को अभी तक लगभग आठ हजार लोकसेवकों की शिकायतें मिलीं**

झारखंड में लोकायुक्त का पद करीब ढाई साल से खाली है। 29 जून 2021 को झारखंड के लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय के निधन के बाद से यह पद खाली पड़ा है। लोकायुक्त नहीं होने के कारण कार्यालय में रिम्स डेंटल कॉलेज में डेंटल चेयर खरीद में भ्रष्टाचार सहित हजारों मामले कई वर्षों से लंबित पड़े हुए हैं। झारखंड लोकायुक्त कार्यालय को अभी तक आठ हजार के करीब लोकसेवकों की शिकायतें मिली हैं। अब झारखंड राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पद पर भी जल्द ही नियुक्ति शुरू होगी। राज्य में 2018 से मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का पद खाली है। झारखंड के मानवाधिकार आयोग में एक अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति होगी। जून 2023 में इसे लेकर विज्ञापन निकाला गया था। मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष नहीं होने के कारण कई सैकड़ों शिकायतें लंबित पड़ी हैं।

गृह विहीन लोगों को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए अबुआ आवास योजना

# गरीबों को रोटी और कपड़ा के बाद अब आवास भी उपलब्ध होगा : हेमंत सोरेन

**विभिन्न चरणों में आठ लाख पक्का घर निर्माण का रखा गया लक्ष्य**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्र सरकार द्वारा राज्य के गरीबों को दिये जाने वाले आठ लाख से अधिक आवास की स्वीकृति नहीं मिलने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। योजना के तहत आवास विहीन गरीब लोगों के लिए आठ लाख पक्का आवास निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है। इसके तहत प्रथम चरण वित्त वर्ष 2023-24 में 2 लाख, 2024-25 में 3 लाख 50 हजार एवं 2025-26 में 2 लाख 50 हजार पक्का आवास का निर्माण किया जायेगा। 16 हजार 320 करोड़ रुपए की लागत से तीन चरणों में आवास का निर्माण होगा।

### तीन कमरों वाला होगा अबुआ आवास



अबुआ आवास योजना के अंतर्गत तीन कमरों का पक्का मकान एवं रसोई घर बनाया जायेगा। जिसका क्षेत्रफल 31 वर्गमीटर होगा। योजना अंतर्गत तीन कमरों सहित स्वच्छ रसोई घर का प्रावधान किया गया है। योग्य लाभुकों के लिए योजना के तहत आवास निर्माण के लिए सहयोग राशि बढ़ाकर दो लाख रुपए करने का प्रावधान हुआ है। साथ ही, लाभार्थी को मनरेगा अंतर्गत अपने आवास के निर्माण के लिए वर्तमान मजदूरी, समय समय पर संशोधित दर पर अधिकतम 95 अकुशल मानव दिवस के समतुल्य आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण के लिये प्राप्त होगा।

### इनको मिलेगा अबुआ आवास योजना का लाभ

योजना का लाभ कच्चे घरों में रहने वाले परिवार, आवासविहीन एवं निराश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के परिवार, प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार कानूनी तौर पर रिहा किये गये बंधुआ मजदूर एवं वैसे परिवार, जिन्हें राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण- बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना, बिरसा आवास योजना, इंदिरा आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो, उन्हें मिलेगा।

## खबर एक नजर में

### अमर बाउरी का गर्मजोशी से स्वागत

**रांची।** छत्तीसगढ़ से रांची पहुंचने पर भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्री बाउरी को जुलूस की शक्ल में पार्टी मुख्यालय तक ले कर आये। यहां पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद श्री बाउरी ने नवरात्र कलश स्थापना स्थान पर माथा टेका। उनके स्वागत में महिला मोर्चा की सदस्यों ने रंगोली बनायी थी। इसके पूर्व गाजे-बाजे के साथ कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

### स्वास्थ्य मंत्री से मिले इंद्रजीत सिंह



रांची। डेंटल काउंसिल ऑफ झारखंड के जांच की मांग को लेकर झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस (आउटरीच) के प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी कि डेंटल काउंसिल ऑफ झारखंड को अवैध तरीके से संचालित किया जा रहा है। बिना चुनाव के ही आपसी मिलीभगत से सभी पदों पर कुछ विशेष लोगों को रखा गया है। उन्होंने इसकी जांच की मांग की।

**रजिस्ट्रेशन के नाम पर लिया जा रहा है ज्यादा पैसा** : इंद्रजीत सिंह ने आरोप लगाया कि डेंटल काउंसिल आफ इंडिया में धनबाद के डॉ विवेक सिंह मेंबर हैं, ये सभी लोग आपस में मिलकर दोबारा इस पद पर बने हुए हैं। डेंटिस्ट के रजिस्ट्रेशन के नाम पर हर साल चार हजार की जगह 25 से 30 हजार प्रति रजिस्ट्रेशन लिया जा रहा है।

### अवैध तरीके से शराब बेचने के जुर्म में चार वर्ष कैद

**रांची।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्ण कान्त मिश्र की अदालत ने अवैध तरीके से विदेशी शराब का कारोबार करने के मामले में अभियुक्त विष्णु तिर्की को दोषी पाकर 4 साल का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत में उस पर 25,000 का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त एक साल की साधारण कारावास काटनी होगी। अभियुक्त को उत्पाद विभाग ने 9 नवंबर 2019 को गिरफ्तार किया था। मधुकम निवासी विष्णु तिर्की की घर की तलाशी के क्रम में अभियुक्त के उक्त परिसर से ओसी ब्लू 17 .28 लीटर, इम्प्रीयल ब्लू 17 .28 लीटर एवं किंग गोल्ड 18 लीटर कुल 51.56 लीटर विदेशी शराब एवं 900 पीस कैंप बरामद किया गया था।

### पर्सनल एफिडेविट दायर करें एसएसपी : कोर्ट

**हाइकोर्ट ने रांची पुलिस की कार्यशैली पर जतायी नाराजगी**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए रांची एसएसपी को व्यक्तिगत रूप से हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। दरअसल हाईकोर्ट में एडवोकेट कलर्क सुबोध कुमार ने एक याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि 29 सितंबर को उसके साथ लूटपाट की घटना हुई थी। घटना के बाद उसने धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया, लेकिन पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। प्राथमिकी दर्ज ना होने पर सुबोध कुमार ने एसएसपी को भी मामले की जानकारी दी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद सुबोध ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर रांची पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की गुहार लगायी थी। इस मामले में हाईकोर्ट 7 नवंबर को सुनवाई करेगा।

### झारखंड में मिले डेंगू के 31 मरीज



**रांची।** राज्य में बुधवार को डेंगू के 31 नए मरीज मिले हैं। इनमें पूर्वी सिंहभूम में सबसे ज्यादा 15, रांची में 13, हजारीबाग, चतरा और पाकुड़ में 1-1 डेंगू के मरीज मिले हैं। जांच के बाद 31 में मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं चिकनगुनिया के भी 25 नए मरीज मिले हैं। इनमें रांची में 24, जबकि लोहरदगा में चिकनगुनिया का एक मरीज मिला है।

### गैर असैनिक सेवा से चार अधिकारी बनेंगे आइएएस, इंटरव्यू के लिए जारी होगी तारीख

**रांची।** गैर असैनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रमोशन देने पर लगभग सहमति बन गई है। इसे लेकर सीएस की अध्यक्षता में मीटिंग भी हो गयी है। मुख्य सचिव की सहमति के बाद आगे की कार्रवाई शुरू हो जायेगी। वर्ष 2021 की रिक्तियों में चार अधिकारियों को आइएएस बनना है। इसके लिए कुछ माह पहले ही कार्मिक विभाग ने विभागों को पत्र लिख कर योग्य अधिकारियों- इंजीनियरों व अन्य सेवा से नामों की अनुशंसा मांगी थी। जानकारी के अनुसार योजना सेवा, इंजीनियरिंग सेवा, स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य सेवा में से 16 अफसरों के नाम पर विचार करने की सहमति बनी है। स्क्रूटनी में इनके नाम आइएएस सेवा देने के लिए योग्य पाये गये थे। अब मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होनेवाली बैठक में इनके नामों पर विचार होगा और इसकी अनुशंसा यूपीएससी से की जायेगी। यूपीएससी साक्षात्कार के लिए तिथि जारी करेगा। जल्द ही सारी प्रक्रिया पूरी करके इनमें से चार अधिकारियों को आइएएस सेवा देने पर अपनी सहमति देगा। इसके बाद कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार अधिसूचना जारी करेगा।

## दो पावर प्लांट अलग-अलग वजहों से ठप, तीसरे प्लांट में कोयले की कमी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बिजली का संकट गहराता जा रहा है। राज्य में स्थित दो पावर प्लांट अलग-अलग वजहों से ठप हैं, जबकि एक अन्य पावर प्लांट में जरूरत के मुताबिक कोयले न होने से उत्पादन प्रभावित हो गया है। इससे राज्य को पिछले दो दिनों से चार से पांच सौ मेगावाट बिजली कम मिल रही है। राज्य के नॉर्थ कर्णपुरा में एनटीपीसी का पावर प्लांट तकनीकी गड़बड़ी से दूसरे दिन बुधवार को भी ठप रहा। बताया जा रहा है कि इसके बॉयलर में लीकेज की समस्या आ गई है, जिसे ठीक करने में दो-तीन दिनों का वक्त लग सकता है। वहीं बोकारो थर्मल स्थित दामोदर वैली कॉरपोरेशन के पावर प्लांट से रविवार को उत्पादन बंद हो गया था। इससे हजारीबाग, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, चतरा, गिरिडीह और कोडरमा में बिजली कटौती की जा रही है। तेनुघाट स्थित राज्य सरकार का पावर प्लांट टीवीएनएल कोयले की कमी की समस्या से जूझ रहा है और यहां कभी भी उत्पादन ठप हो सकता है। प्लांट के पास मात्र एक दिन का कोयला स्टॉक बचा है।

# झारखंड के 23 आइपीएस का तबादला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड के 23 भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। कुमार गौरव को रांची का ट्रैफिक एसपी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा 10 ऐसे अधिकारी थे जिनको डीएसपी से एसपी रैंक में प्रोन्नति मिली थी, लेकिन उन्हें एसपी रैंक के पद पर कहीं प्रतिस्थापित नहीं किया गया था। इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार की देर शाम जारी कर दी गयी है।

**कौन कहां पदस्थापित हुए :** पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत चंदन कुमार झा को झारखंड सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पद्मा हजारीबाग में एसपी रैंक में पदस्थापित किया गया है। उसी तरह पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अनुरंजन किस्पोट्टा को एसपी सीआईडी, अंजनी कुमार झा को एसीबी एसपी, अंबर लकड़ा को जैप 3 कमांडेंट गोविंदपुर, आनंद प्रकाश को वायरलेस एसपी रांची, के प्रभात कुमार को जैप 6 कमांडेंट जमशेदपुर, एहतेशाम वकारिब को एसीबी एसपी रांची, आर रामकुमार को एससीआरबी एसपी रांची, अमित रेनू को एसपी नक्सल झारखंड, मुकेश कुमार लुनायत को जमशेदपुर सिटी एसपी, मनोज स्वर्गीयारी को रेल एसपी धनबाद तथा शुभांशु जैन को स्पेशल ब्रांच एसपी रांची के पद पर पदस्थापित किया गया।

वहीं नवनियुक्त आईपीएस सरोजिनी लकड़ा को जैप 2 कमांडेंट टाटीसिलवे रांची के पद पर पदस्थापित किया गया। नवनियुक्त आईपीएस एलमेड़ा एक्का को एसआईआरबी 2 कमांडेंट खूंटी, आईपीएस सादिक अनवर रिजवी को एसीबी एसपी रांची, अरविंद कुमार सिंह को जैप 5 कमांडेंट देवघर, आईपीएस विकास कुमार पांडेय को अधीक्षक सह उपनिदेशक झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग, आईपीएस विजय आशीष कुजूर को सीटीसी एसपी मुसाबनी, आईपीएस अजय कुमार सिन्हा को सीआइडी एसपी, सहदेव साव को एसीबी एसपी रांची, आईपीएस अमित कुमार सिंह को एसपी होमगॉर्ड रांची तथा आईपीएस मुकेश कुमार को एसआईएसएफ कमांडेंट बोकारो के पद पर पदस्थापित किया गया है।

सीएम से मिला लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोमगढ़ का प्रतिनिधिमंडल

## लुगु पहाड़ पर प्रस्तावित हाइडल स्टोरेज प्रोजेक्ट को निरस्त करने की रखी मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गढ़ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन के माध्यम से आदिवासी संथालियों के धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ पर दामोदर घाटी निगम लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित लुगु पहाड़ हाइडल स्टोरेज प्रोजेक्ट को निरस्त कराने के संबंध में अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री को बताया कि लुगू पहाड़ आदिवासी संथाली समुदाय का ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। यह विश्व स्तरीय धार्मिक आस्था का प्रतीक भी है। यहां आदिवासियों का पवित्र महाधर्म स्थल का केन्द्र लुगू बाबा गुफा है, जो लुगू बुरु घाण्टा बाड़ी धोरोम गढ़ के नाम से पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रस्तावित लुगु पहाड़ हाइडल स्टोरेज प्रोजेक्ट को रद्द किए जाने के संबंध में पहल करते हुए उचित निर्णय ले।



**जन भावना के अनुरूप निर्णय लेगी राज्य सरकार** : मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आदिवासी संथालियों के धार्मिक धरोहर लुगू पहाड़ को बचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है। लुगू पहाड़ हाइडल स्टोरेज प्रोजेक्ट के संबंध में राज्य सरकार विधिसम्मत कार्रवाई कर जन भावना के अनुरूप निर्णय लेगी।

इस अवसर पर मंत्री दर्जा प्राप्त एवं सदस्य राज्य समन्वय समिति योगेंद्र प्रसाद, लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गढ़ के अध्यक्ष बबुली सोरेन सहित जयराम हांसदा, मिथिलेश किस्कू, दिनेश मुर्मू, लुदु मांझी, हीरालाल टुडू, सुखराम हांसदा, दुर्गा चरण मुर्मू, शंकर सोरेन, पंचानन सोरेन, बिंदे सोरेन, बूढ़ेश्वर किस्कू, बबलू हेम्ब्रम, प्रेम टुडू सहित अन्य उपस्थित थे।

### 23 अक्टूबर तक राज्य में छाये रहेंगे बादल

**रांची।** 23 अक्टूबर तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। इससे आनेवाले एक दो दिनों के दौरान अलग अलग हिस्सों में छिटपुट बारिश होने की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो इस दौरान अधिक बारिश नहीं होगी। ऐसे में लोग दुर्गा पूजा में घूमने का आनंद ले सकते हैं। जिसमें किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। वहीं आंशिक बादल छाये रहने से कुछ हिस्सों में धूप में कमी भी महसूस की जा सकती है। जिससे लोगों को दोपहर में भी हल्की ठंड का एहसास हो सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो नवंबर के अंत से लोगों को अधिक ठंड का एहसास होगा। राजधानी रांची की बात करें तो यहां 25 अक्टूबर तक बादल छाये रहने की संभावना है। विभाग की मानें तो राज्य के उत्तरी हिस्से में आनेवाले एक दो दिनों में बारिश और थंडरिंग की संभावना है।

# एक लाभुक को दो राज्यों में नहीं मिलेगा सरकारी राशन

**विभाग के रडार पर हैं 2.05 लाख डुप्लीकेट कार्डधारी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कई परिवार ऐसे हैं जो रह रहे हैं झारखंड में, लेकिन दूसरे राज्य का भी राशन कार्ड बनवा लिया है और वहां से भी राशन का उठाव कर रहे हैं। ऐसे परिवारों के खिलाफ झारखंड सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। विभाग को यह सूचना मिली है कि राज्य में ऐसे भी लोग हैं, जिनका नाम झारखंड के अलावा दूसरे राज्य के राशन कार्ड में जुड़ा हुआ है और दो राज्यों से राशन ले रहे हैं। खाद्यापूर्ति विभाग की ओर से राज्य में 2,05189 वैसे कार्ड चिन्हित किये गये हैं, जो डुप्लीकेट हैं। इन्हें हटाने की कार्रवाई चल रही है। अब तक 74324 राशन कार्ड कैंसिल भी कर दिये गये हैं। सिर्फ राजधानी रांची में वर्तमान में 17,930 लोगों का नाम राशन कार्ड से हटाने की तैयारी है।

**3621 के नाम डिलीट** : राजधानी में 21 सितंबर 2023 से लेकर 13 अक्टूबर 2023 के बीच दो राज्य में राशन कार्ड बनाने वाले 21551 लोग चिह्नित हुए हैं। इनमें से 3621 लोगों का नाम राशन कार्ड से डिलीट भी कर दिया गया है।

**अयोग्य कार्डधारी को चेतावनी** : अयोग्य कार्डधारी के खिलाफ जिला प्रशासन की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अयोग्य कार्डधारकों से कहा गया है कि स्वेच्छा से कार्ड सरेंडर करें, ऐसा नहीं करने पर जांच में अपात्र पाए जाते हैं तो जब से राशन का उठाव कर रहे हैं उसकी राशि बाजार दर से ब्याज सहित वसूली जाएगी। साथ ही कानूनी कार्रवाई भी होगी।

**नए लोगों का जोड़ा जाएगा नाम** : दो राज्यों में राशन कार्ड बनाकर अनाज का उठाव करने वाले लोगों का नाम हटाने से नए लाभुकों का नाम जोड़ा जा सकेगा। वर्तमान में गुलाबी और पीला कार्ड यानी अंत्योदय कार्ड बनाने की प्रक्रिया खत्म हो गई है। राज्य सरकार की ओर से दिए जाने वाला हरा राशन कार्ड बनाया जा रहा है।

सीएमपीडीआइ रांची स्थित अर्थ साइंस म्यूजियम में ज्ञान और रुचि का एक छिपा हुआ खजाना

# सीएमपीडीआइ भू-विज्ञान संग्रहालय में सौर मंडल के रहस्य और वर्चुअल रियलिटी म्यूजियम का लें आनंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची स्थित सीएमपीडीआई मुख्यालय के भूतल पर स्थित अर्थ साइंस म्यूजियम में ज्ञान और रूचि का एक छिपा हुआ खजाना है। यह भू-विज्ञान संग्रहालय वास्तव में अपनी सामग्री और प्रदर्शन में आकर्षक है और ज्ञान के सभी साधकों के लिए रूचि का स्त्रोत है। इसमें ब्रम्हांड की रचना से लेकर कोल फील्ड माइनिंग का संपूर्ण संग्रह को डिजिटल माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। यह हमारी पृथ्वी की कई पहलुओं, धन, संसाधनों और समृद्धि को दर्शाता है। भू-विज्ञान संग्रहालय वास्तव में अपनी सामग्री और प्रदर्शन में आकर्षक है और ज्ञान के सभी साधकों के लिए रूचि का स्त्रोत है। संग्रहालय का मूल डिजाइन एक इन-हाउस आर्किटेक्ट के द्वारा तैयार किया गया था।



### डिजिटल प्लेटफार्म में किया गया परिवर्तित

डॉ. तारिक सज्जाद महाप्रबंधक के कुशल नेतृत्व में माइनिंग इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के द्वारा सीएमपीडीआई के इस म्यूजियम को डिजिटल प्लेटफार्म में परिवर्तित किया गया है। इसमें अब कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम के साथ मल्टी टच स्क्रीन डिस्प्ले/कियोस्क, एआर/वीआर अप्लीकेशन, होलोग्राफिक प्रोजेक्शन आदि जैसी अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक को उपयोग करके ऑडियो विजुअल मल्टीमीडिया सिस्टम शुरू करके डिजिटल प्लैटफार्म पर भी लाया गया है। इस प्रकार, भूविज्ञान संग्रहालय सूचना, अभिरूचि और शिक्षा की खान है।

### 1991 में शुरू हुआ था भूविज्ञान संग्रहालय, 1400 करोड़ साल पहले बने ब्रह्मांड का है चित्रण

भूविज्ञान संग्रहालय का उद्घाटन जुलाई 1991 में किया गया था और यह 1400 करोड़ साल पहले ब्रम्हांड की रचना के साथ शुरू होता है। इसमें लगभग 450 करोड़ साल पहले के सौर मंडल और हमारे ग्रह पृथ्वी का निर्माण भी शामिल है। इस संग्रहालय में ये और कई अन्य मॉडल और डायोरमास एनिमेटेड हैं और आगंतुकों के लिए रूचिकर बनाते है। इसमें ज्वालामुखियों, महासागर, पृथ्वी पर जीवन के आगमन और इसके विकास की कहानियों को बताया गया है। कई दुर्लभ और वास्तविक नमूने जैसे शंख, जीवाश्म, डायनासोर की हड्डियों, भूवैज्ञानिक खजाने, विभिन्न प्रकार के क्रिस्टल और रत्न शामिल हैं, जिसे यहां प्रदर्शित किया गया है। जलीय क्रिया के कारण चूना पत्थर प्रदेशों में निर्मित भू-



आकृतियां जो कार्स्ट लैंडफार्म है, को भी दर्शाया गया है। इसमें स्टैलेक्टाइट एवं स्टैलेग्माइट भी शामिल हैं। इस संग्रहालय में पेड़ों के पेट्रीफाइड (पाषाणकृत) तना के नमूने भी संग्रहित हैं। मनुष्य का विकास और गुफाओं में आदमी कैसे रहते थे, को मॉडल के माध्यम से दर्शाया गया है। पृथ्वी का क्रॉस-सैक्शन, समुद्र की सतह से पेट्रोलियम का निष्कर्षण और इसके शोधन जैसे भूवैज्ञानिक अभिरूचि वाली वस्तुओं को दिखाया गया है। एक दिलचस्प मॉडल चंद्रमा पर लूनर मॉड्यूल की लैंडिंग को भी दर्शाया गया है।

### कोयला खनन तकनीक गुण को किया प्रदर्शित

समान्य प्रदर्शन के बाद एक विशिष्ट गैलरी है जो कोयला खनन से संबंधित प्रदर्शनों के लिए समर्पित है। कोयले के नमूने उनका तकनीक गुण और ग्रेड के साथ दिखाया गया है। एक बड़ा मॉडल एक विशिष्ट भूमिगत कोयला खदान और इससे संबंधित गतिविधियों की जानकारी देता है। यंत्रीकृत खुली खदान खान और सीबीएम के उपयोग तथा इसे निकालने का वर्किंग मॉडल है जो घरेलु तकनीशियन द्वारा तैयार किए गए हैं। जिसमें वास्तव में चलने वाली सभी मशीनों और वाहनों को दशार्या गया है। अंत में, ऐतिहासिक लौह-कैप्सूल है जिसका उपयोग 1989 में महावीर कोलियरी दुर्घटना में फंसे खनिकों के जीवन को बचाने के लिए किया गया था।

# मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा डीसी ऑफिस पहुंचकर हुआ संपन्न, जगह-जगह स्वागत

## पदयात्रियों ने डीसी को दिया सात सूत्री मांग पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा के चौथे दिन सुन्दरनगर से निकल कर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष पहुंच कर प्रदर्शन किया, सात सूत्री मांगो को लेकर चार दिवसीय मानकी-मुंडा अधिकार पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सह मानकी रोशन पुरती के अगुवाई में किया जा रहा है। मानकी-मुंडा अधिकार पदयात्रा 15 अक्टूबर से बहरागोड़ा से शुभारंभ हुई और 18 अक्टूबर को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सामप्त हुई, इस पदयात्रा में लगभग पांच हजार लोग शांति पूर्वक शामिल शामिल हुए।



जमशेदपुर के साकची से गुजरता पदयात्रियों का जुलूस।


डीसी को मांग पत्र सौंपते पदयात्री।

**डीसी ने पदयात्रियों से लिया मांग पत्र, ध्यान से सुनी बातें**

डीसी मंजू नाथ भजंत्री से मिल कर मांग पत्र सौंपा उन्होंने मानकी मुंडा की मांगो को गंभीरता से सुना और मानकी मुंडा को मिलने वाली सम्मान राशि और मोटरसाईकिल देने की प्रक्रिया को अपने स्तर से देखेंगे और जल्द ही इस पर निर्णय लेंगे। और जो राज्य सरकार के द्वारा दिए जाने वाले नीतिगत फैसले को माननीय मुख्यमंत्रीं को भेजेंगे। मानकी मुंडा संघ के जिलाध्यक्ष रोशन पुरती ने कहा कि हमारी मांगो को यदि सरकार और जिला प्रशासन नहीं मानती है तो आने वाले दिनों में चरण वाद तरीके से आंदोलन होगा,और आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में जिताने का काम करेगी।

**प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोग :** मानकी-मुंडा संघ के अध्यक्ष भूषण पूर्वी सिंहभूम के अध्यक्ष रोशन पूर्ति के अगुवाई में कृष्णा चन्द्र समड, डेमका सोय,असीत सिंह सरदार, सुरा बिरूली, इन्द्रजीत मुंडा, प्रो सोमनाथ पाड़ेया, कृष्णा लोहार, गुहीराम मुंडा, संजय बेहरा, शंकर गगराई, संपूर्ण सवैया, इन्द्र हेम्ब्रम, मोटाय कुदादा, अशीष मुंडा, रूद्र मुंडा, लखीन्द्र नाथ मुंडा, लैबंगा बन्डरा, पलटन पूर्ति, सुधीर हेम्ब्रम, अमर तापे, हेम्ब्रम, बिमल राम मुंडा, शरतचंद्र मुंडा, देवदास मुंडा, कवि राज सुन्डी, सादो बान्डरा, मुंडा,सुरा पूर्ति, राम पूर्ति, दुर्गा प्रसाद सिंह, दिगा मुंडा, मंगल मुंडा, अजीत मुंडा, असीत सिंह सरदार, सत्य ऋषि समद, शिव कुमार सिंह, मनिक सरदार, खोखोन मुंडा, शांति सिंह, रूद्र नारायण सिंह, सदन गागराई, इंद्रजीत मुंडा, डीगम मुंडा, माणिक सरदार, पोल्टू सरदार, दुर्गा सिंह, डिगाम मुंडा, कोकण मुंडा, सुनील सिंह, देवदास मुंडा, रतिकांत मुंडा, समय सिंह आदि शामिल थे।

**मानकी - मुंडा की सात सूत्री मांगें -**

1) पूर्वी सिंहभूम के मानकी -मुंडा, डाकुवा, घटवाल, सरदार, नाईक,दिउरी/पाहन/ लाया आदि को सम्मान राशि अविलम्ब दिया जाए
2) हो, मुण्डारी, कुड़ुख,संथाली भाषा को झारखण्ड का प्रथम राजभाषा का दर्जा दिया जाए
3) भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हो, मुण्डारी, भूमिज, कुड़ुख भाषा को शामिल किया जाए
4) कोल्हान विवि में व महाविद्यालय में जनजातीय विषयों (हो, मुण्डारी, भूमिज, कुड़ुख, संथाली) के शिक्षकों के रिक्त पदों को अविलम्ब नियुक्त किया जाए
5)हो, मुण्डारी, भूमिज, कुड़ुख,संथाली भाषा एकेडमी गठित हो
6)केंद्र सरकार वन संरक्षण अधिनियम 2023 को रद्द करें
7)राज्य सरकार पेसा कानून अधिनियम 1996 एवं आदिवासी सलाहकार परिषद उपविधि अविलम्ब बनाया जाए

**पदयात्रियों का विभिन्न स्थानों पर हुआ स्वागत**

सुंदरनगर चौक में जोहर ट्रस्ट के अध्यक्ष पिंटू चकीया के नेतृत्व में स्वागत किया। करनडीह चौक में पूर्व जिला परिषद राज कुमार सिंह , जमशेदपुर प्रखंड उप प्रमुख शिव कुमार हांसदा ने आंदोलनकारियों को माला पहना कर स्वागत किया। साकची बिरसा मुंडा चौक जिला पार्षद कुसुम पुरती, परितोष सिंह और युवा महासभा के गोमिया सुंडी, रवि सवैया, उपेंद्र बानरा झारखण्ड जनतान्त्रिक महासभा की टीम आदि ने स्वागत किया।

स्पीड न्यूज

## विहंगम योग रक्तदान शिविर 28 अक्टूबर को



जमशेदपुर। संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर विश्वव्यापी रक्तदान शिविर का आयोजन 28 अक्टूबर को विहंगम योग संत समाज द्वारा एक साथ–एक दिन–एक समय, देश-विदेश सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक स्थानों पर किया जा रहा है। प्रतिवर्षानुसार आयोजित इस शिविर में स्थानीय स्तर पर भी विहंगम योग टाटा आश्रम, 8 जुबली रोड, बिस्टुपुर में प्रातः 9 बजे से संध्या 5 बजे तक रक्तदान–महादान का आयोजन किया जाएगा। आश्रम पर हुए बैठक में झारखण्ड संत समाज के प्रमुख परामर्शक कन्हैया लाल अग्रवाल एवम नगीना सिंह, युवा संत समाज के कोल्हान प्रमुख नीरज मिश्रा, कार्यालय प्रमुख कुबेर शर्मा, जिला के संयोजक उमेश यादव, संभु पंडित, समन्वयक रामबिनोद गुप्ता, राजन शर्मा, श्याम जी, रानी सिंह सहित अन्य भाई बहनों के मध्य रक्तदान की जानकारी साझा करते हुए नीरज मिश्रा नें बताया कि शिविर में रक्तदाताओं के लिए उचित जलपान, सर्टिफिकेट एवम उपहार की व्यवस्था भी की गई है। रेड क्रॉस सोसायटी एवम ब्लड बैंक के सहयोग से इस कार्यक्रम को किया जा रहा है।

## एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस में मना ग्रेंडपैरेंटस् डे



**जमशेदपुर।** एसडीएसएम स्कूल फर एक्सीलेंस विद्यालय के प्रेक्षागृह में कक्षा नर्सरी से पंचम तक के विद्यार्थियों के दादा-दादी, नाना-नानी के सम्मान में ग्रैंड-पैरेंटस् डे का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्या मौसमी दास, उप-प्राचार्या तथा सभी विषय संयोजको के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सर्वप्रथम बच्चों ने स्वागत में आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात संगीत, नृत्य एवं कविता की प्रस्तुति ने सभी को आंनद विभोर कर दिया। अंत में विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया, साथ ही साथ सभी को प्रेम स्वरूप भेंट भी प्रदान किया गया। प्राचार्या मौसमी दास ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि हम दादा-दादी व नाना-नानी के प्रति सदैव सम्मान बनाए रखे और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते रहें। इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 350 से अधिक वयोवृद्ध अभिभावकों की उपस्थिति रही। इस प्रकार सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## साधु से मारपीट मामले में दो बरी

**जमशेदपुर।** जिला के प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी सौदामणि सिंह की अदालत ने साक्ष्याभाव में साधु रामप्रवेश गिरि से मारपीट कर छिनतई करने तथा अपहरण का प्रयास करने मामले में दो आरोपियों को बरी कर दिया है।

## शंकरदा गांव में यूसील के सहयोग से रेडक्रॉस का शिविर संपन्न



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी द्वारा युरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पोटका के शंकरदा पंचायत मंडप में हुआ। शिविर में डॉ जया मोइत्रा तथा नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह ने अपनी सेवाएं दी। इन दौरान 52 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी तथा जरुरत के अनुसार दवा दी गयी, 12 लोगों को चश्मा प्रदान किया गया, साथ ही 4 को मोतियाबिन्द ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण के लिए चिन्हित किया गया। इनका ऑपरेशन 28 अक्टूबर से राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित नेत्र शिविर में सम्पन्न होगा।

# तख्त श्री हरमंदिर साहिब में नतमस्तक हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू


तख्त श्री में सिर झुकातीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।


राष्ट्रपति को स्मृति चिह्न प्रदान करते सरदार इंद्रजीत सिंह।

## मांगी देश के लिए सुख समृद्धि और तरक्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/पटना।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब पहुंची और नतमस्तक हुईं। यहां वे तकरीबन 45 मिनट तक रहीं। केसरी रुमाल से उन्होंने अपना सर ढक रखा था और वही आम श्रद्धालुओं की तरह दरबार साहब में माथा टेका और देश और देशवासियों के लिए सुख समृद्धि और तरक्की की अरदास की। यहां उन्होंने ज्ञानी कविंद्र सिंह के जत्थे के शब्द गायन और कीर्तन को बड़े ही श्रद्धा एवं भावनामय होकर सुना और अंतरलीन रहीं।

यहां तख्त श्री प्रबंधन कमेटी की ओर से महासचिव इंद्रजीत सिंह एवं अन्य ने उनकी अगवानी की और उन्हें गुरु दरबार में ले गए और गुरु गोविंद सिंह से जुड़े ऐतिहासिक स्थल की जानकारी दी, जिसे उन्होंने ध्यान से सुना और अपनी जिज्ञासाएं भी शांत की। इंद्रजीत सिंह ने उन्हें इस मौके पर तख्त की ओर से तख्त का प्रतीक मॉडल एवं सिरोपा भेंट किया। श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400 वें प्रकाश पर्व को समर्पित जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटरनेशनल वेबीनार की याद दिलाई और सिख इतिहास पर उनकी अच्छी जानकारी के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया।

## परसुडीह में विधायक की उपस्थिति में सफाई अभियान की हुई शुरुआत



**जमशेदपुर।** दुर्गा पूजा को देखते हुए बुधवार को जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत परसुडीह मुख्य सड़क मखदमपुर फाटक के समीप, विद्यासागर पाली एवं हलुदबनी राव कॉलोनी में जेसीबी के माध्यम से सफाई अभियान विधायक मंगल कालिंदी की उपस्थिति में शुरू करवाया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक मंगल कालिंदी, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा और सेवा ही लक्ष्य संस्था के संस्थापक मानिक मल्लिक का माला पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि क्षेत्र की छोटी से छोटी समस्या हो या बड़ी से बड़ी समस्या सभी का समाधान करने का प्रयास लगातार करते आ रहे हैं आगे भी करते रहेंगे। मखदमपुर फाटक के समीप दुर्गा पूजा के बाद पार्क निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा और जल्द ही शहीद खुदीराम बोस जी के नाम पर यहां पार्क बनकर तैयार होगा। मौके पर मनोहर हुसैन, अरूणा एक्का, मनोज यादव, चिट्टू, संजय सिंह, निमाई, गोविंद स्वर्णकार आशीष ठाकुर, मिलन मजूमदार, नवीन प्रसाद, महेश राव, बिल्टू सरकार, सोमनाथ मंडल, दिलशाद, चिडडा, आदि उपस्थित थे।

**खबर एक नजर में**

## श्रीनाथ पब्लिक स्कूल के छात्र पहुंचे वृद्धा आश्रम



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल के ग्यारवीं- बारवीं के छात्र-छात्राओं के द्वारा साकची वाराद्वारी स्थित वृद्धा आश्रम का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। विद्यालय की सीनियर को ऑर्डिनेटर रश्मि कुमारी के नेतृत्व में छात्रों एवं शिक्षकों का समूह वृद्धाश्रम में विभिन्न तरह की गतिविधियों को जानने एवं वृद्धजनों से भेट करने के उद्देश्य से पहुंचे। आश्रम में वृद्ध जनों से मिल कर उनसे बातचीत कर छात्रों का मन भर आया। छात्रों ने अपने साथ लाए उपहार स्वरूप फल, सत्तू, चाय पत्ती, चीनी, सोयाबीन इत्यादि सामग्री उन्हें सौंपा, साथ ही उनके साथ भोजन भी किया। वृद्ध जनों ने छात्रों को आशीर्वाद दिया। बच्चे भाव विभोर होकर उनसे गले लगे। रश्मि ने इस भ्रमण का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि छात्रों में वृद्ध जनों के प्रति आदर सत्कार एवं सम्मान बना रहे भविष्य में वे कहीं भी रहे अपने से बड़ों का इसी तरह से सम्मान करते रहें। साथ ही इस मुलाकात को हमेशा याद रखें।

## बाग-ए-आयशा स्कूल में फिलिस्तीन के समर्थन में बच्चों को आगे किया




**जमशेदपुर।** बुधवार को, बाग ए आयशा मॉडर्न इस्लामिक एजुकेशन में एक विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसमें फिलिस्तीनियों के लिए अटूट समर्थन का प्रदर्शन किया गया और गाजा की स्थिति के लिए चिंता व्यक्त की गई। चेयरपर्सन जेबा कादरी साहिबा ने शिक्षकों, छात्रों और समुदाय को एकजुटता के एक शक्तिशाली प्रदर्शन में एकजुट करते हुए इस विरोध का आयोजन किया। बाग ए आयशा प्रशासक नौशीन फातमी ने विरोध में शामिल होने के लिए छात्रों और शिक्षकों को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में जेबी तारिक मिस्बाही साहब का मुखर नेतृत्व प्रस्तुत किया गया, जिन्होंने समूह की चिंताओं को उत्साहपूर्वक व्यक्त किया। साथ ही, शिक्षिका सामिया फिरदौस फातमी दृढ़ विश्वास के साथ खड़ी रहीं और इस उद्देश्य को अपना समर्थन दिया। शिक्षक अनम यूसुफ और नादरा खानम भी फिलिस्तीनी और गाजा मुस्लिम समुदायों की दुर्दशा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए विरोध में शामिल हुए। इस विरोध ने शांति और न्याय की वकालत करने वाली एक सामूहिक आवाज के रूप में काम किया, जिससे यह संदेश गया कि बाग ए आयशा मॉडर्न इस्लामिक एजुकेशन जरूरत के समय में फिलिस्तीनियों और गाजा मुसलमानों के साथ खड़ा है।

## बागबेड़ा में चौथे दिन भी चला स्वच्छता अभियान



जमशेदपुर। बुधवार को चौथे दिन भी बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सह भाजपा नेता सुबोध झा के नेतृत्व में साफ सफाई का अभियान चलाया गया और कचरे को बाहर फेंकने का कार्य किया गया। और भी कई जगहों पर कचरा जमे हैं जिसे 21 अक्टूबर षष्ठी तक कचरा को उठाकर फेंकने का प्रयास जारी है। अब तक 85 ट्रिप कचरा फेका जा चुका हैं। सुबोध झा ने कहा कि बागबेड़ा क्षेत्र की किसी भी जगह पर कचरा भरने की आवश्यकता हो कृपया जानकारी देने का कष्ट करें। बागबेड़ा बजरंगी खेल मैदान, पीर बाबा मजार, शंख बाबा मैदान के पास कचरा पड़े हुए हैं। रामनगर हनुमान मंदिर के पास कचरा जमे हैं। बागबेड़ा कॉलोनी दुर्गा पूजा मैदान रोड नंबर 4 में कचरा पड़े हैं। स्टेशन से बड़ौदा घाट जाने वाले गांधीनगर के पास कचरा पड़े हैं। 21अक्टूबर तक प्रमुख स्थानों से कचरा को उठाने का कार्य किया जाएगा। भाजपा नेता सुबोध झा के साथ बागबेडा महानगर विकास समिति महिला मोर्चा की अध्यक्ष रितु सिंह समिति के सूचना के अधिकार के संयोजक विनय सिंह रामदेव ठाकुर पीएम पांडे सीमा पांडे राजीव कुमार संतोष गुप्ता संजय सिंह रवि शाही एवं अन्य सदस्यों ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## चुनाव कार्य के लिए बाजार समिति की दुकानों को नहीं ले प्रशासन : अनिल मोदी



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष (वाणिज्य एवं व्यापार) अनिल मोदी ने जिला अनुमंडलाधिकारी श्री पीयूष सिन्हा को पत्र लिखकर चुनाव कार्य हेतु कृषि उत्पादन बाजार समिति की कुछ दुकानों को जिला प्रशासन द्वारा खाली करवाये जाने की नोटिस पर विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन बाजार समिति में दुकानदारों के पास पहले ही जगह का अभाव है। बहुत कम जगह में ही व्यापारी किसी तरह से अपना व्यापार कर रहें है। समिति में जगह के साथ साथ मूलभूत सुविधाओं का भी घोर अभाव है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में लंबा समय लगता है। ऐसे में त्योहारी सीजन में दुकान दिए जाने व्यापारियों का व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित होगा और उन्हें आर्थिक नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को व्यापारियों के दर्द को समझना चहिये। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य हेतु दुकानों को ना लेकर कोई अन्य स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चहिये। जिले में कई सरकारी भवन एवं इमारते खाली पड़ीं है, उनका इस्तेमाल इस कार्य हेतु किया जा सकता है। इससे निर्वाचन का कार्य भी हो जाएगा एवं व्यापार भी प्रभावित नहीं होगा। मोदीं ने पत्र में बताया कि फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर नें इस संदर्भ में झारखंड उच्च न्यायालय में राज्य सरकार एवं अन्य के खिलाफ एक केस दायर किया था।दायर केस में प्रतिवादी अधिकारियों को निर्वाचन कार्य/ई वी एम भंडारण हेतु कृषि उत्पादन बाजार समिति की दुकानों एवं गोदाम का उपयोग करने से रोकने के लिए दिशा निर्देश देने का आग्रह किया गया था। इस केस में सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने 2017 के इस आदेश का उल्लेख किया जिसमे चुनाव के लिए अथवा चुनाव के बाद मतपत्रों को रखने के लिए आवश्यक भूमि को चिन्हित कर इसका आवंटन करवाने का उल्लेख है। इसके लिए व्यावसायिक परिसरों, दुकानों, बाजार समिति की दुकान ओर गोदामों को बहुत अधिक समय तक प्रशासनिक कब्जे में नहीं रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसी संदर्भ में एक अन्य याचिकाकर्ता मेसर्स भदानी ट्रेडर्स रांची बनाम झारखंड सरकार एवं अन्य पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उच्च न्यायालय रांची खंडपीठ की टिप्पणियों के बावजूद प्रतिवादी अधिकारियों ने एक बार फिर पुराने तरीके का सहारा लेते हुये बाजार समिति में चालू दुकानों को लेने का काम किया है। मोदी ने कोर्ट के इस फैसले के प्रति पूरा पूरा सम्मान जताते हुए जिला उपायुक्त से बाजार समिति की दुकानों को चुनाव कार्य हेतु नही लेनें का आग्रह किया है।

# तरुण संघ सोनारी के दुर्गापूजा पंडाल का शेखर दा ने किया उद्घाटन





श्रीलेदर्स के निदेशक शेखर डे ने सोनारी में तरुण संघ के भव्य पंडाल का उद्घाटन फीता काट कर किया। उन्होंने पंडाल निर्माण के लिए आयोजकों को सराहा।

# डीसी ने पीडीएस दुकानों का किया निरीक्षण हरा राशन कार्डधारियों को मिला चावल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के आदेशानुसार जिले के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों में हरा कार्ड चावल वितरण उत्सव दिवस मनाया गया। इस अभियान के तहत जिला अंतर्गत सभी हरा राशन कार्डधारियों के बीच निःशुल्क चावल पैकेट का वितरण किया गया। चावल दिवस को लेकर लाभुक भी काफी उत्साहित दिखे, सुबह 8 बजे से ही लाभुकों की कतार जन वितरण प्रणाली दुकानों के बाहर देखी गई। डीसी द्वारा शहरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण कर हरा कार्ड चावल वितरण उत्सव दिवस के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने लाभुकों से बातचीत कर ससमय खाद्यान्न/राशन, धोती साड़ी योजना का लाभ मिल रहा या नहीं इसकी जानकारी ली। साथ ही आयुष्मान कार्ड, सर्वजन पेंशन तथा सरकार की अन्य योजनाओं जैसे आवास, बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि के विषय में भी लाभुकों से पूछा, जिन्हें लाभ नहीं मिल रहा उन्हें आवेदन करने का सुझाव भी दिया।

# जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में झारखंड महिला एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी का भव्य स्वागत

## विधायक सरयू राय और डीसी मंजूनाथ ने किया ट्रॉफी का अनावरण


खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** राजधानी रांची में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, रांची 2023 में एशिया महाद्वीप के 6 देशों की टीम खेलेगी। राज्य की खेल प्रतिभाओं को प्रात्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री, झारखंड के निर्देशानुसार झारखंड के सभी जिलों में ट्रॉफी का अनावरण जिला प्रशासन द्वारा खेल प्रेमियों के बीच किया जा रहा। इसी क्रम में ट्रॉफी के जमशेदपुर पहुंचने पर जेआरडी स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सरयू राय एवं उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा ट्रॉफी का अनावरण किया गया। इसके पूर्व ट्रॉफी के जमशेदपुर पहुंचने पर विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने जोरदार स्वागत किया। अनावरण कार्यक्रम में सरयु राय तथा उपायुक्त ने हॉकी बॉल को गोलपोस्ट में पुश कर हॉकी इंडिया को खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक राय ने कहा कि देश में पहली बार एशियन गेम्स जैसे किसी अंतराष्ट्रीय चैंपियनशिप में 100 से ज्यादा पदक आया है, उम्मीद है झारखंड में भी इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

# एक्सएलआरआइ में समर इंटर्नशिप में पहुंचीं 139 कंपनियां, प्रतिमाह 3.5 लाख पर लॉक हुए विद्यार्थी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट (एसआइपी) का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के सभी 100 प्रतिशत विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिए लॉक किया गया। वर्ष 2023-2025 के पीजी डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेंट व पीजी डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को अलग-अलग कंपनियों ने लॉक किया है। एक्सएलआरआइ के इतिहास में अब तक का यह सबसे बड़ा बैच है।

संस्थान के कुल 591 विद्यार्थियों को देश व दुनिया की अलग-अलग बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए लॉक किया गया है। एक्सएलआरआइ की ओर से बताया गया कि इस बार संस्थान के कुल 591 विद्यार्थियों को कुल 604 ऑफर दिये गये। इसमें कुल 139 कंपनियां शामिल हैं। इसमें सबसे खास बात यह रही कि इस बार 63 कंपनियां हैं, जिन्होंने एक्सलर्स को समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट के लिए लॉक किया है।

समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट (एसआइपी) के लिए आने वाली कंपनियों में जिसमें कंसल्टिंग, फाइनांस, सेल्स, मार्केटिंग, जेनरल मैनेजमेंट, प्रोडक्शन मैनेजमेंट ऑपरेशन, अनालिटिक्स एंड एचआर जैसी सेक्टर की कंपनियां शामिल थी। इसमें इस बार का सर्वाधिक 3.5 लाख रुपये प्रतिमाह का इंटर्नशिप स्टाइपेंड ऑफर किया गया है। प्लेसमेंट अफेयर्स कमेटी के चेयरमैन प्रोफेसर ए. कनकराज ने कहा कि एक्सएलआरआइ में 139 कंपनियों का आना और 100 फीसदी विद्यार्थियों को लॉक करना, यह संस्थान के गौरवमयी इतिहास व क्वालिटी व एथिक्स बेस्ड एजुकेशन का बेहतर उदाहरण है।

**52 प्रतिशत विद्यार्थियों को कम से कम 1.5 लाख रुपये का स्टाइपेंड**

एक्सएलआरआइ प्रबंधन की ओर से बताया गया कि इतने बड़े बैच साइज होने के बावजूद काफी शानदार इंटर्नशिप की राशि विद्यार्थियों को स्टाइपेंड के लिए दी गयी है। एवरेज स्टाइपेंड 1.41 लाख रुपये जबकि मेडियन स्टाइपेंड 1.50 लाख रुपये दी गयी है। वहीं, सर्वाधिक स्टाइपेंड 3.5 लाख रुपये प्रति माह है, जिसे बीएफएसआइ सेक्टर की ओर से ऑफर किया गया है। टॉप 5 फीसदी स्टूडेंट को 2.35 लाख प्रति माह, टॉप 10 प्रतिशत को 2.27 लाख रुपये प्रति माह, टॉप 25 फीसदी विद्यार्थियों को 2.12 लाख रुपये प्रति माह जबकि टॉप 50 प्रतिशत विद्यार्थियों को कम से कम 1.86 लाख रुपये प्रति माह मिलेगा। कुल 84 प्रतिशत ऐसे विद्यार्थी होंगे जो कम से कम एक लाख रुपये प्रति माह हर हाल में स्टाइपेंड के रूप में हासिल करेंगे।

**एक्सएलर्स पर भरोसा जताने को थैंक्यू एमएनसी : फादर एस जार्ज**

एक्सएलआरआई के निदेशक फादर एस जार्ज एस जे ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि एक्सएलआरआइ के प्लैटिनम जुबली वर्ष में समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट के रूप में भी संस्थान को गौरवान्वित होने का अवसर मिला है। 591 के बड़े बैच साइज में भी एक्सलर्स को प्रतिभा पर देश ही नहीं बल्कि विदेशी कंपनियों ने भरोसा जताया है। यह संस्थान के वर्षों की शानदार विरासत, लीडरशिप व विद्यार्थियों की आउट ऑफ द बॉक्स थिंकिंग की बदौलत हुआ है। हम उन सभी संस्थानों के प्रति आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिए चुना है।

# पलायन


इजराइल की सेना ने कम से कम दस लाख फलस्तीनियों को उत्तरी गाजा को खाली करके सुदूर दक्षिण की ओर जाने को कहा है, जिसके बाद फलस्तीन के लोगों ने बड़ी संख्या में क्षेत्र से पलायन शुरू कर दिया है। हॉस्पीटल पर हमले से मौत और उसके बाद की स्थितियों से कार, ट्रक और खच्चरों पर परिजनों के अलावा जरूरत का कुछ सामान लाद कर दक्षिण में मुख्य सड़कों की तरफ निकल पड़े। सेना ने अपने निकासी आदेश में कहा कि उसकी योजना गाजा सिटी के आसपास के इलाके में जमीन के नीचे बने हमास के ठिकानों को निशाना बनाने की है। लेकिन फलस्तीन और मिस्र के अधिकारियों को आशंका है कि इजराइल वास्तव में गाजा के लोगों को मिस्र के साथ लगती दक्षिणी सीमा से बाहर निकालना चाहता है।संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल से अपने इस निर्देश को वापस लेने का आग्रह किया है। लेकिन इजराइल की सेना ने कहा कि उसने गाजा सिटी के आसपास हमास के भूमिगत ठिकानों को निशाना बनाने की योजना बनाई है।हमास ने लोगों से निकासी निर्देश पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। गाजा में परिवारों के बीच क्षेत्र में रुकने या वहां से चले जाने को लेकर अनिश्चितता की स्थिति है। इजराइली बलों ने पड़ोस के बड़े हिस्से को तबाह कर दिया है और गाजा में भोजन, पानी और चिकित्सा आपूर्ति बंद कर दी है। जिस प्रकार की स्थिति बन रही है उसमें अभी 10 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं। आश्चर्य और दुर्भाग्य इस बात का है कि इन विस्थापित की स्थिति पर तुरंत चर्चा से हटकर युद्ध को और व्यापक बनाने की तैयारी चल रही है। आखिर हमास सहित अन्य हिंसक संगठनों को मदद देने वाले उसके परिणामों पर कोई ध्यान नहीं देते। चाहे वे अमेरिका हो या यूरोपीय देश विश्व में विस्थापित को लेकर कोई कार्य योजना नहीं है।

# आर्थिक असमानता

एक सच यह भी है कि देश की अर्थव्यवस्था कोरोना संकट से पहले भी सुस्ती के दौर से गुजर रही थी। नोटबंदी के कदम से छोटे व मझोले उद्योगों को झटका लगा था। हमारा अनौपचारिक उद्योग क्षेत्र श्रम प्रधान तकनीक पर आधारित होने के कारण रोजगार का बड़ा स्रोत रहा है। वहीं देश के औद्योगिक उत्पादन में भी गिरावट आयी जिससे बेरोजगारी की दर में इजाफा ही हुआ। वहीं दूसरी ओर कोरोना संकट के दौरान लगे सख्त लॉकडाउन का एमएसएमई पर घातक प्रभाव हुआ। जहां उत्पादन संकट बढ़ा, वहीं बेरोजगारी की दर में तेजी आई। करोड़ों लोग पलायन करके अपने गांवों की तरफ लौटे। अपने घरों के पास उन्हें रोजगार नहीं मिल पाया। आपूर्ति श्रृंखला में बाधा व पूंजी के संकट के कारण सर्वाधिक रोजगार देने वाले कुटीर उद्योग धंधों पर प्रतिकूल असर पड़ा। इससे समाज में आर्थिक असमानता को गति मिली। केंद्र सरकार की नीति में खामी यह रही कि उसने उन बड़े उद्योगों को तरजीह दी, जहां श्रम शक्ति का कम उपयोग किया जाता है। कहने को जीएसटी बढ़ी लेकिन इस व्यवस्था की जटिलता के चलते छोटे रोजगारों का दायरा सिमटा है। बड़ी कंपनियों को जीएसटी का लाभ मिला, लेकिन छोटे परंपरागत रोजगार के क्षेत्र सिमटने लगे। ये सवाल सरकार को नीतियों में विकेंद्रीकरण के लिये प्रेरित करने वाले हैं। जाहिरा तौर पर एक फीसदी लोगों के पास देश की बीस फीसदी आय और चालीस फीसदी लोगों के पास महज तेरह प्रतिशत आय का होना आर्थिक असमानता की ओर ही इशारा करता है। ऐसे में कहा जा सकता है कि भारत के दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था होने का लाभ आम आदमी को नहीं मिल रहा है। मानव विकास सूचकांक यानी 2021-22 की एचडीआर रिपोर्ट में भारत का 132वें स्थान पर पहुंचना इसी संकट को दशार्ता है। जब संघ के बड़े नेता और केंद्र सरकार के मंत्री ही वामपंथियों की तर्ज पर आर्थिक विषमता के सवालों के जरिये केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करें तो यह असहजता की स्थिति है।

# आखिर चीन दुनिया का सुपर पॉवर कैसे बना?





- एनके मुरलीधर

इस बीच चीन उसकी आपूर्ति का आधार बन गया। वह चुपचाप नए बुनियादी कारोबारों में दबदबा कायम करता गया। आज चीन जिस स्थिति में है वहां वह दुनिया भर में इलेक्ट्रिक वाहन, सौर पैनल और पवन ऊर्जा टर्बाइन तथा इनके निर्माण से जुड़े उपकरणों की अधिकतम आपूर्ति कर सकता है। इन क्षेत्रों में चीन पर निर्भरता समाप्त करने में कई वर्षों का समय लगेगा।

**आज** 150 देश चीन और रुस के साथ एक सड़क परियोजना के बहाने एक मंच पर है। चीन सुपर पॉवर है। लेकिन 1980 में भारत और चीन की आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक स्थिति संघर्ष वाली लगभग एक जैसी थी। विश्व शीत युद्ध के काल से गुजर रहा था। अमेरिकी गुट और संयुक्त सोवियत संघ का प्रभाव फैलाने के प्रयासो के बीच चीन ने कमर कस लिया। भारत में तब कांग्रेस की सरकार 1977 की हार झेलने के बाद आई थी और तत्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लगता था कि सरकारी तंत्र को और अधिक मजबूत बनाया जाए। लेकिन तब दुनिया में ग्लोबलाईजेशन का स्वर भी उठ रहा था जिसे सरकारी ताम झाम और वह भी भ्रष्टाचार सहित पंसद नहीं था। चीन में शासन तुलनात्मक कठोर था और वह स्थिर नीतियों से आगे बढ़ना चाहता था।

चीन में मंदी और चाइना प्लस वन( निवेश के लिए चीन के अलावा एक अन्य केंद्र) की रणनीति को लेकर बहस के बीच एक खतरा इस बात को भुला बैठने का भी है कि किस तरह चीन ने अगले कई दशकों के सबसे अहम कारोबारों के लिहाज से स्वयं को सर्वाधिक अनुकूल स्थिति में पहुंचा दिया है। ये कारोबार हैं सौर और पवन ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, नए-महत्त्वपूर्ण पदार्थ और शायद सेमीकंडक्टर भी।

विभिन्न देश इस बात से जूझ रहे हैं कि ऐसे दबदबे से कैसे निपटा जाए। इस बीच यह समझना आवश्यक है कि चीन का मौजूदा दबदबा महज संयोग है या फिर वह पहले से हासिल विनिर्माण शक्ति का ही प्रदर्शन है। यह भी कि रणनीतिक दूरदर्शिता कितनी महत्त्वपूर्ण थी या फिर पश्चिमी दुनिया ढीली पड़ गई? इसका जवाब है-उपरोक्त सभी।

बीते 15 से 20 वर्षों में एक किस्म का औद्योगिक तख्तापलट जैसा हुआ है। जबकि हमारे नीतिगत विशेषज्ञ खिलौनों और वस्त्रों के क्षेत्र में चीन की नीतियों का अनुकरण करने की वकालत कर रहे थे। दुनिया ने जागने में बहुत देर कर दी। अमेरिका सिलिकन वैली में अपने तकनीकी उद्योगपतियों की कामयाबी और लाखों करोड़ डॉलर की संपत्ति तैयार होने का जश्न मना रहा था।

इस बीच चीन उसकी आपूर्ति का आधार बन गया। वह चुपचाप नए बुनियादी कारोबारों में दबदबा कायम करता गया। आज चीन जिस स्थिति में है वहां वह दुनिया भर में इलेक्ट्रिक वाहन, सौर पैनल और पवन ऊर्जा टर्बाइन तथा इनके निर्माण से जुड़े उपकरणों की अधिकतम आपूर्ति कर सकता है। इन क्षेत्रों में चीन पर निर्भरता समाप्त करने में कई वर्षों का समय लगेगा। इस बीच चीन ऐसी स्थिति में है कि वह व्यापार प्रतिबंधों की धमकी दे सकता है। हाल ही में गैलियम और जर्मेनियम की आपूर्ति रोककर उसने ऐसा दिखाया। ये धातुएं चिप निर्माण के लिए अहम हैं।

पश्चिम को स्वयं को ही दोष देना चाहिए। जिस समय सदी करवट ले रही थी, जर्मनी ने छतों पर सौर पैनलों की स्थापना को बढ़ावा दिया और उसने चीन को प्रोत्साहित किया कि वह इनकी मांग पूरी करे। अन्य यूरोपीय देशों ने भी ऐसा ही किया। इसके बाद चीन ने तेजी से उत्पादन का विस्तार किया जिससे उसका लागत लाभ बढ़ा। सब्सिडी इसके अलावा थी। इसके चलते पश्चिमी देशों के सैकड़ों प्रतिस्पर्धी बाहर हो गए। अब सौर पैनल की पूरी मूल्य श्रृंखला पर चीन का दबदबा है।विंड टर्बाइन बाजार में चीन की हिस्सेदारी 60 फीसदी की है और दवाओं के निर्माण में काम आने वाले कच्चे माल पर उसका नियंत्रण है। भारत का दवा उद्योग भी उसी पर निर्भर है। इस बीच चीन की कार कंपनियों ने इलेक्ट्रिक वाहनों के भविष्य को पहचान लिया। बैटरी तकनीक इन वाहनों के लिए सबसे अहम है और चीन ने इस क्षेत्र में अहम तकनीकी बढ़त हासिल करके सस्ती बैटरियां तैयार कीं।

चीनी कंपनियों द्वारा सस्ती इलेक्ट्रिक कार तैयार करने से बिक्री बढ़ने लगी। इसके साथ ही टेस्ला को यह प्रोत्साहन भी मिला कि वह शांघाई की एक बड़ी बैटरी निमार्ता फैक्टरी में निवेश करे। रणनीतिक दूरदर्शिता की बात करें तो कच्चे माल के क्षेत्र में यह सर्वाधिक स्पष्ट है। चीन ने कॉन्गो के कोबाल्ट और बोलिविया के लीथियम के अधिकांश हिस्से का उत्खनन किया। उसने पश्चिमी कंपनियों का स्थान लिया।

जब इंडोनेशिया ने गैर परिशोधित निकल का निर्यात बंद किया तो चीन के रिफाइनर बड़ी संख्या में वहां पहुंच गए। चीन ने ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और यूरोप में भी ऐसी कंपनियां खरीदीं जिनके पास तकनीक थी या फिर जो अहम उपकरण बनाती थीं।

चीन ने जो किया क्या उसे अन्य देश दोहरा सकते थे? हमें जल्दी पता चल जाएगा क्योंकि अमेरिका और यूरोप (तथा भारत) सब्सिडी तथा विभिन्न प्रकार के संरक्षणों के साथ चीन की सफलता दोहराने के लिए प्रयासरत हैं। परंतु चीन की सफलता में उसकी समग्र रणनीति का योगदान रहा। इसमें उभरते क्षेत्रों में बेहतरीन शोध, मुफ्त जमीन के साथ लागत में कमी, सरकारी समर्थन वाला ऋण और सस्ती बिजली, प्रदूषण फैलाने वाली फैक्टरियों के दुष्प्रभाव झेलने की इच्छाशक्ति, घरेलू मांग के सहारे बड़ा बाजार तैयार करना और संसाधनों को रणनीतिक ढंग से निशाना बनाना शामिल है। पश्चिम के अधिकांश देश इसका अनुकरण नहीं कर पाएंगे। अब तक पश्चिमी देशों ने रीगन/थैचर के युग को अलविदा कहा है और वैचारिक बदलाव को आकार दिया है। इसमें सरकार को व्यापार से बाहर करना और बाजार को स्वतंत्र रूप से काम करने देना शामिल था।

भारत में भी मोदी सरकार ने 2014 में न्यूनतम सरकार का वादा किया था और कहा था कि सरकार का काम कारोबार करना नहीं है। लेकिन अब यह सरकार पूरी तरह हस्तक्षेप करने वाली बन गई है। उत्पादन प्रोत्साहन, पूंजी सब्सिडी, टैरिफ संरक्षण (सौर पैनल के लिए 40 फीसदी सब्सिडी) आदि के जरिये ऐसा किया जा रहा है। चीन ने आर्थिक राष्ट्रवाद को वैश्विक स्तर पर गति दी है। चीन ने मात्र चार दशको में जो प्राप्त किया वह अवसर भारत के लिये भी था लेकिन सरकारों की मानसिक भ्रष्टाचार, नीतियों में अस्पष्टीकरण, सरकारी तंत्र की बदहाली ने भारत के सुपर पॉवर बनने का बड़ा अवसर गवां दिया।

### खास बात

## सर्वर बना साहेब

**मनोज शर्मा**

**जब** से सेवाओं का डिजिटलीकरण हुआ सर्वर स्साला साहब बन गया है। पहले दफ्तरों में साहब कभी-कभार गायब मिलते थे। लेकिन सर्वर आये दिन गायब मिलता है। साहब मिल भी जाये तो सर्वर नहीं मिलता। कभी तो दोनों नहीं मिलते। साहबों को तो हाथ खर्च आदि देकर हाथों हाथ काम करवाया जा सकता है। लेकिन निराकार सर्वर के आगे न तो हाथ जोड़ सकते हैं और न पैर पकड़ सकते। चाय-नाश्ता मंगवाओ, चाहे भिया से आदमी-औरत के रिश्ते की धौंस दो, सर्वर को कोई फर्क नहीं पड़ता। गिरने पर साहब शर्मिंदा हो भी जाए लेकिन सर्वर को गिरने (डाउन) की भी परवाह नहीं! गोया सर्वर न हुआ सियासतदां हो गया।

पढ़ा-लिखा आदमी एक बार सर्वर प्रॉब्लम समझ भी जाये लेकिन ठेठ देहाती आदमी क्या जाने सर्वर क्या बला है? उसे तो कुर्सी पर कर्मचारी दिखा कि काम लेकर पहुंचा। फिर कर्मचारी सर, सर्वर, साइट या लाइट का सताया क्यों न हो!

किसान सम्मान निधि की राशि लेने बोन्दर पहली बार बैंक गया। बोन्दर की नजर सामने पड़ी जहां लेन-देन हो रहा था। पासबुक सरकाई तो साहब ह्यसर्वर प्रॉब्लम बताकर कुर्सी पर सुस्ताने लगे। उन्हें जब भी सुस्ती आती है, सर्वर चला जाता है। इस बीच कुछ युवतियां आईं और उनका काम हो गया। बोन्दर गया तो फिर सर्वर प्रॉब्लम! जैसे ही बड़े सर की एंट्री हुई सब वर्किंग मोड में आ गए। इसे सर्वर संयोग कहे या सर संयोग! एकाएक बैंकिंग माहौल बदला तो कस्टमर्स ने फायदा उठाया। बोन्दर का भी काम हो गया। तीसरे माह सम्मान निधि के सिलसिले में बोन्दर फिर बैंक गया। बोन्दर :

साहब सर्वर आ गया है ह्न बोन्दर की बात पर बैंक ठहाकों से गूंज उठा।

खजांची :

हमें सर्वर नॉट फाउंड दिख रहा है। तुझे कहां दिख गया?

बोन्दर :मैंने अभी देखा।

खजांची : चल बता सर्वर? खजांची महोदय गुस्सा गए। उन्हें गुस्साना ही था क्योंकि गुस्साने, खीजने, चिढ़ने पर उनका कॉपीराइट है। उंगली वालों के बनिस्बत अंगूठे वालों पर ज्यादा गुस्साते हैं।

# भगवान कौन?

### धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**गुरु** जब किसी व्यक्ति को इस लायक समझते है कि ये भक्ति करा सकते हैं तो उनको नामित कर देते हैं और संसार को बता देते हैं कि उनकी भक्ति की जाए। यही भगवान होता है। परशुराम जी ने साधन पथ का आश्रय लेकर ज्ञान किया था भक्ति पथ का आश्रय नहीं लिया था। श्री राम साधन पथ का आश्रय नहीं लिये थे वे भक्ति पथ का आश्रय लिये थे। यही कारण हेिक समय आया तो परशुरामजी का ज्ञान लुप्त हो गया। अहंकार घेर लिया और कितना भी दुर्वचन कहते रहे श्रीराम जी के अन्तर्गत किसी तरह का क्रोध पैदा नहीं हुआ। क्योंकि साधन का ज्ञान या अनुभव ठहर नहीं पाता है जब अहंकार उपस्थित होता है क्रोध उपस्थित होता है तो उस ज्ञान का लोप हो जाता है। जनकपुर में यही हुआ था।

**विश्वामित्र जी का हिमालय प्रस्थान**

जनकपुर से विदा होकर आयोध्या आने के बाद विश्वामित्र जी महर्षि वशिष्ठ से मिलने गये। विश्वामित्र जी बोले प्रभु आपकी दी हुई सेवा संपन्न हुई। सीता और राम का मिलन हो गया।अब आगे के लिये मुझे क्या आज्ञा है। ब्रह्यर्षि वशिष्ठ बोले मुनि विश्वामित्र जी आगे जीवन जीने के लिये आप स्वतंत्र हैं। आपके अदंर जो इच्छा हो उसके अनुसार जीवन जी सकते हैं। इतना सुनने के बाद विश्वामित्र जी ने कहा प्रभु मेरे अंदर एक इच्छा है और उसी के अनुरूप मैं चाहता हूं कि आगे का जीवन जीऊं। मेरे पिताजी महाराज गाधि थे और मेरी एक बहन थी।

**(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम)**

**सत्संग** की महिमा अद्भुत अकथनीय है।

विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है ।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे।

**–स्वामी अवधेशानंद गिरी**

### आपके ट्वीट

**षड्यंत्र** रच कर विपक्ष चाहे जितना बाधा डालना है, डाल दे। अपने कार्यकर्ताओं और बाहरी लोगों से झारखण्डी नीति को बैक डोर से खारिज करवाने का काम करे, पेपर लीक निवारण कानून के खिलाफ घड़ियाली आंसू बहाए।

**– हेमंत सोरेन**






**जातिगत** जनगणना राजनीतिक फैसला नहीं, न्याय और हिस्सेदारी का फैसला है - गरीबों को शक्ति देने वाला फैसला है।

**– राहुल गांधी**

### कॉर्टून वर्ल्ड

**दुनिया में फैलता साम्राज्यवाद...**




साभार कॉर्टून मूवमेंट

### लेटर टू एडीटर

## सजग मतदाता

**चुनाव** से पूर्व हर राजनीतिक पार्टी अपने घोषणा-पत्र में लोकलुभावनी घोषणाएं करती हैं। घोषणा पत्र में ऐसी बातें रखी जाएं, जिससे जनता को अपनी ओर आकर्षित किया जा सके। परन्तु अब जनता इन राजनेताओं के वादों, घोषणाओं से पूरी तरह सावधान रहती है। कितनी ही रैलियां कर लें, उन्हें पता है कि किसे वोट देना है और किसे पटखनी देनी है।

**-रवि, रांची**

## सबको लाभ मिले

**पंजाब और कर्नाटक** सरकार ने हाल ही में पंजाब की सरकारी बसों में महिलाओं और लड़कियों को मुफ्त सफर का तोहफा दिया है। कुछ लोग इसे पंजाब विधानसभा चुनाव पास आते देख पंजाब सरकार का लॉलीपॉप भी बता रहे होंगे। फिर भी सरकार के इस फैसले से गरीब और मध्य वर्गीय परिवारों को बसों के भारी-भरकम किराये से राहत तो जरूर मिलती है।

**-राजेश चौहान, रांची**

# सस्ता माल के पीछे महंगी होती दुनिया के शौक

**आलोक पुराणिक**

**सब** पैसे के भाई। भारत और सऊदी अरब का याराना हाल में गहरा हुआ, पर अब मामला उलटी दिशा में चल रहा है। हुआ यूं कि 2020 में कोरोना के चक्कर में कच्चे तेल का भाव बहुत डूब गया, भारत ने सस्ते रेट में बहुत तेल खरीद कर अपना तेल रिजर्व मजबूत किया। तेल रिजर्व मजबूत करके रणनीतिक स्थिति मजबूत की जाती है, उसमें रखा तेल संकटकालीन परिस्थितियों में इस्तेमाल किया जाता है। कच्चा तेल फिर महंगा होने लगा तो भारत ने सऊदी अरब से कहा-थोड़ा सस्ता लगा लो, हम पुराने कस्टमर हैं। सऊदी अरब ने ताना मारा-वो तेल इस्तेमाल कर लो ना जो पहले ही सस्ता खरीद करके जमा किया है।

भारत ने अब अमेरिका से कच्चे तेल की सप्लाई बढ़ा दी। सऊदी अब उतना बड़ा सप्लायर न रहा। मामला कुछ-कुछ वैसा हो गया कि बरसों से शर्मा जनरल स्टोर से माल खरीदते थे, एक दिन बगल में वर्मा जनरल स्टोर खुल गया, वह सस्ता माल देने लगा तो बरसों के रिश्ते छोड़कर वमार्जी की तरफ निकल लिये। चार पैसे जेब में बचते हैं तो वो ठोस दिखते हैं, दोस्ती रिश्ते हवाई बातें हैं। मूल बात है कि हम ग्राहक हैं। चार पैसे सस्ता दे कोई, तो वहां निकल लेंगे।

एक चाइनीज फोन के ब्रांड एंबेसडर हो गये विराट कोहली। किसी इंडियन ब्रांड ने उतने पैसे न दिये, दिये होते तो खालिस इंडियन हो जाते कोहली। इंडियन कोई मुफ्त में न होता, मुफ्त तो कोई कुछ

### व्यंग्य



भी न होता। मुफ्त में सिर्फ वादे मिलते हैं, सो लिये जाओ, दे दनादन। देश में राष्ट्रीयता के भी मूल्य हैं भाई। विचारधारा का मूल्य तो आप सब महसूस कर ही रहें हैं। यानी सब कुछ बिकाउ है खाली कड़कड़िया नोट चाहे वह एक नंबरी हो या दो नबंरी आपके पास होना चाहिए।

सस्ता तेल कहीं और से मिलेगा, तो वहां से ले लेंगे जी। वहां के मुकाबले कहीं और से सस्ता मिलेगा तो वहां से ले लेंगे जी। नोट सत्यम्, सब मिथ्या। दीवार के अमिताभ बच्चन-शशि कपूर डायलाग स्टाइल में सऊदी अरब कह सकता है कि मेरे पास तेल के कुएं हैं, कच्चा तेल है, तेरे पास क्या है भारत। इसके जवाब में भारत ने कहा-मेरे पास नोट हैं, नकद है, जहां फेंक दूंगा वहां से कच्चा तेल मिल जायेगा। अमिताभ बच्चन का मुंह बंद हो जाता। डायलागबाजी में कुछ न रखा, नोट छापो और नोट अंदर करो। चीन का सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स पिछले साल इन दिनों ताल ठोकता था कि भारत को मार गिरायेंगे, भारत को पटक लेंगे। अब यहां टिकटाक समेत कई चीनी ब्रांड मार गिराये गये तो चीन की जेब में चोट पड़ी है। जेब पर चोट बड़ी चोट होती है। हर कोई न झेल सकता। चीन से अब ढिशुम-ढिशुम की आवाजें उतनी न आतीं।

सो सऊदी अरब के पास तेल है, भारत के पास रकम है। रकम है, तो अमेरिका भी दोस्त बन जाता है। दुनिया में रिश्ता एक ही अटल है-ग्राहक और दुकानदार का। बाकी सब रिश्ते आने-जाने हैं। सस्ता माल दो, तो ही अपने, वरना तो बेगाने हैं।

दोस्ती बचायेंगे, अगर उससे नोट बचते हों तो। नोटों से दोस्ती आती है, दोस्ती से हर हाल में नोट न आते, और अगर ना आते, तो दोस्ती काहे की।

# शेयर बाजार में सुधार से निवेशको में बढ़ता विश्वास

**के पी कृष्णन**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) शेयर बाजारों के निपटान समय में भारी कटौती की संभावना टटोल रहा है। सौदों के निपटान के समय में इस तरह की कटौती क्या हमेशा ही अच्छी होती है? 1990 के दशक के शुरू में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में हर पखवाड़े एक बार निपटान होता था। इसके अलावा बीएसई का तरीका उतना भरोसेमंद भी नहीं था। जब आप शेयर बेचते थे तो एक पखवाड़े या उससे अधिक की देरी हो जाती थी। इस कारण उन शेयरों में पैसा फंस जाता था। अगर आपको पैसों की जरूरत होती थी तो आप तुरंत शेयर नहीं बेच सकते थे और न ही तुरंत पैसा हासिल कर सकते थे। हालांकि शेयर रियल एस्टेट की तरह इतने खराब भी नहीं होते थे लेकिन तब शेयर बेचना एक समयखाऊ और अविश्वसनीय प्रक्रिया थी।

1992 में सांविधिक संस्था के रूप में सेबी की स्थापना और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) जैसे नए एक्सचेंज के गठन के बाद निपटान प्रक्रिया हर सप्ताह होने लगी। सबसे अहम बात यह कि इसके बारे में अनुमान लगाया जा सकता था।इसका दोहरा लाभ हुआ। पहला तो यह कि निपटान समय एक पखवाड़े से घटकर एक सप्ताह रह गया और दूसरा यह कि संभावनाएं बढ़ गईं क्योंकि एनएसई की व्यवस्था ने घड़ी की मशीन की तरह काम किया। जब शेयर बेचे गए तो पैसा विश्वसनीय तरीके से हफ्ते भर के भीतर आ गया। बड़ा बदलाव 2000 में तब आया जब रोलिंग सेटलमेंट शुरू किया गया। इस व्यवस्था में निपटान टी + 5 से होता था (सोमवार को शेयर बेचने पर पैसा अगले सोमवार को मिल जाता था) और फिर टी + 3 आया जिसमें सोमवार को शेयर बेचने पर रकम गुरुवार को मिलने लगी।

करीब दो दशक पहले शुरू किए गए इन उपायों की बदौलत शेयर काफी हद तक लिक्विड परिसंपत्ति ऐसेट हो गई और हैं भी। आप अपना पैसा शेयरों के रूप में रख सकते थे और पैसे की अचानक जरूरत पड़ने पर इन शेयरों को सोमवार को बेच सकते थे और गुरुवार को सौ फीसदी भरोसे के साथ पैसा मिल सकता था। निपटान की प्रक्रिया घटकर तीन दिन होने से बाजारों की अनिश्चितता खत्म हुई है। इसमें इक्विटी मार्केट में हुए सुधारों ने बड़ा काम किया है। एक दिन करना वाकई बेहतर होगा? या फिर ऐसी व्यवस्था पर विचार करना चाहिए जहां किसी भी तरह की कोई देर ना हो। उदाहरण के लिए ऐसी व्यवस्था हो सकती है जिसमें अगर दिन में 2 बजे शेयर बेचे जाएं तो 1 मिनट बाद ही पैसा मिल जाए। आखिरकार हम डिजिटल दौर में हैं और कंप्यूटरों के साथ तो कुछ भी संभव है। लेकिन शायद इतनी तेजी भी नहीं!

आइए, हम पूरी लेनदेन प्रक्रिया पर विचार करते हैं। एक व्यक्ति के पास कुछ शेयर हैं और वह इनको बेचने के लिए ब्रोकर के पास ऑर्डर देता है। तुरंत ही सौदा हो जाता है। अब इसके बाद आगे की प्रक्रिया होनी होती है। वह है, निवेशक से ब्रोकर शेयर लेता है और फिर क्लीयरिंग हाउस तक ये शेयर पहुंचते हैं। बेशक, ये सब डिजिटल रिकॉर्ड हैं लेकिन इस प्रक्रिया को पूरा करने में समय भी लगता है और मेहनत भी।

इसके विपरीत कोई व्यक्ति शेयर खरीदने के लिए ऑर्डर देता है। सौदा तुरंत हो जाता है। लेकिन इसके बाद जरूरी कदम होते हैं। इनमें निवेशक का ब्रोकर को रकम देना और ब्रोकर का क्लीयरिंग हाउस को यह राशि सौंपना शामिल है। यह सही है कि पैसा तुरंत दिया जा सकता है लेकिन इस प्रक्रिया को पूरा करने में भी समय और श्रम लगता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### बासा नदी से बालू उठा रहे दो ट्रैक्टर जब्त



**डुमरी।** पुलिस ने बासा नदी से बालू उठा रहे दो ट्रैक्टर को पकड़ा और दोनों को जब्त कर थाना परिसर में रखा है। एक का गाड़ी नंबर जेएच 07 के 4237 जबकि दूसरे में नंबर प्लेट नहीं है। इस संबंध में थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि इसकी जानकारी डीएमओ गुमला को दे दी गयी है।

### पुत्र के लापता होने की शिकायत दर्ज

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के कोटामाटी टंगराटोली निवासी सुरेश भगत ने अपने पुत्र मनीष (15) के लापता होने का बुधवार को घाघरा थाना में लिखित शिकायत की है। सुरेश ने बताया कि उसका पुत्र मनीष संत जुडस उवि नवडीहा में 10वीं का छात्र है। वह 13 अक्टूबर की दोपहर दोस्तों के साथ मसरिया डैम घूमने की बात कह कर घर से निकला था। उसके बाद से घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद पिता ने थाना प्रभारी से पुत्र की सकुशल बरामदगी की की गुहार लगायी।

### घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, डायन बिसाही व मानव तस्करी को लेकर चला अभियान



**गुमला।** महिला थाना गुमला, एससी एसटी थाना, माय चॉइस फाउंडेशन हैदराबाद तथा सितारा संस्था ने बुधवार को गुमला सदर प्रखंड के सुअर गुडा में घरेलू हिंसा पखवाड़ा के जागरूकता कार्यक्रम चलाया। जिसमें ग्रामीण महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, नशा पान व मानव तस्कर आदि की जानकारी दी। महिलाओं को बताया गया कि महिला हिंसा, दहेज उत्पीड़न के खिलाफ सख्त कानून है। महिलाएं जागरूक हो और किसी भी तरह की समस्या होतो वे पुलिस को बतायें। इस अवसर पर पूर्व मुखिया पतराज टोप्पो सहित कई पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### ट्रेड लाइसेंस रिन्यूवल करा लें दुकानदार

**गुमला।** नगर परिषद क्षेत्र की वैसी दुकानें जिनके ट्रेड लाइसेंस की वैधता खत्म हो गयी है और वैसे दुकानदार जिन्होंने अब तक ट्रेड लाइसेंस नहीं बनाया है। वे अपने दुकान का ट्रेड लाइसेंस नवीनीकरण एवं निबंधन नगर परिषद गुमला में आकर एक सप्ताह के अंदर करा लें। नहीं तो उक्त अवधि के बाद जांच में वैध ट्रेड लाईसेंस नहीं पाये जाने पर दंड स्वरूप राशि वसूली जायेगी। साथ ही मकान व प्रतिष्ठान के मालिक अपना बकाया होल्डिंग टैक्स भी जमा करें। निरीक्षण में पकड़ाने पर दंड स्वरूप मोटी राशि की वसूली की जायेगी।

### बिना कार्यकारिणी की बैठक के लरंगों पंचायत में हो रहा योजनाओं का चयन


**सिसई।** लरंगो पंचायत के कई वार्ड सदस्यों ने पंचायत के मुखिया व पंचायत सेवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मुखिया ने योजना चयन को लेकर एक साल से एक भी कार्यकारिणी की बैठक नहीं रखी है। मनमर्जी योजना चयन कर मुखिया, पंचायत सेवक कार्य करा रहा है। जबकि पंचायती राज अधिनियम के तहत नियम है कि बिना कार्यकारणी की बैठक के योजना चयन नहीं होना है। उसके बावजूद राशि हड़पने के लिए मुखिया, पंचायत सेवक की मिलीभगत से जैसी मर्जी वैसी योजना चुन रहे हैं, जो नियम विरुद्ध है।

### विद्या मंदिर के भैया कमलेश को स्वर्ण



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के भैया कमलेश उरांव क्षेत्रीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स) रजरप्पा में आयोजित कार्यक्रम में विद्या विकास समिति झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए बाल वर्ग लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक विजेता रहे। यह कार्यक्रम 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2023 तक सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट में आयोजित हो रहा है। भैया कमलेश उरांव एवं राजेंद्र कुमार की इस उपलब्धि पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### बच्चों के अधिकार के लिए कार्य कर रही है होप : उज्ज्वल कुशवाहा




**लोहरदगा।** जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत अरकोसा पंचायत भवन में होप एवं माई चॉयसेज फाउंडेशन ने सुरक्षित गांव कार्यक्रम चलाया। इसका उद्देश्य किशोर किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु, गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन, ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूलों से जोड़ना, मानव दुर्व्यापार आदि से बचाना है। उज्ज्वल कुशवाहा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बच्चों के चार अधिकार, मानव व्यापार, सुरक्षित स्पर्श असुरक्षित स्पर्श, बाल विवाह, बाल मजदूरी और उनके कर्तव्य आदि पर विस्तार से बताया। इसे सफल बनाने में ओ आर ए टीम के अरविंद वर्मा, उज्ज्वल कुशवाहा, उषा उरांव और अरकोसा के 50-60 लोगों ने भाग लिया।


### कुडू आजसू छात्र संघ के अध्यक्ष बने आशीष



**लोहरदगा।** जिला आजसू कार्यालय में बुधवार को छात्र संघ कुडू का विस्तार किया गया। इसकी अध्यक्षता छात्रसंघ अध्यक्ष आयुष महतो ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लोहरदगा सह झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत व केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, वा जिला छात्र संघ प्रभारी विजय कुमार, लोहरदगा महाविद्यालय प्रभारी आशीष कुमार साहू, मीडिया प्रवक्ता सोनू राज उपस्थित हुए। आयुष कुमार महतो की अध्यक्षता में देव आशीष कुमार राय को कूडू प्रखंड के छात्र संघ अध्यक्ष वा प्रकाश पासवान को सचिव बनाया गया।

# चैनपुर में वर्ष 1958 से शुरू हुई थी मां दुर्गा की आराधना

- कंधे पर रखकर किया जाता था प्रतिमा का विसर्जन
- पंडित काशीनाथ ने मां दुर्गा की तस्वीर से की थी पूजा आरंभ, आज बन गया भव्य दुर्गा मंदिर



खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** नवरात्र शुरू होते ही पूरा चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र मां दुर्गा की भक्ति व आस्था में लीन हो गई है। चैनपुर में दुर्गा पूजा का इतिहास काफी पुराना है। यहां वर्ष 1958 में मां दुर्गा की पूजा शुरू की गई थी जो आज भी काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है। 1958 में सिर्फ चैनपुर में ही पूजा होती थी। जिसकी शुरुआत पंडित काशीनाथ जी ने की थी जो एक शिक्षक थे। उस समय न तो कोई मंदिर बनी थी और न ही कोई पंडाल का निर्माण हुआ करता था। उस वक्त माता रानी का फोटो रखकर पूजा की जाती थी। बाद में पंडित काशीनाथ जी के साथ चैनपुर के शिवचरण प्रसाद, कारू राम, बुधराम भगत, रामयाद साव, सिटु बैगा, सोहन बैगा आदि लोग आगे आएं और 1967 में मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया। जिसके बाद यमुना केशरी के संरक्षण में भव्य तरीके से पूजा की शुरूआत हुई। जिसमें बंगाल के मूर्तिकार माता रानी की प्रतिमा बनाते थे। जहां ग्राम पुरोहित रघुनंदन पाठक एवं यजमान विश्वनाथ बैगा पूजा करते थे। उस समय पूजा के दौरान पठार क्षेत्र के लोग रातभर पारंपरिक नृत्य कर लोगों को झूमने में मजबूर कर देते थे। वहीं लोगों के मनोरंजन के लिए पर्दे वाली फिल्म आयोजित की जाती थी।

# क्षेत्रीय प्रतियोगिता में दूसरे दिन इंटर कॉलेज को एक गोल्ड व पांच सिल्वर

- अल्पना शैली उरांव भाला फेंक में जीती गोल्ड मेडल
- आकांक्षा एवं नैतिक ने गोला फेक, पूनम ने 3000 मीटर तेज चाल, नीलिमा ने ट्रिपल जंप, रोहित ने 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीते



गोल्ड विजेता अल्पना।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** मां छिन्नमस्तिका शक्तिपीठ की पुण्य भूमि रजरप्पा में चल रहे विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय खेलकूद समारोह एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दूसरे दिन मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने एक गोल्ड और पांच सिल्वर मेडल जीते। विद्या विकास समिति झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए कॉलेज की ओर से तरुण वर्ग बालिका समूह में पहले सिल्वर मेडल गोला फेक में आकांक्षा पांडे ने जीता। इसके बाद बालक वर्ग गोला फेक में नैतिक राज ने भी सिल्वर मेडल जीता। ट्रिपल जंप में नीलिमा लकड़ा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया 3000 मीटर दौड़ में रोहित उरांव ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दूसरे दिन स्पर्धाओं के विराम से पूर्व अल्पना शैली उरांव ने गोल्ड मेडल जीता। सभी विजेताओं को विद्या विकास समिति, स्थानीय प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण और विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मियों ने बधाई दी है।

# दुर्घटनाग्रस्त एक्सयूवी से 90 किग्रा गांजा बरामद

- जब्त गांजे की कीमत बीस लाख आंकी गयी
- एसपी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर दी जानकारी
- वाहन के डिटेल से अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर हो रही है कार्रवाई



जब्त गांजे के साथ एसपी, एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त एक्सयूवी वाहन से 90 किलो गांजा बरामद किया है। जिसकी 20 लाख रुपये आंकी गयी है। इस संबंध में बुधवार को गुमला थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 4 बजे रात्रि गश्ती टीम को थाना चौक गुमला से लोहरदगा की ओर तेजी से एक एक्सयूभी कार जाते देखा गया। जिसकी सूचना गश्ती पदाधिकारी के द्वारा प्रस्तावित टोटो थाना के पुअनि प्रदीप कुमार को दिया गया। सूचना मिलते ही पुअनि के द्वारा टोटो चौक पर वाहन चेकिंग लगाया गया। चेंकिंग के क्रम में जब वाहन टोटो नहीं पहुंचा तो घाघरा के तरफ बढ़कर जब पुअनि प्रदीप कुमार ने देखा तो टोटो बैंक ऑफ इंडिया शाखा के आगे सड़क पर दाहिनी ओर एक्सयूभी कार दुर्घटनाग्रस्त मिला। कार की तलाशी लेने पर कार के अंदर कोई व्यक्ति नहीं मिला। वहीं कार में प्लास्टिक के चार बोरे मिले। जिसमें एक-एक किलो ग्राम गांजा पैक कर रखा गया था। जिसके बाद एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल टोटो पहुंचकर गांजे व वाहन को जब्त किया। एसपी ने कहा वाहन के डिटेल से पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि समाज में नशा की इंट्री का प्रभाव युवाओं पर पड़ रहा है। युवा वर्ग के लिए नशा घातक है। इसे उनका विकास अवरूद्ध होगा। जिसका असर समाज पर पड़ेगा।

# रिवाल्वर के साथ दो धराये, जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडू लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के हमीद नगर ब्लॉक मुहल्ला से कुडू थाना पुलिस ने अपराध की योजना बनाते दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कुडू थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह को सूचना मिली थी कि किसी अपराध की योजना बनाकर दो युवक हथियार के साथ घूम रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान हमीद नगर ब्लॉक मुहल्ला निवासी एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा 29 वर्ष पिता रफीक अंसारी और लातेहार जिले के लेदमा निवासी रसलाम अंसारी 21 पिता मुमताज अंसारी के रूप में हुई है। इनके पास से एक लोडेड रिवाल्वर और दो जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं। इस संबंध में कुडू पुलिस ने दोनों के खिलाफ कांड संख्या 117/ 23 धारा 25(1बी)ए/26/35 के तहत मुकदमा दर्ज कर बुधवार को जेल भेज दिया। बताते चले के पकड़े गए अपराधियो की कुडु के सीओ सहित कई लोगो को जान से मारने की धमकी मामले में भी पुलिस को इनकी तलाश थी।



पकड़ा गया हथियार।

### जमगई से चार ट्रांसफार्मर की चोरी

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के जमगाई गांव के चार ट्रांसफार्मर की चोरी एक ही रात में कर ली गयी। ट्रांसफार्मर चोरी की सूचना ग्रामीणों ने बिजली विभाग को दी है। बिजली विभाग के सहायक अभियंता मो जीशान ने भंडरा थाना में ट्रांसफार्मर चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसके अनुसार जमगई गांव के टंगरा टोली, मंडप टोली, जमगई खास, जंघई टाना टोली में लगे 16 केबी के चार ट्रांसफार्मर की चोरी 16 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने कर ली है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने बिजली विभाग को दी। इसके बाद सहायक अभियंता ने कर्मियों के साथ स्थल जांच के बाद चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### दूध लदा पिकअप वाहन पलटा

**भंडरा।** लोहरदगा से बेड़ो सड़क में दूध लदा पिकअप वाहन पलट गया। जिसो 2 हजार लीटर दूध बह गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिकअप वाहन धनराज एवं आसपास के क्षेत्र से दूध जमा कर सुबह कंपनी को पहुंचाता है। वाहन में सुधा कंपनी का दूध था। गाड़ी के पलटने से किसी को किसी तरह की चोट नहीं लगी, लेकिन गाड़ी में लदा हुआ सभी दूध बर्बाद हो गया।

### बिजली चोरी के 6 आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज

**भंडरा।** बिजली विभाग के द्वारा बिजली चोरी की छापामारी करने वाले 6 उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। बिजली विभाग के सहायक अभियंता मोहम्मद जीशान ने बताया कि मसमानो पंचायत अंतर्गत बेदाल गांव में आये ग्रुप से बिजली चोरी कर उद्योग करने का सूचना मिली थी। इसी के आधार पर बिजली कर्मी प्रकाश प्रजापति, सुनील कुमार, सुचिंद्र प्रजापति के साथ बुड़का गांव में छापामारी की गयी। जिसमें उमेश उरांव पिता गोडला उरांव, जीतराम उरांव पिता सुका उरांव, तेंबा उरांव पिता जीता उरांव, रघु महली पिता खुदी महली, हीरू महली पिता घुरन महली, जिरकू उरांव पिता धंधों उरांव को अवैध रूप से बिजली चोरी कर उपभोग करते हुए पकड़ा गया। सभी छः व्यक्तियों पर बिजली चोरी का प्राथमिक की दर्ज करायी गयी है।

### चैनपुर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के कुरूमगढ़ मोड़ के समीप बुधवार को चैनपुर पुलिस के द्वारा दुर्गा पूजा व अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें रास्ते से गुजरने वाले सभी दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की डिक्की एवं कागजातों की गहनता के साथ जांच की गई। वहीं बिना हेलमेट के चलने वाले कई वाहनों को जब्त किया गया। वहीं कुरूमगढ़ चौक में वाहन चेकिंग होता देख कुछ लोग दिशा बदलकर भागते भी दिखे। इधर, जांच करते हुए ए एस आई मदन शर्मा ने बताया कि आगामी पर्व दुर्गा पूजा तथा अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन चेकिंग की जा रही है।

### जलापूर्ति का नियमित समाधान करे पीएचईडी



**गुमला।** शहर में पेयजल आपूर्ति बाधित होने की परेशानी को देखते हुए भाजपा का प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष अनूपचंद्र अधिकारी के नेतृत्व में पेयजल विभाग के अद्यीक्षण अभियंता से मिलकर समस्या का नियमित समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति विभाग को आगाह किया गया कि त्योहार के मौसम विभाग द्वारा तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति नहीं होने के कारण आमजन को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार विभाग द्वारा लापरवाही सामने आते रहती है। जिससे शहर की जनता में काफी आक्रोश है।

## सनसाय लोहरा हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझायी, दो अभियुक्त को जेल

- युवक की हत्या कर शव सरहुल भदरा नाला में फेंक दिया गया था, सड़ी गली हालत में मिला था शव



खबर मन्त्र संवाददाता

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के परसा गांव के बगल स्थित सरहुल भदरा नाला में 36 वर्षीय सनसाय लोहरा की हत्या कर शव फेंक दिया गया था। जारी पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्त परसा निवासी 25 वर्षीय अमीरूद्धीन मियां व 65 वर्षीय महिला लुंदरी बीबी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।

इस संबंध में बुधवार को जारी थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने बताया कि मृतक सनसाय लोहरा का शव सड़ागला स्थिति में मिला था। जिसके कपड़े पर अन्य समान से उसके पिता घंडू लोहरा ने पहचान की थी। मृतक के पिता घंडू लोहरा ने घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। उक्त मामले में पुलिस ने अनुसंधान करते हुए हत्याकांड में शामिल दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

## शोकाकुल परिवारों से मिले सुखदेव भगत, बंधाया ढाढ़स



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडू।** प्रखंड के ग्राम सुंदरू के रहने वाले कांग्रेस के युवा नेता इरशाद अंसारी का कुछ दिन पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था। बुधवार को लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत कांग्रेसियों के साथ सुंदरू गांव पहुंच शोकाकुल परिवार से मिल कर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इरशाद के निधन से कांग्रेस पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। इस दुख की घड़ी में पूरा कांग्रेस शोकाकुल परिवारों के साथ है। मौके पर शाहिद अहमद बेलू, मुस्ताक अंसारी, समशुल अंसारी, अरशद अंसारी, सहीम उद्दीन अंसारी, सहाबुल राय, जाकिर अंसारी, शमशेर अंसारी, सालिक अंसारी, माजीद अंसारी, नौशाद अख्तर, मौलाना परवेज, कुर्बान राय, सुल्तान अंसारी थे।

## स्कूलों में नहीं मिल रहा है मध्याह्न भोजन का अनाज

- बच्चों का निवाला छीन लिये माफिया, अप्रैल 2023 से कई स्कूलों में मध्याह्न भोजन बंद
- उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला में माफिया तंत्र इस तरह सक्रिय है कि गरीबों को मिलनेवाले सरकारी अनाज तो डकार रहे हैं अब स्कूली बच्चों के निवाले भी उनसे छीन ले रहे हैं। इसका खुलासा आजसू नेताओं के चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र दौरे में हुआ है। जिसकी जांच की मांग को लेकर बुधवार को आजसू प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान डुमरी प्रखंड के जैरागी उच्च विद्यालय में पिछले अप्रैल माह 2023 से मध्याह्न भोजन बच्चों को स्कूल के द्वारा नहीं दिये जाने का मामला सामने आया।

### बाबा टांगीनाथ धाम परिसर से स्कूटी चोरी

**डुमरी (गुमला)।** डुमरी थाना क्षेत्र के टांगीनाथ धाम परिसर से घूमने आए श्रद्धालु की स्कूटी चोरी हो गयी है। टांगीनाथ दर्शन हेतु छत्तीसगढ़ के जशपुर से ममता कुजुर अपनी स्कूटी से सहेली सुकृति बाई के साथ गोविंदपुर तक आई। जहां से कुलदीप टोप्पो नामक उनका दोस्त भी इनके साथ घूमने आया था और टांगीनाथ परिसर में नो पार्किंग जोन में स्कूटी खड़ी की और स्कूटी से चाभी निकालना भूल गये। जब दर्शन कर नीचे लौटे तो देखा कि स्कूटी नहीं थी। इसके बाद सूचना डुमरी थाना को दी गयी।

## इंडिया से घबरा गयी है केंद्र की भाजपा सरकार: सुखदेव भगत



खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व लोहरदगा के पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कैरो प्रखंड में चाय पर चर्चा करते हुए कहा कि विपक्षी दलों के नये गठबंधन **इंडिया** से केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की सरकार घबरा गयी है। केंद्र की मोदी सरकार के पास न तो गरीबों के लिए कोई योजना है और न ही उनके लिए काम करने का हौसला। लोकतंत्र खतरे में है, देश में आपातकाल की स्थिति है आनेवाला चुनाव सिर्फ लोकतंत्र की रक्षा के लिए हैं। इंडिया का संदेश विकास और समावेश का है।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की पालकोट के होटलों में मिठाइयों की जांच

# नमूना संग्रह कर भेजा रांची लैब

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** त्योहार सीजन में मिठाई व अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर उपायुक्त के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी लव कुमार गुप्ता द्वारा गुमला जिला के पालकोट में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानो एवं होटलों की जांच कर नमूना संग्रह किया गया।

जांच के क्रम में उन्होंने प्रतिष्ठान में स्वच्छता और सफाई रखने का निर्देश दिया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने बताया की त्योहारों के दौरान बाजार में मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है। जिससे बाजार में नकली एवं कम गुणवत्ता वाले भोज्य पदार्थों को बढ़ाने की संभावना हो जाती है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रतिष्ठानों का उचित संचालन करने हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया।



होटल मालिक से जानकारी लेते खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद :** निरीक्षण के दौरान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, लव कुमार गुप्ता, जिला श्रीमती वंदना होरो जिला परामर्शी तंबाकू निषेध इकाई गुमला एवम सूरज कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद थे।

**खास बातें :** टीम ने पालकोट मिष्ठान भंडार एवं डेयरी से काजू बर्फी, होटल सम्राट बस स्टैंड पालकोट से कलाकंद एवं विकास होटल बस स्टैंड पालकोट से पेड़ा का नमूना संग्रहण कर जांच हेतु रांची लैब भेजा गया। अन्नपूर्णा होटल बस स्टैंड पालकोट, गुप्ता भोजनालय पालकोट, सोनाली स्वीट्स एंड चाईनीज फास्ट फूड पालकोट, प्रजापति भोजनालय बस स्टैंड, पालकोट, विकास होटल बस स्टैंड पालकोट, होटल सुरेश पालकोट एवं अन्य विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सोनाली स्वीट्स और चीनी फास्ट फूड पालकोट एवं प्रजापति भोजनालय बस स्टैंड पालकोट से प्रतिबंधित सॉस प्रयोग करते हुए पाया गया। सभी प्रतिष्ठानों पर साफ सफाई में कमी पायी गयी।

# जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक में किसानों को सहूलियत देने पर जोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति (बैंकर्स) की बैठक बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में सर्वप्रथम जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, लोहरदगा के द्वारा जिला में केसीसी की स्थिति, सीडी रेश्यो, पीएमईजीपी आवेदन, पीएमएफएमई के आवेदन, पीएम स्वनिधि के आवेदन, जेएसएलपीएस स्वयं सहायता समूह को निर्गत ऋण की स्थिति की जानकारी दी गयी।

उपायुक्त द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी और जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्राप्त केसीसी आवेदनों का समाधान का योग्य व जरूरतमंद किसानों को केसीसी का लाभ दिलाये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, जो छूटे हुए किसान हैं और केसीसी का लाभ नहीं मिला पा रहा है, उन्हें केसीसी का लाभ दिलाये जाने का निर्देश दिया गया। आवेदनों के निष्पादन के लिए एक बेहतर कार्ययोजना तैयार कर कार्य निष्पादन का निदेश दिया गया।

बैठक में एजीएम, आरबीआई द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों को कर्ज मुक्त अभियान से संबंधित अफवाहों को दूर करने के लिए आवश्यक जानकारी दी गयी।

बैठक में आरबीआई के एजीएम सोहन, अग्रणी बैंक प्रबंधक नवेंदु कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, डीडीएम नाबार्ड संजय त्रिवेदी समेत सभी संबंधित बैंक प्रबंधक व जिला समन्वयक उपस्थित थे।



बैठक करते लोहरदगा डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण।

## स्पीड न्यूज

### संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा किया गया। जिसमें जिला कल्याण पदाधिकारी को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति में शत् प्रतिशत छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करते हुए भुगतान की कार्रवाई करने का निर्देश दिये। इसके साथ-साथ अल्पसंख्यक, कब्रिस्तान घेराबंदी, सरना स्थल घेराबंदी, बिरसा आवास, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में प्रगति लाते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजुर आदि मौजूद थे।

### अनुकंपा आधारित 4 अभ्यर्थियों को उपायुक्त ने दिया नियुक्ति पत्र



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज बुधवार को अनुकंपा आधारित 4 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। जिसमें मनोज कुमार को चंदवारा अंचल, रेयाज खान सतगावां अंचल व राहुल कुमार को सतगावां अंचल में चौकीदार के पद पर अनुकंपा आधारित नियुक्ति किया गया है। वहीं निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर रिषु राज का अनुकंपा आधारित नियुक्ति की गयी है। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसी अनिल तिर्की, स्थापना उप समाहर्ता जयपाल सोय आदि लोग मौजूद थे।

### दो महीने से गुमशुदा व्यक्ति को पुलिस ने परिजन को सौंपा



**सतगावां (कोडरमा)।** थाना प्रभारी के द्वारा पुलिस पब्लिक रिलेशनशिप कायम कर मिशाल पेश किया गया। मंगलवार की देर रात थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह अपनी टीम के साथ रात्रि गश्ती पर निकले थे, इसी दौरान उन्हें खुट्टा चौक के समीप रात्रि में एक अज्ञात व्यक्ति दिखा एवं थाना प्रभारी के द्वारा पूछताछ किया गया तो वो कुछ बता पाने में असमर्थ था। लेकिन किसी सगे संबंधी का नंबर बताया गया तो थाना प्रभारी ने उस नंबर पर बात किया तो पता चला कि अज्ञात व्यक्ति का नाम ओम प्रकाश सुमन पिता स्व.शीतल राम (सेवानिवृत शिक्षक) ग्राम-पश्चिम ठहरा, पो.थाना-मकेर, जिला-सारण का निवासी है और फिर रिश्तेदार के द्वारा गुमशुदा व्यक्ति के बेटा का नंबर दिया गया तो थाना प्रभारी ने दूरभाष के माध्यम से गुमशुदा व्यक्ति के बेटे को दूरभाष से पूरी वृतांत बताया। जिसके बाद बुधवार को गुमशुदा व्यक्ति का पुत्र 25 वर्षीय विकास कुमार थाना पहुंच कर जिम्मेनामा लिखकर अपने पिता को घर ले गया। बताते चलें कि थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह के द्वारा कुछ महीना पहले भी राजस्थान के एक गुमशुदा व्यक्ति को उनके परिजन को बुलाकर जिम्मेनामा पर सुपुर्द किया गया था। थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह के द्वारा किये गए इस नेक कार्य के लिए क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग काफी सराहना भी कर रहे हैं।

### प्रेरणा शाखा ने किया बेबी कीट व थरमस का वितरण

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कन्या भ्रूण संरक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को शारदीय नवरात्र के तृतीय दिन मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झुमरीतिलैया में नवजात कन्या के जन्म पर करीब दस माताओं को बेबी कीट और गर्म पानी का थरमस उपलब्ध कराया। वहीं मुख्य अतिथि बीडीओ सुमन गुप्ता ने कहा कि बच्ची के जन्म को लेकर अब समाज को जागरूक करने की जरूरत है। बेटी बचाओ को लेकर नवरात्र में प्रेरणा शाखा का यह पहल काफी सराहनीय है। वहीं उन्होंने बेटियों के जन्म पर परिवार के लोगों को बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजन से बेटियों के माता-पिता, नाना-नानी के लिए बड़ा सम्मान है। बेटियां बहुमूल्य तोहफा होती है और भगवान के द्वारा दिया गया बहुमूल्य उपहार है। मौके पर कृतिका मोदी, रंजीता तर्वे मीणा हिसारिया, उषा शर्मा, नीलू कुमारी, पूनम कुमारी, सुमित्रा कुमारी, दिनेश यादव, इंद्रदेव यादव आदि मौजूद थे।

### शाखा अदालत का आयोजन



**सतगावां (कोडरमा)।** बैंक ऑफ इंडिया के बासोडीह शाखा एवं सतगावां शाखा के द्वारा बुधवार को शाखा अदालत का आयोजन किया गया। वहीं बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल कांत झा की अध्यक्षता में शाखा अदालत का आयोजन किया गया। वहीं शाखा अदालत में केसीसी ऋण, मुद्रा ऋण, व्यक्तिगत ऋण या अन्य ऋण के खाते जो एनपीए हो गए हैं उनका निपटारा किया गया। शाखा अदालत में वैसे लोगों का ऋण सेटल किया गया जो किसी कारणवश बैंक से लिया गया ऋण नहीं चुका पाए उनका एक मुश्त पैसा लेकर सेटल किया गया। कुल 75 खातों का निपटारा किया गया। एनपीए रिकवरी के रूप में बैंक ऑफ इंडिया बासोडीह से 50 एवं बैंक ऑफ इंडिया सतगावां ब्रांच से लगभग 20 एनपीए खाता धारकों की राशि वसूली गई। मौके पर बीओआई बासोडीह शाखा प्रबंधक आलोक रंजन, सतगावां शाखा प्रबंधक गौरव सिंह, एरिया ऑफिस से अकांश शांडिल्य आदि मौजूद थे।

# भद्रकाली मंदिर में शारदीय नवरात्रि की धूम

## आरती में शामिल हो रहे हैं सैकड़ों भक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में भी शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा पूरे विधि विधान से की गई। मंदिर में यूं तो अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। परंतु माता की संध्याकालीन आरती के समय सैकड़ों महिलाएं, युवक- युवती, बुढ़े व बच्चों की काफी भीड़ जमा हो जाती है। संध्या आरती धीरे-धीरे महाआरती का रूप लेते जा रहा है। मंदिर में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। संध्या आरती के दौरान माता के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा।

दीप जलाने और संध्या आरती में हिस्सा लेने को संध्या पांच बजे से आठ बजे तक महिलाएं को आने का सिलसिला जारी रहा। इधर , नवरात्र शुरू होते ही प्रखंड से लेकर गांव तक का माहौल भक्तिमय बन गया है। प्रखंड के टाल दुर्गा मंदिर सहित इटखोरी चौक, परोका, करनी पितीज, गुल्ली, परसौनी सहित विभिन्न दुर्गा मंदिर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में दुर्गा सप्तशती श्लोक सुनाई दे रही है।

## हिन्दू-मुस्लिम एकता की अनुठी मिसाल है सेरनदाग का दुर्गा पूजा



**टंडवा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सेरनदाग में दुर्गा पूजा उत्सव बड़े ही धूमधाम से वर्ष 1989ई से सभी अगल -बगल पड़ोसी गांव के प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों के आपसी सहमति एवं सहयोग से प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम से शांति पूर्वक ढंग से मनाया जाता है। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गणेश प्रसाद साहु ने बताया कि वर्ष 1989 ई में हमारे गांव में पूजा को शुरआत कराने में तत्कालीन जनसेवक श्री गिरधारी प्रसाद सिंह एवं स्थानीय शिक्षक स्व० झब्बू साहू जी की प्रेरणा से आरंभ किया गया था।जब से गांव में पूजा की शुरूआत हुई तब से पुरा क्षेत्र में सुख समृद्धि और खुशहाली है। वर्षों की भांति वर्ष भी भव्य एवं बहुत ही आकर्षक 70 पिट का उंचा पंडाल का निर्माण किया गया है जिसमें माँ दुर्गा और महिशासुर का भंयकर युद्ध का चलंत झांकी दिखाई जायेगी। इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह कलश स्थापना के दिन भव्य कलश शोभायात्रा, सप्तमी तिथि के दिन पूजा पंडाल का शुभ उदघाटन एवं माता का पट्ट खोला जाएगा,अष्टमी की रात्रि में भव्य भक्ति जागरण, नवमी की रात्रि में स्थानीय बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व विजयादशमी मेंला में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व विशाल रावण दहन कार्यक्रम तथा एकादशी को माता का विसर्जन किया जायेगा।

# बीडीओ ने किया पत्रांक 739 को लुप्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बुधवार को अपने द्वारा निर्गत आदेश पत्र 739 दिनांक 17-10-2023 को विधिवत जांच के आधार पर लुप्त कर दिया है। गौरतलब हो कि उपायुक्त गढ़वा के निर्देशानुसार वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत केतार प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्राम स्तर पर वन समिति गठन के लिए सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। जहां मुकुंदपुर पंचायत के बेलाबार ग्राम सभा से महिला को वन समिति का अध्यक्ष चयन होने पर तथाकथित कुछ लोगो ने नियम विरुद्ध चयन करने का आपत्ति किया था। बीडीओ को पुनः चुनाव कराने की बात कही थी। उक्त मामले को सही मानकर श्री मछुआ ने चुनाव के लिए आदेश पत्र जारी कर दिया था। उसी के आलोक में वन समिति में चुने गए सभी सदस्य, स्थानीय गांव के वार्ड सदस्य सहित सैकड़ो ग्रामीण मुख्यालय पहुंचे। जहां बीडीओ ने नियम संगत जांच किया एवं सभी सदस्यों के सहमति के आलोक में निकाले गए आदेश पत्र को तत्काल लुप्त कर दिया है। मौके पर वन समिति के अध्यक्ष जमीला बीवी, वार्ड सदस्य कसमुद्दीन अंसारी, स्वयंसेवक राज किशोर सिंह, योगेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, आमना बीबी, असीमा बेबी, जुबेदा बीबी, सुबास अंसारी, नेसामुद्दीन अंसारी, शमीम अंसारी, खुशबून बीबी, कैसर बीबी, साबित अली अंसारी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**केतार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहिया समता उच्च विद्यालय पंडा नदी पुल के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मुकुंदपुर गांव निवासी जयराम पासवान के दो पुत्र 18 वर्षीय पंकज पासवान एवं 12 वर्षीय छोटू कुमार अपने गांव मुकुंदपुर से बाइक से केतार जा रहा था। वहीं नवाडीह गांव निवासी शाकिर अली के 16 वर्षीय पुत्र शाहिद अंसारी केतार बाजार से बाइक चलाकर अपने घर नवाडीह जा रहा था। इसी बीच लोहिया समता उच्च विद्यालय के समीप अनियंत्रित होकर दोनों बाइक आपस में टकरा गए। जिसमें पंकज पासवान का दाहिना हाथ एवं पैर टूट गया। वहीं छोटू कुमार एवं शाहिद अंसारी को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटे लगी है। आनन-फानन में राहगीरों ने डॉ. निशंक त्रिम के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर रेफर कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक तीन युवकों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** दुर्गा पूजा को लेकर तिलैया थाना परिसर में बुधवार की देर शाम बीडीओ की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में बीडीओ सुमन गुप्ता, सीओ अनिल कुमार, नगर परिषद के प्रतिनिधि निर्मल कुमार सहित अड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति को छोड़कर सभी पूजा समिति व शहर के प्रबुद्ध लोग मौजूद थे। बैठक में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने पर्व को शांति के साथ मनाने की अपील की गई। वहीं उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर सभी पूजा पंडाल सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, साथ ही असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। पूजा समिति को इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी तरह का भगदड़ ना हो। उन्होंने कहा पूजा में विधि व्यवस्था को लेकर आगामी शनिवार को एक बार फिर से आपस में बैठकर विचार विमर्श किया जायेगा। बैठक में शामिल विभिन्न पूजा कमेटी के सदस्यों की ओर से पानी बिजली सहित शहर में बड़े वाहनों पर प्रवेश जगह-जगह बैरिकेडिंग की मांग रखी गई। मौके पर प्रेम पांडेय, अनिल सिंह, संतोष यादव, अनवर उल हक, हाजी गुलाम जिलानी, अजय वर्मा, राजू साव, राज कपूर सिंह, राजू राणा, आशीष सिंह, राजीव सिंह, नीरज कर्ण, मो इशाक, शमीम आलम, लड्डू समेत कई लोग मौजूद थे।

## पंडाल निर्माण का काम अंतिम चरण पर

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पंडालों में स्थापित की गई मां दुर्गा की प्रतिमा शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र का धूम मचा हुआ है, जगह-जगह महाआरती के आयोजन हो रहे हैं, तो कई जगहों पर पूजा अर्चना और विशेष श्रृंगार हो रहे हैं, पूरा प्रखंड भक्ति में लीन है। संध्याकाल होने वाली महाआरती में भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं बुधवार को चतुर्थी माता कुष्मांडा की पूजा अर्चना की गई। प्रखण्ड में चंदवारा, भोंडो, थाम, मदनगुण्डी, तिलैया डैम, कांटी आदि स्थानों पर माता रानी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर विशाल पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल निर्माण का कार्य, अंतिम चरण में है। पूजा पंडालों के समीप सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस बल को तैनात किया गया है। वहीं प्रखंड की मुख्य तीर्थस्थली दोमुहानी बैकुण्ठ धाम जो धरना स्थली के रूप में जाना जाता है।

## श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत स्थित नावाडीह 1 दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार रात्रि कथा सुनाते हुए कथा वाचिका अनुपमा रामायणी ने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान न हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना ही नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों न हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाहा होना पड़ा। कथा के बाद आयोजित भंडारा को कथा सुनने वाले के बीच वितरण किया गया।

# हर घर में नल से मिलेगा जल, प्रति व्यक्ति 55 लीटर मिलेगा पानी : मंत्री

## मंत्री ने किया मेराल प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता



पूजा समिति के लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुावार को मेराल प्रखंड के विभिन्न गावों में पूजा पंडाल का भ्रमण किया। मंत्री ने पूजा अर्चना कर गढ़वा के सुख, शांति, समृद्धि एवं विकास की कामना की। सभी पूजा पंडालों में सहयोग राशि भी प्रदान किया। मौके पर मंत्री ने अटौला स्थित शिव मंदिर मंडप एवं छपरवार स्थित देवी मंडप का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। पूजा समिति के लोगों ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। साथ ही मंत्री ने समिति के लोगों को सम्मानित भी किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने उपस्थित लोगों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता रानी का आशीर्वाद एवं गढ़वा के जनता के सहयोग से आज गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी तेजी से बेहतर विकास कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में पेयजल की काफी समस्या बनी रहती है। बहुत जल्द यह समस्या दूर होगी। आगामी दो साल के अंदर हर घर में नल से जल मिलेगा। पानी के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को 55 लीटर के हिसाब से पानी मिलेगा। यदि कभी 55 लीटर से कम प्रति व्यक्ति पानी मिले तो आप ठेकेदार को बाांकर घर में रख लें। यदि आपको पूरा पानी नहीं मिलता है, तो ठेकेदार का भी खाना पानी बंद कर दें। उन्होंने कहा कि अपना हक एवं अिाकार लेने के लिए ग्रामीणों को जागरूक होना पड़ेगा। अपना अधिकार लड़कर लेना होगा। यदि ग्रामीण जागरूक नहीं होंगे तो ठेकेदार खर्च बचाने के लिए कम मोटर चलाकर कम पानी भी आपूर्ति कर सकता है। इसके लिए ग्रामीणों की जागरूकता जरूरी है। मंत्री ने कहा कि जब तक हर घर में नल से जल नहीं पहुंचता है तब तक के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री से लड़कर प्रत्येक पंचायत में 10-10 चापाकल लगवाने की व्यवस्था किया है। इसका टेंडर भी हो चुका है। यथाशीघ्र चापाकल लगाने का कार्य पूर्ण होगा। मंत्री ने कहा कि ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा आवश्यकतानुसार चयनित स्थान पर ही चापाकल लगेगा। ऐसा नहीं होगा कि झामुमो के नेता, कार्यकर्ता हैं, विधायक के आदमी हैं तो उनके आंगन में चापाकल लगे। ऐसा कभी नहीं होगा। जहां जरूरत हो वहीं लगेगा। मंत्री ने कहा कि दिल्ली के गद्दी पर जो लोग बैठे हैं वे झारखंड की जनता को कितना परेशान कर रहे हैं यहां के गरीबों को आवास तक नहीं दिया गया। यह सब माता रानी देख रही हैं। ऐसे लोगों को सबक सिखायेंगी। उन्होंने कहा कि आज कैबिनेट है फिर भी मैं शामिल नहीं हुआ। अपने क्षेत्र के जनता के बीच उनकी समस्या दूर करने के लिए साथ में हूं। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, मेराल प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, सचिव राजेश बैठा, सुड्डू, मिथिलेश देव, राजेंद्र चौधरी, धर्मराज भारती, दयानंद तिवारी, उदय तिवारी, नंदू तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, गंगा चंद्रवंशी, रमेश पाल, जयनंदन सिंह, बबीता देवी, सुजाता सिंह, लव कुमार, ललन चंद्रवंशी, प्रदीप साव, अनिल साह, लालबिहारी प्रजापति, अवधेश पासवान, ब्रजेश चंद्रवंशी, दीपमाला, आराधना सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### अनुमंडल क्षेत्र के पांच प्रखंड के 55 पंचायत में डीएमएफटी 237 योजनाएं संचालित है

**सिमरिया।** एसडीओ सुधीर कुमार दास ने बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र के पांच प्रखंड में डीएमएफटी मद से संचालित योजनाओं को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र के पांच प्रखंड के अंतर्गत 55 पंचायतो में डीएमएफटी मद से कुल 237 योजनाएं चल रही है। जिसमें पीसीसी पथ निर्माण फूल, पुलिया, आंगनबाड़ी केंद्र की मरमती, चबूतरा निर्माण, आहर जीर्णोद्धार खेल मैदान का सुंदरीकरण, स्टेज निर्माण आदि योजनाएं सामिल है। उन्होंने बताया कि सिमरिया प्रखंड के 17 पंचायत में 107 योजना 31 करोड़ 11 लाख 32 हजार तीन सौ रुपए की लागत से किया जा रहा है। लावालोंग के 8 पंचायतो में 18 योजना 8 करोड़ दो लाख 44 हजार के लागत से पत्थलगड़ा के पांच पंचायत में 20 योजना 5 करोड़ 19 लाख गिधौर में तीन पंचायत में 8 योजना एक करोड़ 84 लाख की लागत से,और टंडवा प्रखंड के 17 पंचायत में 84 योजना 32 करोड़ 42 लाख की लागत से किया जा रहा है। एसडीओ ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र में जिन पंचायत में योजना संचालित नहीं है उसे पंचायत में योजना स्वीकृत कर ली गई है।

### मेरी माटी मेरा देश पर निकला अमृत कलश यात्रा

**चतरा।** नेहरू युवा केंद्र, चतरा व सीआरपीएफ बल 190 वाहिनी,चतरा द्वारा चतरा कालेज चतरा परिसर में मेरी माटी मेरा देश अंतर्गत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। अमृत कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। चतरा कालेज चतरा प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि गांव-गांव से एकत्रित की गई मिट्टी को लाने के लिए ह्वअमृत कलश यात्राह्व का शुभारंभ हुआ है। ह्वमेरी माटी-मेरा देशह्व अभियान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए पंच प्रण के महान भारत की रचना का राजमार्ग है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी की मानसिकता को दूर करना, अपनी जड़ों-परंपराओं पर गर्व करना, एकता और अखंडता के लिए जीवन समर्पित करने का प्रण, नागरिकों में कर्तव्य की भावना को जागरूक करने के संकल्प लेने का आह्वान किया था।

### फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार

**चतरा।** जिले के टंडवा थाना कांड संख्या 58/23 के टंडवा थाना अंतर्गत ग्राम होन्हे निवासी सीसीएल कमी संजय कुमार की निर्मम हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेक देने के मामले में फरार अभियुक्त थाना क्षेत्र के ग्राम होन्हे गांव के शिव कुमार यादव पिता अशेश्वर यादव ग्राम के घर पर टंडवा थाना पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। एएसआई अभिनव आनंद ने बताया कि अभियुक्त के घर पर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार चिपकाने के बाद आत्मसमर्पण नहीं करने की स्थिति में कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### माई प्रबल दंड प्रचंड भुजबल स्त्रोत को भक्ति गीत में किया गया लांच

**इटखोरी।** मेलोडी रिटर्न्स चतरा के द्वारा मां भद्रकाली मंदिर में बुधवार को देवी स्त्रोत माई प्रबल दंड प्रचंड भुजबल को भक्ति गीत के रूप में लांच किया गया। इस देवी स्त्रोत को भक्ति गीत के रूप में स्वर देने वाले अभिषेक प्रधान की उपस्थिति में चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने लांच किया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चाप भक्ति गीत के बैनर का अतिथियों में विमोचन किया। इस मौके पर अपने संबोधन में पूर्व विधायक ने कहा कि चतरा में प्रतिभा की कमी नहीं है। यहां एक से बढ़कर एक कलाकार है।

### वन अधिकार समिति से संबंधित बैठक संपन्न

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में वन अधिकार समिति से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति से प्राप्त प्रस्ताव को समिति द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति से आए प्रस्ताव में मुख्य रूप से ग्राम-सोहबरिया, अंचल-मेराल में पिछड़ी जाति आवासीय उच्च विद्यालय निर्माण के लिए एफआरए निर्गत करने एवं 132 केभी, रमकण्डा-गढ़वा ट्रांसमिशन लाईन निर्माण को लेकर आए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से समिति द्वारा पारित किया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी दिलीप कुमार यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी शशि कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, समिति के अन्य संबंधित सदस्य, कल्याण पर्यवेक्षक विजय कुमार मिश्र उपस्थित थे।

### मंत्री के कार्यों से प्रभावित हो 50 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को मेराल प्रखंड के छपरवार खुर्द, चेचरिया, खोरीडीह, विकताम, अरंगी, पढ़ुआ, लोवादाग, संगबरिया, तेनार, बस स्टैंड मेराल (मेराल पश्चिमी), मेराल पूर्वी, गोंदा, अरंगी, करकोमा, हासनदाग, गेरूआ, बाना आदि पंचायतों के विभिन्न गावों में स्थित पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान मेराल प्रखंड के छपरवार खुर्द दुर्गा पूजा पंडाल भ्रमण के दौरान विभिन्न पार्टियों के 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया।

### दो बाईक की भिड़ंत में चार घायल

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य पथ पर सोहगाड़ा-भंडरिया के बीच छटका बांध पर दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। जानकारी के अनुसार जेएच 14 जे - 0112 हीरो मोटरसाइकिल पर पलामू जिला के कोसिआरा बरवाडीह निवासी राम अवतार ठाकुर के 25 वर्षीय पुत्र मुकेश ठाकुर, शिवकुमार विश्वकर्मा के 19 वर्षीय पुत्र बबी कुमार एवं केतार थाना क्षेत्र के हुरका गांव निवासी पंकु ठाकुर सवार होकर मोहम्मगंज की ओर से मोखापी जा रहे थे। जबकि दूसरे जेएच 14 जे - 7542 अपाचे मोटरसाइकिल से कांडी थाना क्षेत्र के चचररिया गांव निवासी छोटू उपायाय के पुत्र गोलू कुमार, अमरेश मिस्त्री का पुत्र रजनीश कुमार अपने घर से मोहम्मद्गंज की ओर जा रहे थे। इस दौरान दोनों मोटरसाइकिल के आमने-सामने टक्कर हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि अपाचे मोटरसाइकिल सवार तेज गति से जा रहे थे इसके कारण दुर्घटना हुई है। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों के द्वारा परिजनों को सूचना दी गई उसके बाद निजी वाहन से इलाज के लिए माझिआंव रेफरल अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना में मुकेश कुमार, बबी कुमार, रजनीश कुमार एवं गोलू कुमार उपायाय को गंभीर चोट लगा है। वहीं पंकू कुमार ठाकुर को मामूली चोट लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटना के घंटों बीत जाने के बाद पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।

### फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय में बुावार को मुख्य मार्ग के दोनों तरफ दुकान एवं मकान के आगे के फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त करने का अभियान शुरू कर दिया गया। बता दें कि उपायुक्त शेखर जमुआर के आदेश के आलोक में अतिक्रमणरोाी अभियान शुरू किया है। बताया जाता है कि रमना मुख्य पथ पर दो-चार पहिया वाहन की घंटो पार्किंग, दुकान के सामने बोर्ड-बैनर, छाजा तथा चौक-चौराह के अगल-बगल ठेला, खोमचा से हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। जाम की समस्या से निजात पाने के लिए और आवागमन में हो रही परेशानी को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर उक्त अभियान शुरू किया गया है। सीओ बासुदेव राय एवं थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाह ने बताया कि जिला के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर अंचल प्रशासन की ओर से यहां अतिक्रमण रोधी अभियान शुरू किया गया है।

## स्पीड न्यूज

### धर्मेंद्र कुमार महतो बने बालूमाथ के नये थाना प्रभारी

**बालूमाथ।** बालूमाथ के नए थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो को बनाया गया है। लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है ज्ञात हो की तत्कालीन थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद का स्थानांतरण बिगत दो माह पूर्व मुसाबनी हो जाने के बाद बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे थे। धर्मेंद्र कुमार महतो पूर्व में भी बालूमाथ थाना प्रभारी के पद पर लगभग 13 माह कार्य कर चुके हैं। धर्मेंद्र कुमार महतो बुधवार को अपना योगदान दिया। पुलिस अधीक्षक ने सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलयरी में हो रहे रंगदारी व वर्चस्व को लेकर बराबर हो रहे झड़प को देखते हुए वहां के पिकेट प्रभारी नितिश नीतीश कुमार को बालूमाथ थाना वापस बुला लिया है। वहीं बालूमाथ थाना में कार्यरत सब इंस्पेक्टर धीरज कुमार सिंह को तेतरियाखाड़ का पिकेट प्रभारी बनाया गया है।

### बिपिन कुमार दुबे ने महुआडांड़ एसडीएम का प्रभार किया ग्रहण



प्रभार ग्रहण करते नये एसडीएम।

**महुआडांड़।** बिपिन कुमार दुबे ने बुधवार को महुआडांड़ एसडीएम का प्रभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत बिपिन कुमार दुबे ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता सरकार की जो गाईडलाईन है उसका अक्षरशः पालन करना है। पत्रकारों एवं आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास आपलोगों के सहयोग के बिना संभव नही है सो आपलोग सहयोग करें। एसडीएम बिपिन कुमार दुबे ने कहा कि प्रखंड का चहुमुंखी विकास करना ही मेरा मकसद है। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए पूरा प्रयास करेंगे। वहीं निवर्तमान एसडीएम नीत निखिल सुरीन ने सहयोग के लिए स्थानीय लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही प्रभार ग्रहण करने आये नए एसडीएम बिपिन कुमार दुबे को भी सहयोग करने की अपील की। इस दौरान निवर्तमान एसडीएम नीत निखिल सुरीन ने अपने महुआडांड़ में व्यतीत किये गए अनुभव को साझा भी किया एवं सभी का आभार व्यक्त किया।

### अमित पांडेय ने छात्रों के साथ की बैठक

**लातेहार।** जिला आजसू कार्यालय लातेहार में बुधवार को छात्रों के साथ बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने किया। मुख्य रूप से सरकार के द्वारा जोहार यात्रा के दौरान लातेहार में डिग्री कॉलेज का उद्घाटन कर अभी तक डिग्री कॉलेज का न खुलना छात्रों के साथ धोखा है। वर्तमान सरकार लगातार छात्रों के साथ धोखा कर रही है और विकास सिर्फ बैनर पोस्टर पर दिखाई दे रहा है। जिला मुख्यालय में सरकारी डिग्री कॉलेज का न होना जिले के लिए अभिशाप है। कॉलेज जल्द से जल्द खुलवाने के लिए आजसू पार्टी निरंतर छात्रों के बीच जाकर उन्हें जागरूक करने का काम करेगी तथा लातेहार के छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ पुरजोर तरीके से आंदोलन करेगी। मौके पर जिला प्रवक्ता नीतेश पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, प्रत्यूष कुमार, अंकित कुमार आदि छात्र उपस्थित थे।

## नवरात्र में भक्तिमय हुआ महुआडांड़, महाआरती एवं नवाह्न पाठ में उमड़ रही है भक्तों की भीड़

# पहली बार हो रहा है पंडाल का निर्माण : विधायक रामचंद्र सिंह

खबर मंत्र संवाददाता

**महुआडांड।** शारदीय नवरात्रि के इस पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महुआडांड प्रखण्ड में नवरात्र का पर्व पुरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दुर्गा पूजा को लेकर महुआडांड़, रामपुर, राजडंडा, बोहटा, बराही, नेतरहाट, हामी व चटकपुर मे संबंधित ग्राम के पूजा समिति के द्वारा माँ दुर्गे की प्रतिमा को स्थापित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर पुरा क्षेत्र निरंतर मंत्रोचार और भक्ति संगीत से गुंजायमान हो उठा है।



मौके पर मौजूद समिति के लोग।

धूमधाम से मनेगा दुर्गा पूजा, दशमी को रावण दहन, एकादशी को निकाली जाएगी शोभायात्रा

हर वर्ष की भांति इस बार भी कलश स्थापना के साथ ही नवपराह्न पाठ प्रारंभ हो गया है। हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि षष्ठी को बेल वरण, सप्तमी को प्राण प्रतिष्ठा, दशमी को स्थानीय बस स्टैंड में रावण दहन किया जायेगा। नवमी व दशमी दोनों दिन भंडारा का आयोजन किया जायेगा। एकादशी को शोभायात्रा निकाल कर मुर्ति विसर्जन किया जायेगा। महुआडांड में कार्यक्रम को सफल बनाने में हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, मुख्य संरक्षक बृजमोहन जायसवाल, उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद, महामंत्री बिजय प्रसाद, भानू प्रसाद, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता (खाद्य दूकान), दिलीप कुमार गुप्ता, प्रशांत सिंह, हीरा जायसवाल, अजय प्रसाद (आढ़त), संदीप कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, पंडित सर्वेश पाठक आदि सहित हिन्दू महासभा कार्यकारिणी के सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। महुआडांड हिन्दू महासभा के तत्वाधान में महुआडांड स्थित दुर्गा बाड़ी परिसर में इस वर्ष पहली बार पूजा पंडाल का निर्माण कार्य हो रहा है। ये पूजा पंडाल मंदिर के लुक में नजर आयेगा। इसे लेकर बाहर से आये कलाकारों के द्वारा निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि पंडाल का उद्घाटन आगामी 21 अक्टुबर शनिवार को विधायक रामचंद्र सिंह करेंगे।

## बीडीओ ने अधूरे पीएम आवास लाभुकों को दी अंतिम चेतावनी

▸▸ 15 नवंबर तक पूर्ण करें आवास अन्यथा कार्रवाई को रहें तैयार : राकेश सहाय

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के केचकी पंचायत सचिवालय सभागार में बुधवार को पचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह की उपस्थिति में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने पंचायत के आवास लाभुकों के साथ बैठक कर अधूरे आवास को एक महीने के अंदर 15 नवंबर से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम आवास प्रखंड कोर्डिनेटर दीपक कुमार भी उपस्थित थे। मौके पर बीडीओ श्री सहाय ने कहा कि कई लाभुकों ने अग्रिम राशि लेकर भी आवास निर्माण कार्य को शुरू किया ही नहीं है, और कुछ लाभुको ने आवास निर्माण कार्य अधूरे रखा है। वहीं वैसे लाभुक जो सक्षम होने के बावजूद भी आवास के निर्माण में दिलचस्पी नहीं दिखा रहें है। वैसे लोगों को प्रखण्ड प्रशासन की ओर से अंतिम चेतावनी दी जा रही है कि वह समय पर अपने-अपने आवास को पूर्ण कर लें अन्यथा प्रशासन को कारवाई के लिए विवश होना पड़ेगा। मौके पर कनीय अभियंता शिव मोहन उरांव, पंचायत सचिव सत्येन्द्र सिंह, रोजगार सेवक मनोज कुमार, उप मुखिया पति हरेंद्र राम और आवास मित्र उमेश कुमार समेत पीएम आवास के दर्जनों लाभुक उपस्थित थे।



बैठक में लाभुकों को निर्देशित करते बीडीओ।

## चंदवा में प्रखंड स्तरीय पीडीआइ कार्यशाला का हुआ आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** उपनिदेशक पंचायती राज विभाग रांची झारखंड के पत्रांक 2574 के आलोक में बुधवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड स्तरीय पंचायत विकास सूचकांक (पीडीआई) संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय कुमार और संचालन पंचायती राज विभाग के प्रखण्ड समन्वयक रितेश कुमार ने किया। कार्यशाला में डीपीएम मानस मंडल व पंचायती राज प्रखण्ड समन्वयक रितेश कुमार ने बताया कि पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार पंचायत के डेवलपमेंट को लेकर पंचायत विकास सूचकांक (पीडीआई) तैयार की जा रही है। जिसके निमित सभी पंचायतों के विकास के लिए कार्य योजना तैयार किया जा रहा है, ताकि पंचायत का बेहतर विकास हो सके। बैठक में मनरेगा बीपीओ रतन शाहदेव, पशु चिकित्सा पदाधिकारी सरोज लकड़ा, मुखिया दुर्गावती देवी, मालो देवी, फुलजेन्सिया टोप्पो, संगीता लकड़ा, रंजीत उरांव, पंसस बुधन गंझू, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कनीय अभियंता, बाल विकास परियोजना पर्यवेक्षिका, सभी पंचायतों के मुखिया, पंसस, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, वीएलई, स्वयं सेवक समेत कई विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।



कार्यशाला में शामिल लोग।

## एक नजर में

### श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ परिसर में रामलीला के अलावा संध्या में भक्ति जागरण का आयोजन

**लातेहार।** श्रीरामचरित मानस नवाह्य परायण पाठ महायज्ञ का 50 वां अधिवेशन लातेहार में आयोजित किया जा रहा है। दिन में मानस पाठ के बाद संध्या में प्रतिदिन रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ समिति के प्रवक्ता चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि शारदीय नवरात्र के चौथी तिथि से नवमी तिथि तक प्रतिनिध संध्या में महायज्ञ परिसर मे रामलीला के अलावा भक्ति जागरण का भी आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि वाराणसी के कलाकारों के द्वारा भगवती जागरण व झांकिया निकाली जायेगी। कलाकारों के द्वारा श्रीराम दरबार के अलावा माता दुर्गा, राम भक्त हनुमान आदि की आकर्षक झांकियां निकाली जायेगी। उपाध्याय ने बताया कि महायज्ञ इस वर्ष स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है। इसे यादगार बनाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। महासमिति के मुख्य संरक्षक सह विधायक बैद्यनाथ राम के अलावा अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, महामंत्री सुदामा प्रसाद व कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका के अलावा महासमिति के सभी छोटे-बड़े सदस्य इस आयोजन को सफल बनाने के लिए दिन रात लगे हैं।

### मनिका थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र स्थित डिग्री कॉलेज मोड़ के पास दिन बुधवार को मोटरसाइकिल सवार दो लोग नीरज बस के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद बस ड्राइवर घटनास्थल से बस लेकर भाग निकला। आस-पास के ग्रामीणों ने बताया कि नीरज अर्श नामक बस मोटरसाइकिल सवार लोगों को धक्का मारकर भाग गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी अख्तर अंसारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया। जहां घायलों की पहचान महादेव नायक उम्र 30 वर्ष और रंजीत नायक उम्र 25 वर्ष दोनों ग्राम सरजू (लातेहार) के रूप में हुई। वहीं दोनों घायलों को डॉ दिव्य क्षितिज कुजूर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर मनिका थाना एस आई प्रदीप कुमार राय, एएसआई मिश्रा मांझी, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह अस्पताल पहुंचकर घायल व्यक्तियों को सदर अस्पताल लातेहार पहुंचवाया।



दुर्घटना स्थल में घायल युवक।

### टोरी क्रॉसिंग के समीप स्थित सोनू गैरेज से 15 टायर की चोरी

**चंदवा।** चंदवा शहर में दो दिनों के अंदर चोरी की दूसरी घटना को अंजाम दिया है। सोमवार की रात्रि कंचन नगरी में दुलारचंद बैठा के घर मे चोरी का मामला ठंडा भी नही पड़ा था कि मंगलवार की देर रात्रि एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित चंदवा के टोरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप स्थिति सोनू गैरेज में चोरों ने ताला तोड़कर 15 बाइक व स्कूटी टायर की चोरी कर ली। भुक्तभोगी दुकानदार मो. जावेद ने बताया कि वह क्रोसिंग के समीप पंचर व टायर बिक्री का दुकान चलाता है। मंगलवार की रात्रि लगभग 9 बजे दुकान बंद कर घर चला गया। दुकान के समान व टायर को दुकान से सटे सोनू गैरेज में रखा था। बुधवार की सुबह जब दुकान आया तो पंचर दुकान में चोरों द्वारा सेंधमारी की गई थी। साथ ही सोनू गैरेज में जंजीर में बांध कर रखे 15 टायर की चोरी चोरों द्वारा ताला तोड़कर कर ली गई। इस घटना में उसे लगभग 35 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। दो दिनों के अंदर चंदवा शहर में चोरी की दूसरी घटना सामने आने के बाद लोगों में भय देखा जा रहा है।

## चतरा लोकसभा सीट से झामुमो नेता की दावेदारी को लेकर बढ़ी सक्रियता



बैनर पोस्टर लगाते जेएमएम नेता व कार्यकर्ता।

▸▸ जगह-जगह पर लग रहे बैनर पोस्टर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** चतरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर त्यौहार के बहाने नेताओं की सक्रियता बढ़ गई है। वहीं इन सब में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ सहदेव की भी सक्रियता बढ़-चढ़कर देखी जा रही है। जहां झामुमो के नेता और कार्यकर्ता भी चतरा लोक सभा सीट से उम्मीदवार के रूप में लाल मोती नाथ शाहदेव का नाम प्रस्तावित कर रहे हैं। वहीं लाल मोती नाथ के समर्थक बरवाडीह प्रखंड समेत पूरे लोकसभा क्षेत्र में बैनर पोस्टर लगाकर त्योहारों की बधाई संदेश दे रहे है। इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता शशि भूषण तिवारी ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता की वर्षो से मांग है कि इस बार स्थानीय प्रत्याशी को ही पार्टी टिकट दे। इस बार जनता की मांग भी पूरी होगी और एक जनप्रिय स्थानीय प्रत्याशी भी लोकसभा क्षेत्र की जनता को मिलेगा। मौके पर महबूब आलम, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सिराजुल अंसारी और अशोक कोरवा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर महुआडांड़ थाने में शांति समिति की हुई बैठक

▸▸ एसडीओ ने शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा मनाने का किया आह्वान

खबर मंत्र संवाददाता

**महुआडांड।** दुर्गा पूजा को लेकर बुधवार को महुआडांड थाना परिसर में महुआडांड एसडीएम बिपिन कुमार दुबे की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीओ बिपिन कुमार दुबे ने शांतिपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा मनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करें। कोई भी बात होने पर विवाद से बचे, कानून हाथ में न लें। असमाजिक तत्वों की पहचान कर हमें सूचना दें हम सख्त कार्रवाई करेंगे। एसडीओ बिपिन कुमार दुबे ने कहा कि विवादित गाने न बजायें। महुआडांड डीएसपी राजेश कुजूर ने कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस 24 घंटा तत्पर है।



बैठक में उपस्थित लोग।

पूजा पंडाल के आसपास असामाजिक तत्व नजर आने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। हर पूजा पंडाल व उसके आसपास पुलिस की तैनाती की जाएगी। वही बैठक में उपस्थित बीडीओ अमरेन डांग, सीओ संतोष कुमार बैठा, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान और एसआई संजय रतन ने पूजा समितियों से सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करते हुए पूजा आयोजित करने की अपील की। सोशल मीडिया सहित वाट्सएप्प ग्रुप के संचालन में कड़ी नजर रखते हुए भ्रामक खबर चलाने वाले पर कारवाई करने की बात कही गई। बैठक में जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, उपप्रमुख सह 20 सूत्री अध्यक्ष अभय मिंज, भाजपा नेता संजय जायसवाल, बजरंग दल के पलामू विभाग संयोजक सुरज प्रसाद, विहिप के प्रदीप जायसवाल, आरएसएस के खण्ड प्रमुख राजन कुमार, संत जोसेफ विद्यालय के प्राचार्य फादर दिलिप एक्का, सरना समिति के अजय कुमार उरांव, सरस्वती शिशु विद्यालय के प्राचार्य चन्द्र कुमार बेसरा, हिन्दू महासभा के संरक्षक बृजमोहन जायसवाल, महामंत्री भानू प्रसाद, संजय राय, दिलीप प्रसाद, आनंद नाथ शाह, बिहारी जायसवाल, संदीप कुमार, हरिलाल प्रसाद, रामनरेश ठाकुर, सभी पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधि गण आदि मौजूद थे।

# चंदवा में दुर्गा पूजा का रहा है पुराना इतिहास



## वर्ष 1935 से दुबे जी के गोला में हो रही पूजा लगातार स्थापित होता रहा है पूजा पंडाल

**महाबीर मंदिर सेरक :** 1960 में निर्मित इस मंदिर में 1988 से मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। यहां की खासियत है कि इस मंदिर की राग-भोग के लिए 52 एकड़ भूमि दान में मिली है।

**शिव मंदिर रामपुर** यहां 1983 से माता की पूजा हो रही है। युवकों की टोली तैयारी में लगी है।

**देवी मंडप रूद** बरवाटोली पंचायत के रूद गांव में 1982 से मां दुर्गे की पूजा हो रही है। स्थानीय युवकों के सहयोग से तैयारी जारी है।



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाके के शारदीय नवरात्र को लेकर उत्साह व उमंग देखने को मिल रहा है। कलश स्थापना के बाद से हीं पूजा पंडालों में माता रानी की पूजा अर्चना जारी है। पूजा समितियों के द्वारा एक से एक भव्य पंडाल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। प्रखंड में अब तक का जो इतिहास रहा है शहर में पूजा अर्चना शांतिपूर्ण रूप से होती आ रही है। संवेदनशील पूजा पंडाल के रूप में शहर का एक भी पंडाल चिन्हित नही है। प्रखंड में अनेको जगह पूजा होती है।

### श्री दुबे जी का गोला

यहां 1935 में स्व. शिवव्रत दुबे, स्व. बाला नाथ पांडेय, स्व. रामखेलावन साव समेत अन्य प्रबुद्धजनों ने प्रतिमा स्थापित कर मां दुर्गे की पूजा अर्चना शुरू की थी। 2016 में इसे सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का नाम दिया गया। अध्यक्ष संजय दुबे, सचिव सुरेंद्र वैद्य, संरक्षक हरिनन्दन दुबे, राजू सिंह, संजीव आजाद कोषाध्यक्ष अजय वैद्य समेत दुबे परिवार के नेतृत्व में पूजा अर्चना भव्य रूप में हो रही है। अन्य सदस्यों की भी विशेष सहयोग पूजा समिति को मिलती आ रही है।

**दुर्गा मंडल रक्सी जमीरा :** यहां वर्ष 2020 से मां की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। पूजा रक्सी, जमीरा, महुआमिलान, पिपराही, लोहसिंगना समेत कई गाव के लोगो के सहयोग से सम्पन्न होता है। यहां भी विजयादशमी को जतरा लगता है। इस वर्ष पूजा समिति के अध्यक्ष सितमोहन मुंडा हैं, वहीं कार्यकारी अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति व सचिव मणिलाल यादव है।

**दुर्गा मंडप हरैया-कामता** 2000 से यहां मां दुर्गे की पूजा की शुरूआत की गयी थी। आचार्य पंडित बालकृष्ण देवज्ञ के सानिध्य में हर वर्ष पूजा होती है। दशमी के दिन जतरा व रावण दहन की परंपरा है। अध्यक्ष मनीष सिंह के नेतृत्व में तैयारी को अंतिम रूप देने का कार्य जारी है।

**दुर्गा मंडल बुध बाजार** यहां 1972 से लगातार पूजा जारी है। अध्यक्ष रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में युवकों की टोली तैयारी में लगी है। इस वर्ष भी स्थानीय खेल स्टेडियम में रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

**रेलवे स्टेशन टोरी** 1967 से यहां मां की पूजा अनवरत जारी है। रेलवे अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय लोगों के सहयोग से पूजा की जाती है। यहां के दुगार्पूजा में बंगाली परंपरा की छाप देखने को मिलती है।

**शिव मंदिर थाना टोली :** यहां 2009 में पूजा की शुरूआत की गयी। अध्यक्ष सतेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में युवकों ने पूजा को भव्य रूप देने का संकल्प लिया है। पंडित प्रदीप उपाध्याय के सानिध्य में मां अंबे की पूजा जारी है।

**कइलाखांड़ रूद** यहां 1998 से मातेश्वरी की पूजा जारी है। दशहरा के दिन जतरा मेला का आयोजन होता है। समाजसेवी सुरेश गंझू के नेतृत्व में पूजा की तैयारी जारी है।

**मां वनशक्ति मंदिर रूद :** 2004 से यहां मां अंबे की पूजा हो रही है। मुखिया समेत बुजुर्गों के मार्गदर्शन में युवकों का दल तैयारी में लगा है। अध्यक्ष सरदार सिंह के नेतृत्व में यहां पूजा होती है।

**महाबीर मंदिर ब्रह्माणी :** यहां 1954 से लगातार पूजा की जा रही है। पंडित जगदीश पांडेय व ग्रामीणों द्वारा इसकी शुरूआत की गयी थी। अब भी परंपरा जारी है।

**दुर्गा पूजा समिति काली निंद्रा :** यहां पर वर्ष 2011 से लगातार दुर्गा पूजा होती आ रही है। इस पूजा पंडाल की खास बातें है कि इस वर्ष पूजा समिति की पूरी बागडोर मातृ शक्ति के हाथों में है। चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी व मुखिया सुनीता खलखो की अगुवाई में पूरी कमिटी तन मन के साथ पूजा को सम्पन्न कराने में जुटे हैं।

**दुर्गा मंडप डडैया :** यहां 2008 से मां अंबे की पूजा की जा रही है। पूजा समिति के लोग व ग्रामीण पूजा को लेकर जोर शोर से लगे हुए हैं।

**एरूद कीता :** तत्कालीन मुखिया बालेश्वर पाठक उर्फ बालो बाबा द्वारा 1970 में मां अंबे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा प्रारंभ की गयी थी। स्व. पाठक के पुत्र व ग्रामीणों की मदद से इस परंपरा का बखूबी निर्वहन किया जा रहा है।

**देवी मंडप हुटाप :** स्व. सुखचरण साहू द्वारा 1987 में मां दुर्गे की पूजा की परंपरा शुरू की गयी थी। वर्ष 1995 तक इनके ज्येष्ठ पुत्र चंद्रमोहन प्रसाद द्वारा परंपरा का निर्वह्न किया गया था। 1996 से 2010 तक पूजा नहीं हो पायी थी। स्व. साहू के नाती अनुज साव व मुखिया के प्रयास से फिर से यह परंपरा 2011 से शुरू की गयी है।

**शिव मंदिर आन :** शिव मंदिर आन में दुर्गा पूजा की शुरूआत वर्ष 2022 से शुरू हुई है। इस वर्ष भी यहां पर भव्य तरीके से मां की आराधना की जा रही है। विजयादशमी के दिन रावण दहन का भी कार्यक्रम पूजा समिति के द्वारा आयोजित की जाती है। समिति के मुख्य संरक्षक राजेश कुमार भगत, अध्यक्ष राजन भगत, सचिव नितेश कुमार यादव है। इनके नेतृत्व में पूरा गांव पूजा पंडाल को भव्य बनाने में जुटे हैं।

**रेलवे स्टेशन महुआमिलान :** यहां 2007 से पूजा की शुरूआत की गयी है। विजयादशमी के दिन नियमित जतरा लगाया जाता है। अध्यक्ष लाल प्रतुल नाथ शाहदेव व कार्यकारी अध्यक्ष रमेश प्रसाद, आशीष सिंह के नेतृत्व में युवकों की टोली पूजा की तैयारी में लगी है। जतरा में आस-पास के करीब दो दर्जन गांव के लोग एकत्र होते हैं। यह जतरा काफी आकर्षक होता है।

**दुर्गा मंडप बारी :** यहां करीब 60 वर्षों से शाहदेव परिवार द्वारा पूजा शुरू की गयी है। लाल नीलम नाथ शाहदेव के नेतृत्व में इस वर्ष भी ग्रामीण पूजा को लेकर हर्षित हैं।

**पंचमुखी हनुमान मंदिर :** यहां 2021 से पूजा की शुरूआत की गई है। शहर के बीचोबीच स्थित हनुमान मंदिर में भव्यता दखने लायक होती है। यहां मनोज सिंह व रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में युवकों की टोली पूजन को लेकर जोर शोर से लगे हुए है। इसके अलावे भी प्रखंड के कई गाँव व टोलों में दुर्गा पूजा की जा रही है। पंडाल निर्माण को लेकर समिति के लोग पूरी तन्मयता से लगे है।

**शिव मंदिर होलंग :** चंदवा व बालूमाथ के सीमाने पर स्थित होलंग गांव में 1954 से लगातार पूजा की जा रही है। स्व. लालचंद साहू, दुर्गा प्रसाद वैद्य, बद्री साव, बालेश्वर पाठक व बनवारी साव ने पूजा की नींव रखी थी।

**देवी मंडप बरवाटोली** यहां 1994 से मातेश्वरी की पूजा हो रही है। शांति प्रिय माहौल में ग्रामीण पूजा को लेकर संकल्पित है।

# 23 अक्टूबर से पं. दीनदयाल उपाध्याय जक्शन से चार ट्रेनों का परिचालन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**पटना।** ट्रेनों के सुगम परिचालन के लिए रेलवे द्वारा वाराणसी जंक्शन के यार्ड में ट्रेनों के हैवी कंजेशन को देखते हुए 04 जोड़ी ट्रेनों का पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर आंशिक समापन या शुरू कर चलाया जाएगा। इसमें पटना-बनारस-पटना मेमू पैसेंजर समेत 04 जोड़ी अलग-अलग ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों का परिचालन बनारस की जगह पंडित दिन दयाल उपाध्याय जंक्शन से होगा और सफर का समापन भी डीडीयू से ही होगा। इसके साथ ही गाड़ी संख्या 03649 और गाड़ी संख्या 03650 बक्सर-बनारस-बक्सर मेमू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन 23 अक्टूबर तक रद्द रहेगा।

**यह है टाइम टेबल :** 23 अक्टूबर तक बनारस से खुलने वाली गाड़ी संख्या-03289 बनारस-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का आंशिक प्रारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से होगा।

23 अक्टूबर तक पटना जंक्शन से खुलने वाली गाड़ी संख्या- 03298 पटना-बनारस मेमू पैसेंजर स्पेशल का आंशिक समापन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर होगा।

23 अक्टूबर तक बरकाकाना से खुलने वाली गाड़ी संख्या- 03359 बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर स्पेशल का आंशिक समापन पं.दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर होगा।

23 अक्टूबर तक वाराणसी से खुलने वाली गाड़ी संख्या झ 03360 वाराणसी-बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल का आंशिक प्रारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शनसे होगा।

23 अक्टूबर तक आसनसोल से खुलने वाली गाड़ी संख्या - 13553 आसनसोल-वाराणसी एक्सप्रेस का आंशिक समापन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर होगा।

19 से 24 अक्टूबर तक वाराणसी से खुलने वाली गाड़ी संख्या- 13554 वाराणसी-आसनसोल एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से होगा। यानि कि यह ट्रेन वाराणसी के बजाय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से खुलेगी।

19 से 23 अक्टूबर तक गाड़ी संख्या झ 0364 और गाड़ी संख्या - 03650 बक्सर-बनारस-बक्सर मेमू पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद्द रहेगा।

# संचालित विद्यालय आर्थिक तंगी के कारण हुई बंद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** विश्व सनातन वैदिक संघ द्वारा संचालित राजीव दीक्षित वैदिक पब्लिक स्कूल के संचालन पर रोक लग गई है। इस वर्ष के अप्रैल माह से गरीब, असहाय व अनाथ बच्चों के लिए दुमका जिला के नोनीहाट में विश्व सनातन वैदिक संघ के द्वारा राजीव दीक्षित वैदिक पब्लिक स्कूल नाम से एक आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा था। हाल ही में इस स्कूल को बंद कर दिया गया है। नोनीहाट समेत संथाल परगना के बच्चे इस स्कूल में अध्यनरत थे।

## स्पीड न्यूज

### नशा मुक्ति, बेटी बचाओ जागरूकता अभियान

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखण्ड के चान्दा ग्राम स्थित उच्च विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार के निर्देशन मे नशा मुक्ति हेतु एक रैली का आयोजन किया गया। रैली उच्च विद्यालय से प्रारंभ कर के पूरे गांव का भ्रमन करते हूए पुनः विद्यालय को वापस आया गया। रैली में सभी छात्र, छात्राओं ने हाथ मे बोर्ड तथा बाईनर लेकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सबंधित श्लोगन तथा नारा लगाते हूए रैली निकाला गया।

### हत्या के मुख्य आरोपी को कब्जे में लिया ललमटिया पुलिस ने

**गोड्डा।** ललमटिया थाने में दर्ज शिकायत वादिनी सूरजी पहाड़िया पति स्व० देवा पहाड़िया घर टाट कुंडा थाना ललमटिया जिला गोड्डा के फर्द बयान पर दिनांक 15/10/2023 को कांड संख्या 90/2023 के अंतर्गत दफा 302/ 504/ 506/34 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। इस कांड का रहस्योद्घाटन करते हुए महगामा एसडीपीओ शिव शंकर तिवारी ने ललमटिया थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह के साथ साझा बयान जारी करते हुए बताया। वादी के फर्द बयान के आधार पर और पुलिस जांच की कार्रवाई में आए 3 आरोपी में से दो व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं।

### एसकेएमयू में राष्ट्रीय सेमिनार होगी 4 नवंबर से

**दुमका।** राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले सेमिनार को लेकर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन की बुधवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में 4-5 नवंबर को विश्वविद्यालय में होने वाली राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारियों की समीक्षा की गई। ज्ञात हो सेमिनार ३एजुकेशन एंड इम्प्लॉयबिलिटी३ विषय पर रखा गया है। बैठक में विभिन्न विश्वविद्यालय से आमंत्रित किए गये रिसोर्स पर्सन एवं अन्य आमंत्रित वक्ताओं के आने-जाने एवं ठहरने आदि की व्यवस्था आदि के बारे में चर्चा किया गया।

### छात्र-छात्राओ में राष्ट्रीय सेमिनार को लेकर दिखा उत्साह

**दुमका।** दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारी को लेकर एसकेएमयू के छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राएं अतिथियों के स्वागत के लिए परंपरागत लोटा पानी की तैयारी कर रहे है। स्वागत कुलगीत, संताली नृत्य, स्वागत गान एवं समापन समारोह के लिए अपने अन्य कार्यक्रम की तैयारी में जुटे है।

### एसकेएमयू के पीजी सेमेस्टर -2 की परीक्षा कार्यक्रम जारी

**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने बुधवार को पीजी सेमेस्टर झ2 का परीक्षा कार्यक्रम बुधवार को जारी हुआ। यह परीक्षा 2 से 10 नवम्बर तक प्रतिदिन द्वितीय पाली में आयोजित होगी। परीक्षा का सफल आयोजन के लिए परीक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विषयों को दो ग्रुप में बाँटा गया है। ग्रुप-ए में हिंदी, जियोग्राफी, बोटनी, केमिस्ट्री, समाजशास्त्र, कॉमर्स, बंगला, संस्कृत, पार्सियन, जियोलॉजी एवं संताली विषय शामिल है।

### एमबीबीएस फर्स्ट प्रोफेशनल की परीक्षा 31 अक्टूबर से

**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने बुधवार को एमबीबीएस फर्स्ट प्रोफेशनल का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। एमबीबीएस फर्स्ट प्रोफेशनल के सत्र 2022-26 परीक्षा 2023 का परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। परीक्षा 31 अक्टूबर से 10 नवंबर तक द्वितीय पाली अपराह्न 01 बजे से अपराह्न 4 बजे में आयोजित होगी। परीक्षा के लिए संत जेवियर्स कॉलेज, महारो को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उक्त परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खुद को बताया बिहारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार के चौथे कृषि रोड मैप के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि राष्ट्रपति के रूप में भले बिहार में मेरी पहली यात्रा है। लेकिन, बिहार की संस्कृति और यहां के लोगों से करीब से वाकिफ हूं। झारखंड की राज्यपाल रहते हुए मुझे बिहार और झारखंड की सभ्यता और संस्कृति को बेहतर ढंग से जानने का अवसर मिला था। वहीं मेरा गृह जिला ओडिशा भी बिहार से जुड़ा है। ऐसे में मुझे लगता है मैं भी अपने आप को बिहारी कह सकती हूं। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विदेशिया से लेकर कटनी तक के गीतों में बिहार ने अपनी अलग पहचान बनाई। प्रसन्नता की बात है कि बिहार सरकार 2008 से ही कृषि रोड मैप का क्रियान्वयन कर रही है। दूध, मांस, मछली और सब्जी उत्पादन में बिहार आज अग्रणी है। बिहार के किसान भाई बहनों को जैविक खेती कर लाभ उठाना चाहिए। मुझे खुशी है कि जैविक खेती के लिए बिहार सरकार ने गंगा किनारे जैविक कॉरीडोर भी बनवाया। बिहार में एथनॉल का भी उत्पादन किया जा रहा है।

यह जानकर भी मुझे खुशी हुई कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए बिहार से बहुत उम्मीद है। राष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुझे कई बार बिहार आने का निमंत्रण दिया है। मैं बार-बार बिहार जरूर आऊंगी, क्योंकि मैं इस राज्य को अपना मानती हूं। मैं भी किसान की बेटी हूं। मैं बिहार के कृषि रोड मैप के तहत हो रहे कार्यों को देखना चाहूंगी। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहारवासियों को नवरात्रि की दी बहुत सारी शुभकामनाएं दी। वहीं कृषि रोड मैप के उद्घाटन के अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि दूसरे कृषि रोड मैप की लॉन्चिंग में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी आए थे।

# प्रखंड क्षेत्र के हर ग्राम के भक्तों ने मां दुर्गा के पूजा आराधना में कोई कमी नहीं छोड़ी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के मोरडीहा, भगैया, माल मंडरो, चपरी, बनियाडीह, मिश्र गंगटी, ठाकुर गंगटी गांव के दुर्गा मंदिरों में बुधवार को शारदीय नवरात्र से संबंधित चतुर्थ तिथि की मां कुष्मांडा के स्वरूप की चंडी पाठ पूजा कराई गई। सभी गांव के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।सभी जगह पर कई तोरण द्वार और पंडाल का निर्माण काफी तेजी से चल रहा है। स्थानीय के साथ-साथ पश्चिम बंगाल और दूर दराज के कलाकार प्रतिमा और पंडाल को आकर्षक ढंग से अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। सभी जगह के दुर्गा पूजा समिति के सदस्य साफ सफाई के प्रति सजग दिखाई पड़ रहे हैं।साथ ही साथ सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम को लेकर ग्रामीण नवयुवकों को स्वयंसेवक के रूप में बहाल किया गया है। हालांकि ठाकुर गंगटी थाना की पुलिस और प्रखंड के प्रशासनिक अधिकारी भी लगातार गश्ती करते दिखाई पड़ रहे हैं। सभी मंदिरों में साध्य पूजा के समय ढोल बजा बजाया जा रहा है महिला श्रद्धालु देवी गीत गाती है पुरुष कीर्तन भजन करते हैं। प्रोजेक्टर के माध्यम से पर्दे पर रामायण , महाभारत आदि धार्मिक कथा भी दिखाई जा रही है। मोरडीहा दुर्गा मंदिर में महिला, पुरुष, युवक, युवती नवरात्र के उपासकों की अभी त्रितीय पूजा से ही भीड़ दिखाई पड़ने लगी।सभी मंदिरों के निकट मेला भी लगनी शुरू हो गई है। पूजन सामग्री, श्रृंगार, जलपान, मिष्ठान,खिलौना आदि कई प्रकार की दुकान भी सजने लगी है। दूर दराज में रहने वाले और बाहर नौकरी पेसे और काम करने वाले लोगों का भी अपने-अपने गांव में आना शुरू हो गया है। सभी चौक,चौराहा और बाजारों के साथ-साथ गांव में भी हलचल का माहौल हो गया है। मोरडीहा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जयकांत यादव ने बताया कि विगत वर्षों की तरह प्रखंड थाना से लेकर जिले तक के प्रशासनिक , पुलिस आदि अधिकारियों को मंदिर परिसर में आने के लिए आमंत्रण कार्ड भेजा जा रहा है।

दुर्गा पूजा समिति के साथ-साथ निर्माण समिति, बजरंग दल युवा शक्ति संघ के नवयुवक सहित विभिन्न गांवों के सम्पूर्ण निवासी सहयोग कर रहे हैं। प्रचलित परासी मोड़ चौक, प्रखंड मुख्यालय चौक, भगैया, माल मंदिरो, चपरी, रूंजी आदि चौक बाजार के दुकानों में पूजन सामग्री, कपड़े, फल, मिष्ठान आदि खरीदारी करने वालीं की भीड़ लग रही है।

## एक नजर में

### इंडिया अलायंस पर सुशील मोदी का तंज

**पटना।** इंडिया अलायंस के भीतर विरोधाभास अब खुलकर सामने है। अखिलेश यादव ने साफ किया है कि राज्यों में गठबंधन नहीं तो राष्ट्रीय स्तर पर अलायंस नहीं। आम आदमी पार्टी भी कई राज्यों में अलग चुनाव लड़ रही है। वहीं, शशि थरूर के राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को पीएम उम्मीदवार बनाए जाने वाले बयान पर जदयू भड़की हुई है। अब भाजपा ऐसी विरोधाभासी राजनीति पर कटाक्ष कर रही है।

## पेज 1 का शेष

### अबुआ आवास योजना में...

इसके अलावा फिटनेस जांच सुख नये वाहन के निबंध में 100 प्रतिशत छूट, इसके अलावा जो छूट दी गई थी सारे छूट लागू रहेंगे। यह योजना अक्टूबर 2022 में लांच हुई थी। विधायक योजना की आवंटित राशि को अब राष्ट्रीयकृत बैंकों में भी रखा जा सकता है, इसके लिये नियम शिथिल किये गये। **बीआरपी-सीआरपी का मानदेय बढ़ा :** बीआरपी और सीआरपी के मानदेय में जो 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी, उसे अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जायेगा। इसका लाभ 745 प्रखंड साधन सेवी और 2000 संकुल साधन से भी को मिलेगा। बिजली हम स्वच्छता अभियान झारखंड द्वारा ग्राम स्तर पर चयनित ग्राम सहिया के बकाया और लंबित मानदेय प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए कुल एक अरब 10 करोड़ 24 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई। बकाया राशि मार्च 2022 तक का दिया जायेगा। ऑनलाइन गेमिंग में भारत सरकार के द्वारा जो जीएसटी का संशोधन है, उसे राज्य सरकार ने लागू किया। जजों में सिलेक्शन ग्रेड जिला जज के पात्र 25 परसेंट बढ़कर 35 प्रतिशत और सुपर टाइम स्केल में 10 प्रतिशत की जगह 15 प्रतिशत किया गया। **नियुक्ति- प्रोन्नति में गड़बड़ी की रिपोर्ट सरकार को दी जायेगी :** झारखंड विधानसभा सचिवालय में नियुक्ति-प्रोन्नति में हुई गड़बड़ी के लिए एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता में गठित एक सदस्य न्यायिक आयोग द्वारा रिपोर्ट को अब झारखंड सरकार को दिया जायेगा। पहले यह विधानसभा को प्रतिवेदन देना था। सोना सोबरम योजना के तहत जो वस्तु10 की अतिरिक्त2 परिवहन के लिये भी दी जायेगी। **अन्य प्रमुख फैसले :** राज्यकर्मियों के पेंशन नीति में अपबंधित राशि को वित्तीय संस्थानों में निवेश किया जायेगा। 700 करोड़ रुपए की राशि ट्रेजरी बिल में एक साथ निवेश किया जायेगा, जो भविष्य में पेंशन देने में काम आयेगा। राजकीय विश्वविद्यालय, कॉलेज में डिप्लोमा डिग्री करने वाले छात्रों को 1 वर्ष का अप्रेंटिस का ट्रेनिंग दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि संजय माली रूप कुजूर सुमंती कुमारी और सुर वाली टुडू के खिलाफ भारत बंद के दौरान 2018 में लालपुर थाना में केस दर्ज हुआ था, इसे वापस लिया जायेगा। यह छात्र रहे हैं और पूर्व में इनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। वित्त विभाग के प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के लिए तकनीकी विशेषज्ञ पता अधिकारी के पद सृजित हुआ है। जिसमें प्रोजेक्ट डायरेक्टर और एडिशनल प्रोजेक्टर होंगे। झारखंड अभियंत्रण पद्धति की संवर्ग नियमावली 23 और झारखंड राज्य कर अस्पताल पर चिकित्सा संवर्ग नियमावली 2023 के गठन की स्वीकृति दी गई। हॉस्पिटल सहित अन्य संस्थाओं से जो राज्य सरकार से लिया। उन्हें समय से पहले चुकाने की स्वीकृति दी गयी।

### भूमि विवाद में महिला...

महिला के बेटे ने बताया कि घर की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। बार-बार कुछ लोग घर खाली कराने को लेकर दबाव बना रहे हैं। इसी मामले में अचानक 15 से 20 की संख्या में लोग घर पर धावा बोल दिया और इस वारदात को अंजाम दिया गया। उसने बताया कि पुलिस को इसकी जानकारी दे दी गयी है।

### गाजा हॉस्पिटल हमले में...

अमेरिका के राष्ट्रपति का पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित किया और कई अहम मसलों पर मीडिया को जवाब दिया। नेतन्याहू ने जो बाइडन को बताया कि हमास के अपराधों में बलात्कार, जलाना, अपहरण और छोटे बच्चों को निशाना बनाना शामिल है। जिस तरह सभ्य दुनिया नाजियों को हराने के लिए एकजुट हुई और आईएसआईएस को हराने के लिए एकजुट हुई, उसी तरह सभ्य दुनिया को हमास को हराने के लिए एकजुट होना चाहिए। नेतन्याहू ने इस बात पर भी जोर दिया कि इजरायल 'क्षेत्र और दुनिया में शांति और सुरक्षा' के लिए हमास को हरा देगा। **हमले के पीछे कौन, पता लगाना जरूरी :** मोदी- इधर गाजा के अस्पताल पर हुए हवाई हमले की पीएम मोदी ने कड़ी निंदा की और कहा है कि इस जंग में आम नागरिकों की मौत चिंताजनक और गंभीर विषय है जिसपर ध्यान दिया जाना चाहिए। इसमें शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी संवेदनाएं और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं।

### कई इतिहास समेटे हुए है...

**लरका आंदोलन से जुड़ा है इतिहास :** इस मंदिर से लरका आंदोलन का भी इतिहास जुड़ा हुआ है। बाहरी लोगों ने यहां आक्रमण कर बरजू राम की पत्नी व बच्चे की हत्या कर दी। उस समय बरजू राम महामाया मां की पूजा में लीन था। राधो राम ने बरजू को उसकी पत्नी व बच्चे की हत्या की जानकारी दी। मां की शक्ति से राधो राम आक्रमणकारियों पर टूट पड़ा। मां ने कहा, तुम अकेले सबसे लड़ सकते हो, लेकिन जैसे ही पीछे मुड़कर मत देखना। मां की कृपा से राधो आक्रमणकारियों पर टूट पड़ा। सभी का सिर काटने लगा, परंतु जैसे ही राधो ने पीछे मुड़कर देखा उसका सिर धड़ से अलग हो गया। आज भी हापामुनी में बरजू व राधो की समाधि स्थल है। मंदिर में विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमा भी स्थापित है। **मंदिर का द्वार पश्चिम की ओर है :** महामाया मंदिर का द्वारा पश्चिम की ओर है। जैसा की अन्य मंदिरों में नहीं होता है। कहा जाता है कि 1889 में जब कोल विद्रोह हुआ था। उस समय मंदिर को कोल विद्रोहियों ने ध्वस्त कर दिया था। तब विद्रोहियों ने महामाया को आह्वान करते हुए कहा था कि अगर महामाया शक्तिशाली है, तो इस मंदिर का द्वार पूरब से पश्चिम की ओर हो जाये। उनकी बात से मंदिर में भयंकर गड़गड़ाहट हुई और दरवाजा पश्चिम की ओर हो गया।

# गोड्डा सदर अस्पताल में दिब्यांग प्रमाण पत्र लेने में हो रही परेशानी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** सदर अस्पताल की आधारभूत संरचनाओं में कोई कमी न हो इसका ध्यान बहुत अच्छे तरीके से लिया जाता है। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी, सफाई कर्मचारी सब कुछ पर्याप्त से भी ज्यादा हैं ऊपर से नर्स एएनएम की की ट्रेनिंग लेने वाली की फौज चारों ओर नजर आती हैं। कमी है तो चिकित्सकों की, उसमे भी खासकर महिला चिकित्सकों की ।डा० प्रभा रानी प्रसाद एक मात्र चिकित्सक स्त्री रोग प्रसव के लिए इस अस्पताल में तैनात थी उनका स्थानांतरण सरैया हाट प्रखंड कर दिया गया लेकिन उनकी जगह किसी दूसरे स्त्री रोग विशेषज्ञ का स्थानांतरण नही किया गया है। अधिकतर महिला रोगियों को भी पुरुष चिकित्सक ही देख लेते हैं या उन्हें मजबूर होकर निजी क्लीनिक में जाना पड़ता है। सिविल सर्जन से फोन पर बात करना चाहा तो फोन नही उठाया गया। उनको फुरसत नहीं है आलतू फालतू प्रश्न के उत्तर देने के लिए। लेकिन आश्चर्य ये है कि रिकॉर्ड हमेशा 500/600 प्रति माह प्रसव का आंकड़ा 5 वर्षों से सुनाया जाता है कि माह में इतने प्रसव कराया गया। उपायुक्त गोड्डा ने औचक निरीक्षण के दौरान उनके विभाग द्वारा बताए गए आंकड़े फिर जारी कर दिए गए, मुझे चार साल पहले भी यही आंकड़े खुद डा० प्रभा रानी प्रसाद ने एक साक्षात्कार में जवाब दिया था जो आज भी 500के आंकड़े आज भी अपनी जगह पर कायम है । इस अस्पताल में दिब्यांगों की अवस्था सचमुच दयनीय है । पूरे जिले में यही एक अस्पताल है जहां से प्रमाणपत्र मिलना होता है लेकिन कई माह तक चक्कर लगाने के बाद भी प्रमाण पत्र निर्गत नही किए जाते हैं । आज भी भारी भीड़ दिब्यांगो की थी लेकिन आंख कान नाक से हुए दिब्यांग को ये कहकर लौटा दिया गया कि यहाँ सिर्फ हाथ पांव के दिब्यांगों की जांच होती है ।और हाथ पांव से दिब्यांग भी तीन माह से चक्कर काट रहे । प्रमाण पत्र के आभाव में उन्हे कोई सरकारी सुविधा प्राप्त नहीं होती ।प्रशासन से आग्रह है कि दिब्यांगों की समस्याओं को देखते हुए उन्हे प्राथमिकता के आधार पर उन्हें प्रमाणपत्र देने की व्यवस्थाएं हो।

### डीआरएम से मिले पूर्व विधायक गुरुचरण नायक

# नई ट्रेन का ठहराव गोइलकेरा और सोनुआ में देने की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** मनोहरपुर के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक ने बुधवार को चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय में डीआरएम से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ गोइलकेरा नागरिक एकता मंच के पदाधिकारी भी मौजूद थे। गुरुचरण नायक के नेतृत्व में नागरिक एकता मंच ने डीआरएम से मुलाकात कर रेलवे द्वारा घोषित राउरकेला टाटानगर राउरकेला नयी ट्रेन का ठहराव गोइलकेरा और सोनुआ स्टेशन में देने की मांग की गयी है। इस सम्बन्ध में नागरिक एकता मंच के द्वारा एक ज्ञापन भी डीआरएम एजे राठौड़ को सौंपा गया। डीआरएम ने नागरिक एकता मंच और पूर्व विधायक गुरुचरण नायक को बताया कि उन्हें नयी ट्रेन के परिचालन की आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। आधिकारिक जानकारी में अगर सोनुआ और गोइलकेरा में ठहराव नहीं दिया गया होगा तो वे स्वयं वरीय अधिकारियों तक उनकी मांगों को रखेंगे और ट्रेन का ठहराव गोइलकेरा और सोनुआ में देने का पूरा प्रयास करेंगे। पूर्व विधायक गुरुचरण नायक ने कहा है कि उन्हें भरोसा है और जब भी यह ट्रेन शुरू होगी उसका ठहराव गोइलकेरा और सोनुआ में मिल जायेगा।

# श्रीराम क्रिकेट एकेडमी ने देवेंद्र माझी प्रीमियर लीग का खिताब जीता

### फाइनल मुकाबले में फ्यूचर स्टार क्रिकेट एकेडमी को 23 रनों से दी मात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** ऑल इंडिया देवेंद्र माझी प्रीमियर लीग अंडर-16 टी-20 क्रिकेट टूनामेंट का खिताब श्रीराम क्रिकेट एकेडमी बिहार ने अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में श्रीराम क्रिकेट एकेडमी ने फ्यूचर स्टार क्रिकेट एकेडमी चक्रधरपुर को 23 रनों से हराकर चैंपियन बनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीराम क्रिकेट एकेडमी की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में दस विकेट खोकर 151 रन बनाए। अनीस दास ने 31 और आदित्य राज ने 25 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्यूचर स्टार की टीम 128 रन ही बना सकी। फ्यूचर स्टार की ओर से अनूज उरांव ने 59 रनों का अर्धशतकीय पारी खेली। श्रीराम क्रिकेट एकेडमी के अनीस कुमार दास का मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं प्लेयर ऑफ द टूनामेंट का खिताब श्रीराम एकेडमी के आदित्य राज को दिया गया। इसके अलावा आदित्य राज को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का भी खिताब दिया गया। वाइएफसीए कोलकाता के सूरज एसएम को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज,



सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक एन आदित्य राज, बेस्ट कैच का पुरस्कार एकलव्य को दिया गया। सबसे अनुशासित टीम का खिताब शाह स्पोर्ट्स क्रिकेट एकेडमी चक्रधरपुर को मिला। विजेता टीम को 20 हजार रुपए एवं उप विजेता टीम को 15 हजार रुपए का पुरस्कार के साथ चमचमाती ट्राफी दी गई। पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि सिंहभूम बस आनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, समाजसेवी मनोज भगेरिया, एन उदय शंकर, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष शहजाद मंजर, सचिव बैरम खान, प्रशांति साहा, इकबाल खान, ओवैश अंसारी, मंजर आलम, शाहनवाज अंसारी, प्रदीप्तो दास, नील अभिमन्यू आदि रहे।

स्पीड न्यूज

# आठ उच्च न्यायालयों में 17 जज नियुक्त और 16 का स्थानांतरण

एजेंसी

▶▶ 11 न्यायिक अधिकारी और छह अधिवक्ता बने न्यायाधीश
▶▶ तेलंगाना हाइकोर्ट के जज जस्टिस चक्रवर्ती पटना हाइकोर्ट के बने न्यायाधीश



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 8 हाईकोर्ट के लिए 17 जजों की नियुक्ति की है। बुधवार को जारी अधिसूचना में आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के लिए चार, बांबे हाई कोर्ट के लिए तीन, केरल हाई कोर्ट के लिए तीन, दिल्ली हाई कोर्ट के लिए दो, गुजरात हाई कोर्ट के लिए एक, छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के लिए एक, कर्नाटक हाई कोर्ट के लिए एक और त्रिपुरा हाई कोर्ट के लिए दो जजों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। इसी के साथ राष्ट्रपति ने हाई कोर्ट के 16 जजों का ट्रांसफर कर दिया है। राष्ट्रपति ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के लिए हरिनाथ नुनेपल्ली, किरणमयी मंडावा ऊर्फ किरणमयी कनापार्थी, सुमति जगदम और न्यापति विजय की नियुक्ति की है। बांबे हाई कोर्ट के लिए अभय जैनारायंजी मंत्री, श्याम छगनलाल चंडोक और नीरज प्रदीप धोटे को नियुक्त किया गया है। केरल हाई कोर्ट के लिए जॉनसन जॉन, गोपीनाथ यू गिरीश और सी प्रदीप कुमार की नियुक्ति की गई है। दिल्ली हाई कोर्ट के लिए जिन जजों की नियुक्ति की गई है उनमें शलिंदर कौर और रविंद्र जुडेजा शामिल हैं। रविंद्र कुमार अग्रवाल को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया गया है। केवी अरविंद को कर्नाटक हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया गया है। त्रिपुरा हाई कोर्ट के लिए जिन दो जजों की नियुक्ति की गई है उनमें बिस्वजीत पालित और सब्यसाची दत्त पुरकायस्थ शामिल हैं। राष्ट्रपति ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस एसपी केसरवानी को कलकत्ता हाई कोर्ट, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जज जस्टिस राज मोहन सिंह को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट, कर्नाटक हाई कोर्ट के जज जस्टिस नरेंद्र जी को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट, पटना हाई कोर्ट के जज जस्टिस सुधीर सिंह को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट, मणिपुर हाई कोर्ट के जज जस्टिस एमवी मुरलीधरन को कलकत्ता हाई कोर्ट, पटना हाई कोर्ट के जज जस्टिस मधुरेश प्रसाद को कलकत्ता हाई कोर्ट, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जज जस्टिस अरविंद सिंह सांगवान को इलाहाबाद हाई कोर्ट, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जज जस्टिस अवनीश झींगन को राजस्थान हाई कोर्ट, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जज जस्टिस अरुण मोंगा को राजस्थान हाई कोर्ट, इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस राजेंद्र कुमार चतुर्थ को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह गौहाटी हाई कोर्ट के जज जस्टिस नानी तागिया को पटना हाई कोर्ट, आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के जज जस्टिस सी मानवेंद्रनाथ राय को गुजरात हाई कोर्ट, तेलंगाना हाई कोर्ट के जज जस्टिस मुन्नुरी लक्ष्मण को राजस्थान हाई कोर्ट, तेलंगाना हाई कोर्ट के जज जस्टिस जी अनुपमा चक्रवर्ती को पटना हाई कोर्ट, कलकत्ता हाई कोर्ट के जज जस्टिस लापिता बनर्जी को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट और आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के जज जस्टिस दुपाला वेंकट रमना को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ट्रांसफर किया गया है।

## पाकिस्तान ने किया अबाबील बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने बुधवार को सतह से सतह पर मार करने वाली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अबाबील का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इस मिसाइल की घोषित मारक क्षमता 2,200 किमी. है, जिसकी जद में भारत भी आता है।

इसका उद्देश्य भारतीय एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम के जवाब में बढ़ते क्षेत्रीय बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) वातावरण में पाकिस्तान की बैलिस्टिक मिसाइलों की क्षमता बढ़ाना है।

## बिश्नोई गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसने मोहाली के खरड़ से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और राज्य में संभावित सनसनीखेज अपराधों को होने से रोक दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सचिन उर्फ बच्ची के रूप में हुई है जो हिसार के मंगली का निवासी है।पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि गैंगस्टर रोधी कार्यबल (एजीटीएफ) के दलों ने प्रामाणिक जानकारी मिलने के बाद लांडरां स्थित चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के पास से सचिन को गिरफ्तार कर लिया।

## झारग्राम में हथिनी के हमले में दो मरे

**झारग्राम।** प. बंगाल के झारग्राम जिले में बुधवार को अपने बच्चे की मौत से गुस्साई एक हथिनी ने दो बुजुर्गों को मार डाला। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। हथिनी ने नयाग्राम में चंदबिला वन रेंज में लोकप्रिय रामेश्वर मंदिर के पास एक बस और एक मोटरसाइकिल पर भी हमला किया। उन्होंने कहा कि हथिनी के बच्चे की मौत हो गई थी, जिसका शव देखने लोग वहां गए थे। इस दौरान हथिनी ने उन पर हमला कर दिया और दो लोगों को जमीन पर पटक दिया, जिसके बाद उनकी मौत हो गई।

## आप के दो पूर्व नेता कांग्रेस में शामिल

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के दो पूर्व नेता और एक भूतपूर्व निर्दलीय पार्षद बुधवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गए। इस मौके पर कांग्रेस की दिल्ली इकाई के प्रमुख अरविंदर सिंह लवली मौजूद थे। वे यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी में शामिल हुए। लवली ने आप के पूर्व नेताओं पृथ्वी सिंह राठौड़ और जयप्रकाश चौहान तथा पूर्व निर्दलीय पार्षद राजीव वर्मा का पार्टी में स्वागत किया।

## इमरान को बेटों से बात करने की मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अपने दोनों बेटों से फोन पर बातचीत करने की बुधवार को अनुमति दे दी। मीडिया में आई एक खबर से यह जानकारी सामने आई है। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने एक पेज के लिखित आदेश में अडियाला जेल के अधीक्षक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि इमरान खान अपने बेटों सुलेमान खान और कासिम खान से फोन पर बातचीत कर सकें। जॉर्डन ने इजरायल-हमास संघर्ष के कारण शिखर सम्मेलन किया रद्द

## जॉर्डन ने शिखर सम्मेलन किया रद्द

**अम्मान ।** जॉर्डन ने बुधवार को अम्मान में प्रस्तावित चौतरफा शिखर सम्मेलन को रद्द करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी जॉर्डन की सरकारी पेट्रा समाचार एजेंसी ने दी। शिखर सम्मेलन में जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी को एक साथ लाने की योजना थी।

## पूजा पर 34 विशेष ट्रेनें 377 फेरे लगायेंगी

**नयी दिल्ली ।** दुर्गा पूजा के दौरान यात्रियों की भीड़ और सुविधाओं के मद्देनजर रेलवे 34 विशेष ट्रेनों के 377 फेरों का संचालन करेगी। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में अपने परिवार के साथ पूजा मनाने के लिए अपने मूल स्थानों की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए उत्तर रेलवे त्योहार विशेष ट्रेनें चलाकर यात्रियों के साथ उत्सव की खुशियां साझा कर रहा है।

# केंद्रीय कर्मचारियों का डीए चार फीसदी बढ़ा

एजेंसी

**कैबिनेट का फैसला**
▶▶ 48.67 लाख कर्मियों और 67.95 लाख पेंशनधारकों को मिलेगा लाभ
▶▶ सरकार ने गेहूं का एमएसपी 150 रुपये बढ़ाकर 2,275 प्रति क्विंटल किया



**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते (डीए) में चार प्रतिशत बढ़ोतरी कर दी। इस फैसले से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अब सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) और पेंशनधारकों की महंगाई राहत (डीआर) बढ़कर 46 प्रतिशत हो जाएगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल के इस निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि बढ़ा हुआ भत्ता एक जुलाई, 2023 से लागू होगा। महंगाई भत्ते में यह वृद्धि उस फॉमूर्ले के मुताबिक है जो सातवें वेतन आयोग की अनुशंसाओं पर आधारित है। सरकार ने विपणन सत्र 2024-25 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 150 रुपये बढ़ाकर 2,275 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने यह कदम उठाया है। साल 2014 में सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा एमएसपी में की गई यह सबसे बड़ी वृद्धि है।

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में गेहूं का एमएसपी बढ़ाने का फैसला किया गया। विपणन सत्र 2023-24 (अप्रैल-मार्च) के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,125 रुपये प्रति क्विंटल है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सीसीईए की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि मंत्रिमंडल ने 2024-25 सत्र के लिए रबी की सभी फसलों का एमएसपी बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिश के आधार पर हमने छह रबी फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। गेहूं का एमएसपी 150 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गेहूं का समर्थन मूल्य 2024-25 विपणन सत्र के लिए 2,275 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो 2023-24 में 2,125 रुपये प्रति क्विंटल था। गेहूं रबी (सर्दियों) की मुख्य फसल है, जिसकी बुवाई अक्टूबर में शुरू होती है, जबकि कटाई अप्रैल में होती है। एमएसपी किसानों के हितों की रक्षा के लिए सुनिश्चित की गई न्यूनतम दर है, जिससे नीचे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा अनाज नहीं खरीदा जाता है।

## प्रधानमंत्री कल आरआरटीएस गलियारे का करेंगे उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) गलियारे के प्राथमिकता खंड का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि मोदी भारत में आरआरटीएस की शुरूआत करते हुए साहिबाबाद और दुहाई डिपो को जोड़ने वाली एक रैपिडएक्स ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वह इस मौके पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे और बाद में बेंगलुरु मेट्रो के पूर्व-पश्चिम गलियारे के दो मार्गों का उद्घाटन करेंगे। पीएमओ ने बताया कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का 17 किलोमीटर प्राथमिकता खंड गाजियाबाद, गुलधर और दुहाई स्टेशनों के जरिए साहिबाबाद को दुहाई डिपो से जोड़ेगा। पीएमओ ने एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री ने आठ मार्च 2019 को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ गलियारे की नींव रखी थी। नयी विश्व स्तरीय परिवहन बुनियादी ढांचे के निर्माण के जरिए देश में क्षेत्रीय संपर्क को बदलने की प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि के अनुसार आरआरटीएस परियोजना विकसित की जा रही है। आरआरटीएस 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से एक नयी रेल आधारित, उच्च गति, उच्च आवृत्ति के साथ क्षेत्रीय यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली प्रणाली है। पीएमओ ने बताया कि यह एक परिवर्तनकारी क्षेत्रीय विकास पहल है, जिसमें अंतर शहरी आवागमन के लिए हर 15 मिनट में उच्च गति वाली ट्रेन उपलब्ध होगी और आवश्यकता के अनुसार यह हर पांच मिनट में भी उपलब्ध हो सकती है। उसने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कुल आठ आरआरटीएस गलियारे की पहचान की गयी है जिसमें पहले चरण में तीन गलियारों दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ, दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी-अलवर और दिल्ली-पानीपत के क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी गयी है। पीएमओ ने बताया कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ गलियारा 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया जा रहा है और यह गाजियाबाद, मुरादनगर तथा मोदीनगर शहरों के जरिए एक घंटे से भी कम समय में दिल्ली को मेरठ से जोड़ेगा।

## 'पपी' का नाम 'नूरी' रखने को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दाखिल



**प्रयागराज।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को उपहार में दिये गए पपी का नाम नूरी रखने को लेकर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ यहां की एक अदालत में परिवाद दर्ज हुआ है। यह परिवाद आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद फरहान ने दर्ज कराया है। मोहम्मद फरहान के वकील मोहम्मद अली (चिश्ती) ने बताया कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 200 के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट (चतुर्थ) अविरल सिंह की अदालत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आईपीसी की धारा 295 ए (धार्मिक भावनाएं आहत करना) के तहत सोमवार को परिवाद दाखिल किया गया। उन्होंने बताया कि परिवादी को विभिन्न समाचार पत्रों, राहुल गांधी के फेसबुक पेज और यूट्यूब चैनल से ज्ञात हुआ कि राहुल गांधी ने अपनी मां सोनिया गांधी को विश्व पशु दिवस पर एक पपी भेंट किया, जिसका नाम नूरी दिखाया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ अविरल सिंह के कार्यालय के एक अधिकारी ने परिवाद दाखिल किये जाने की पुष्टि की। वकील ने बताया कि पपी का नाम नूरी रखे जाने से परिवादी की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं क्योंकि नूरी शब्द विशेष रूप से मुस्लिम धर्म से संबंधित है और इस्लाम धर्म में पैगंबर मुहम्मद साहब से संबंधित है। वकील ने कहा कि नूरी शब्द का जिक्र कुराने मजीद सुरह नूर आयत 35 में भी है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम बच्चियों के नाम भी नूरी हुआ करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिवादी (राहुल गांधी) के इस कृत्य से हमारी बच्चियों, बुजुर्गों और खासकर हमारे पैगंबर साहब की तौहीन हुई है। जब से इस्लाम धर्म का अविर्भाव हुआ है, तब से आज तक किसी भी मुस्लिम परिवार ने जानवर का नाम नूरी नहीं रखा। उन्होंने कहा कि परिवादी ने प्रतिवादी के इस कृत्य का विरोध देश के तमाम राष्ट्रीय समाचार चैनलों और अखबार में किया और राहुल गांधी को मीडिया के माध्यम से पपी का नाम बदलने और सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने की सलाह दी थी, लेकिन इसका उन पर कोई असर नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि अदालत ने आगामी आठ नवंबर को परिवादी को अपना बयान दर्ज करने के लिए तलब किया है जिसके बाद दो गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिकायत की जांच के बाद अदालत प्रतिवादी को तलब कर सकती है।

# टीवी पत्रकार सौम्या की हत्या में चार दोषी करार

एजेंसी

▶▶ 15 साल पहले घर लौटते समय विश्वनाथन की गोली मारकर की गयी थी हत्या



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने टेलीविजन पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या में बुधवार को चार लोगों को दोषी ठहराया। विश्वनाथन की 15 साल पहले काम से घर लौटते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत और अजय कुमार को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के प्रावधानों के तहत भी दोषी ठहराया। पांचवें आरोपी अजय सेठी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति प्राप्त करना) और मकोका प्रावधानों के तहत संगठित अपराध को अंजाम देने, सहायता करने या जानबूझकर इसे बढ़ावा देने और संगठित अपराध की आय प्राप्त करने की साजिश रचने के लिए दोषी ठहराया गया। न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ आरोपों को बिना किसी संदेह के साबित कर दिया। विश्वनाथन की 30 सितंबर, 2008 को गोली मारकर तब हत्या कर दी गई जब वह तड़के करीब 3:30 बजे काम के बाद कार से घर लौट रही थीं। हत्या के पीछे का मकसद लूटपाट था।

## छत्तीसगढ़ : कांग्रेस ने 53 और उम्मीदवार घोषित किये

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को दूसरी सूची जारी की जिसमें कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे दिवंगत मोतीलाल वोरा के पुत्र अरुण वोरा का नाम भी शामिल है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, अरुण वोरा को दुर्ग शहर से उम्मीदवार बनाया गया है। वोरा वर्तमान में इस सीट से विधायक भी हैं। कांग्रेस ने अपनी प्रदेश इकाई के वरिष्ठ नेता रामपुकार सिंह को पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र, विकास उपाध्याय को रायपुर शहर पश्चिम और शैलेश पांडे को बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। रविवार को कांग्रेस ने 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी, जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव और कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल थे। मुख्यमंत्री बघेल अपने वर्तमान विधानसभा क्षेत्र पाटन से ही चुनाव लड़ रहे हैं, जहां भाजपा के उम्मीदवार और उनके रिश्तेदार विजय बघेल उन्हें चुनौती देंगे।

# फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में आजम खां, पत्नी और बेटे को सात साल की सजा

एजेंसी




**रामपुर (उप्र)।** रामपुर की एक अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को वर्ष 2019 के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के एक मामले में दोषी ठहराते हुए बुधवार को सात साल की सजा सुनाई। मामले में अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) अरुण प्रकाश सक्सेना ने कहा कि तीनों को पुलिस जीप में रामपुर जिला जेल ले जाने से पहले कुछ घंटे के लिए न्यायिक हिरासत में अदालत कक्ष के अंदर रखा गया। सजा सुनाए जाने के बाद बाहर निकले आजम खां से जब मीडिया ने सवाल किया तो उन्होंने कहा कि आज फैसला हुआ है, फैसले में और इंसाफ में फर्क होता है। आजम के बड़े बेटे अदीब आजम जेल के बाहर अपने माता-पिता को गले लगाते दिखे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अदालत के इस निर्णय के बाद आरोप लगाते हुए कहा कि खां के धर्म की वजह से उनके साथ अन्याय हो रहा है। अभियोजन पक्ष के वकील अरुण प्रकाश सक्सेना ने बताया कि एमपी-एमएलए अदालत के मजिस्ट्रेट शोभित बंसल ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को सात साल की सजा सुनायी और उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। फैसले के बाद, तीनों को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया और अदालत से ही जेल भेज दिया गया। सक्सेना ने बताया कि रामपुर से मौजूदा भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने तीन जनवरी 2019 को गंज पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि इसमें आरोप लगाया गया था कि खां और उनकी पत्नी तजीन ने अपने बेटे अब्दुल्ला आजम को दो फर्जी जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने में मदद की थी।

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र को मिलेगा विदेशी चंदा, गृह मंत्रालय ने दी अनुमति

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए विदेशी स्रोतों से चंदा प्राप्त करने की अनुमति दे दी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह धन दिल्ली में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में न्यास के बैंक खाते में जमा कराया जा सकता है। चंपत राय ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम 2010 के अंतर्गत स्वैच्छिक योगदान प्राप्त करने के लिए गृह मंत्रालय के एफसीआरए विभाग ने मान्यता प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि विदेशी स्रोतों से प्राप्त होने वाला कोई भी स्वैच्छिक योगदान केवल भारतीय स्टेट बैंक की 11, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001, स्थित मुख्य शाखा वाले खाते में ही स्वीकार होगा। एफसीआरए विभाग ने विदेशी स्रोतों से स्वैच्छिक अंशदान प्राप्त करने के लिए पंजीकृत किया है।

# अगले साल रिलीज होगी 'इमरजेंसी'




**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने घोषणा की है कि उनकी फिल्म 'इमरजेंसी' अगले साल रिलीज होगी। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसकी घोषणा की। कंगना ने लिखा, ₹डियर फ्रेंड्स, मुझे एक जरूरी अनाउंसमेंट करनी है, 'इमरजेंसी' एक कलाकार के रूप में मेरे जीवन की सीख और कमाई है इमरजेंसी मेरे लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह एक इंसान के रूप में मेरे मूल्य और चरित्र की परीक्षा है। हमारे टीजर और अन्य यूनिट्स से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने हम सभी को काफी उत्साहित किया है।'' मेरा दिल ग्रेटिट्यूड से भरा हुआ है और मैं जहां भी जाती हूं लोग मुझसे इमरजेंसी की रिलीज डेट के बारे में पूछते हैं।' उन्होंने कहा कि हमने इमरजेंसी रिलीज की तारीख 24 नवंबर 2023 अनाउंस की थी, लेकिन मेरी बैक-टू-बैक रिलीज होने वाली फिल्मों के कैलेंडर में सभी बदलावों और 2024 के लास्ट क्वार्टर के ओवर पैक होने के कारण हमने इमरजेंसी को अगले साल (2024) में शिफ्ट करने का फैसला किया है। कंगना ने कहा कि जल्द ही नई रिलीज डेट की घोषणा की जाएगी। नई रिलीज की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी, कृपया अपना साथ बनाए रखें। फिल्म के लिए आपकी प्रत्याशा, जिज्ञासा और उत्साह बहुत मायने रखता है, आपकी कंगना रनौत। 'इमरजेंसी' कंगना रनौत द्वारा निर्देशित और निर्मित एक जीवनी पर आधारित ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है। भारत के आपातकाल पर आधारित इस फिल्म में कंगना ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है। फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी और मिलिंद सोमन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## राकेश मिश्रा और शिवानी पांडेय का देवी गीत ये मईया रिलीज

मुंबई। जानेमाने गायक राकेश मिश्रा और गायिका शिवानी पांडेय का देवी गीत ये मईया रिलीज हो गया है। नवरात्रि के पावन अवसर पर राकेश पांडे और शिवानी पांडेय का देवी गीत ये मईया रिलीज हुआ है।राकेश मिश्रा ने ये मईया गीत को लेकर कहा कि मान्यताओं के अनुसार, देवी मां अपने सेवकों के लिए बेहद दयालु और ममतामयी हैं। साल भर में दो बार इनका आगमन होता है और हर बार अपने भक्तों को आशीष देकर जाती हैं। उन्होंने कहा कि माता की पूजा एक उत्सव है और इस उत्सव में संगीत का अपना ही महत्व है। इसलिए लगातार देवी मां की आराधना में नये नये गाने लेकर आ रहे हैं।

## सेंसेक्स 551 अंक फिसला निफ्टी को भी नुकसान

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को करीब एक प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 551.07 अंक यानी 0.83 प्रतिशत गिरकर 65,877.02 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 585.99 अंक यानी 0.88 प्रतिशत टूटकर 65,842.10 अंक तक आ गया था।

निफ्टी भी 140.40 अंक यानी 0.71 प्रतिशत के नुकसान के साथ 19,671.10 अंक पर आ गया। बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा करीब तीन प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक और इंडसइंड बैंक के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# पांच-परगना का शक्तिपीठ : दिउड़ी और हाराडीह--बूढ़ाडीह



डॉ. हाराधन कोईरी

राँची जिला के बुण्डू ,तमाड़ ,सोनाहातू , राहे और बारेन्दा को मुख्य रूप से पाँच-परगना क्षेत्र कहा जाता है। इस क्षेत्र की सम्पर्क भाषा पंचपरगनिया है।पाँच-परगना क्षेत्र साहित्यिक,सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से उन्नत रहा है। इस क्षेत्र में दो प्रसिद्ध शक्तिपीठ है-- दिउड़ी और हाराडीह-बूढ़ाडीह। दिउड़ी शक्तिपीठ जो दिउड़ी मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। यह शक्तिपीठ तमाड़ प्रखंड के दिउड़ी गाँव में अवस्थित है जो राजधानी राँची से साठ किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग राँची-टाटा पर स्थित है। दिउड़ी मंदिर का राष्ट्रीय पहचान है। दिउड़ी में अवस्थित शक्तिपीठ लगभग सात सौ साल पुराना बताया जाता है। सामान्य तौर पर दुर्गा के आठ और दस भुजा वाली प्रतिमा मिलती है,परन्तु दिउड़ी की दुर्गा सोलह भुजाओं के साथ विराजमान है। भक्तगण माता के मंदिर में आते हैं और पूजा-याचना करते हैं। अपनी मनोकामना पूर्ण हो इसके लिए मंदिर परिसर में रखे गये बाँस में लाल या पीला धागा बाँधते हैं। जब उनकी मनोकामना पूर्ण होती है तो उसे खोल देते हैं। दिउड़ी गाँव में खपरैल का घर नहीं है। लोक मान्यता है कि यदि कोई खपरैल वाला घर बनाता है तो उसका घर जल जाता है। इस भय/आस्था से दिउड़ी गाँव में फुआल का या फिर छत का ही घर बनाते हैं। दिउड़ी माँ का आशीर्वाद लेने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हमेशा आते रहते हैं। इसलिए यह मंदिर और प्रसिद्ध हो गया है। दिउड़ी गाँव झारखंड के प्रसिद्ध शिक्षाविद व लोकभाषा के हिमायती डॉ.रामदयाल मुंडा की जन्मस्थली भी रही है।नवरात्र के समय दिउड़ी मंदिर में विशेष पूजा-पाठ होती है। अष्टमी तक कोई बली नहीं दी जाती है।नवमी के दिन से बलि चढ़ती है।



पाँच-परगना क्षेत्र का दूसरा प्रसिद्ध शक्तिपीठ हाराडीह-बूढ़ाडीह है,जो तमाड़ प्रखंड के बूढ़ाडीह मौजा के हाराडीह गाँव के कांची नदी तट पर अवस्थित है। इस शक्तिपीठ में दो दुर्गा विराजमान हैं। एक सोलह भुजी और दूसरा दस भुजी। इस शक्तिपीठ में अनेक शिवलिंग हैं जो चारों ओर से शक्ति को घिरे हुए हैं। जनश्रुति है कि शक्ति की सुरक्षा में ही ये शिवलिंग है। बूढ़ाडीह मंदिर में श्रद्धालु माता से जो कामना करते हैं और वह पूरी हो जाती है तब बलि दस भुजी दुर्गा के सामने दी जाती है। यहाँ प्रत्येक वर्ष पन्द्रह जनवरी को मेला लगता है।श्रद्धालु काँची नदी में स्नान कर पूजा-पाठ करते हैं।पाँच-परगना में जनश्रुति प्रचलित है कि दिउड़ी,बूढ़ाडीह और राजरप्पा का शक्तिपीठ एक ही दिन अवतरित हुई हैं और तीनों सगी बहनें हैं।

पाँच- परगना की जनता शक्ति के संरक्षण में सुखमय जीवन व्यतीत करती है। जब कभी पाँच-परगना की जनता को दैहिक,दैविक और भौतिक कष्ट होता है तो यहाँ जनता दिउड़ी मंदिर अथवा बूढ़ाडीह मंदिर में जाकर माता से गुहार लगाते हैं। हाराडीह-बूढ़ाडीह मंदिर राजधानी राँची से लगभग साठ से पैंसठ किलोमीटर दूर स्थित है। यहाँ आने के लिए दो मार्ग है।पहला राँची से बुण्डू फिर सोनाहातू पहुँचने के पहले चिरगालडीह होकर आसानी आ सकते हैं। दूसरा राँची -टाटा मार्ग में सलगाडीह मोड़ से नहर किराने आ सकते हैं। दिउड़ी मंदिर आने के लिए जमशेदपुर वाली बस में बैठकर भी आ सकते हैं या फिर राँची से दिउड़ी मंदिर के लिए बस चलती है उसमें आ- जा सकते हैं। दिउड़ी मंदिर पूरी तरह से विकसित है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता के श्रीचरणों में शीश झुकाते हैं। दिउड़ी की तुलना में हाराडीह-बूढ़ाडीह मंदिर कम विकसित है।तथा यातायात की सुविधा भी ठीक नहीं है,जिसे दुरुस्त करने की जरूरत है। ये दोनों शक्तिपीठ प्राचीन कालीन स्थापत्य कला का बेहतरीन उदाहरण है। दोनों शक्तिपीठ में अवस्थित मंदिर के दीवार पर दुर्गा सप्तशती,दुर्गा स्तुति और दुर्गा चालीसा अंकित है।तथा विभिन्न देवी- देवताओं की छवि अंकित है। पाँच -परगना क्षेत्र में इन दो प्रसिद्ध शक्तिपीठों के अतिरिक्त इस क्षेत्र में और कई शक्तिपीठ हैं जो गुमनाम है, उन्हें प्रकाश में लाने की जरूरत है।उनमें काँची नदी के तट पर ही स्थित बामलाडीह का शक्तिपीठ, जामुदाग में स्थित दिउड़ीडीह का शक्तिपीठ और जाड़ेया बाँधडीह गाँव के निमार्णाधीन शक्तिपीठ दर्शनीय है। आशा है आने वाले समय में भगवति अद्याशक्ति की कृपा से इन शक्तिपीठों का भी जीर्णोद्धार होगा और श्रद्धालु इनके दर्शन कर कृतार्थ होंगे।

(लेखक ग्राम- चोगा, डाकघर- जामुदाग)

# रातू के देवी मंडप में पूजन से होती हैं मन्नतें पूरी 300 साल से हो रही है भव्य पूजा



शेख मुजिबुल

**रातू।** राजकिले की समीप अवस्थित देवी मंडप का इतिहास तीन सौ साल पुरानी है। इसका निर्माण सात मुहल्ले के लोगों ने मिलकर 17 वीं शताब्दी में कराया था। ऐसी मान्यता है कि देवी मां से जो भी मन्नतें की जाती हैए पूरी होती है। इससे लोगों में आस्था की जड़ें मजबूत हुयी है। पूर्व में पुजारी का खर्च चुनिंदे लोग उठाते थे। 18वीं सदी में जब राजमहल बनने के बाद तत्कालीन महाराजा फनीमुकुट राय ने इसका बीड़ा उठाया। महाराजा उदय नाथ शाहदेव से लेकर चिंतामणि शरण नाथ शाहदेव तक इस परंपरा का निर्वहन किया। युवराज गोपाल शरण नाथ शाहदेव ने मंडप का जीर्णोद्धार कराया था। इसके बाद से इसकी छटा देखते ही बनती है। राजकुमारी माधुरी मंजरी पुजारी की जिम्मेवारी उठा रही हैं। यहां सालों भर भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। शारदीय नवरात्र, बसंत पंचमी, चैती छठ पूजा, मुंडन व शादी-विवाह में गांव की देवी को बकरे की बलि देने की परंपरा है। मां के दर्शन-पूजन के बगैर सनातन धर्मावलंबियों का हर शुभ काम अधूरा माना जाता है।

## पुजारियों की लंबी सूची

मंडप के पुजारियों की लंबी फेहरिस्त है। करीब सौ साल तक नालवास पाठक और उनके पूर्वजों ने दायित्व संभाला। सिद्धि पाठक भी पुजारी रहे। उनकी मृत्यु के बाद त्रिलोचन भट्टाचार्य और फिलहाल भोला देवघरिया पूजा कराते हैं। यहां प्रतिदिन महिला समेत सैकड़ों श्रद्धालु शाम में दीप प्रज्जवलित करते हैं।

# श्री माणिकेश्वर महादेव मंदिर की अनोखी कथा

'मीनू' मीना सिन्हा

कविता और कहानी में कुआं ने हमेशा अपना प्रभुत्व बनाए रखा ।

चाहे ओमप्रकाश बाल्मीकि की कविता या कथासम्राट प्रेमचंद की कहानी 'ठाकुर का कुआं' ! कुएं से प्यास बुझती रही, जिंदगी बढ़ती रही । पनिहारिनें सुख-दुख बतियाती रहीं। बंद घरों से निकाल कर कुछ देर खुली हवा में औरतें चंद सांसें लेती रहीं । कुआं को विभिन्न नामों से पुकारा गया, कुइंया, इनारा , कूप आदि

जब सांसद मनोज झा जी ने महिला आरक्षण प्रस्तावित विधेयक पर सदन में ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविता 'ठाकुर का कुआं' पढ़ी, तबसे उत्तरोत्तर विवाद बढ़ता गया। हालांकि उन्होंने अपने अंदर के ठाकुर को मारने की बात कहते हुए कविता पाठ किया था।

दोनों तरफ के तेवर तल्ख होते जा रहे हैं । सांसद की जुबान भी खींचने की बात कही-सुनी गई ?।

कहने का तात्पर्य है कि कविताएं हर-हमेशा हमारे मन को उत्प्रेरित, आंदोलित करती रहीं , कर रही हैं और आगे भी करती रहेंगी।

दरअसल कविता आत्मा की आवाज होती है जो सीधे मर्म पर चोट कर जाती है।



हालांकि राज दरबार से भाटों की परंपरा भी कायम रही है ।

आज कविता-कहानी से निकल कर पचास-पचपन साल पूर्व एक ऐसे कुएं की तस्वीर मानस पटल पर उभर आई जिसे मृत कुएं के नाम से जाना जाता था ।

खूब बड़ा-सा गोलाकार

लगभग दसद्दस का कुआं, जिसे देखकर भयानुभूति होती थी। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मिश्रौली गांव की बात है । वहां इसे इनार कहते थे, जिसके बगल से गुजरती पगडंडी पर चलते हुए वह कुआं एक नकारात्मकता का भाव भर देता था ।

भांय-भांय करता गहरा, अंधेरा......

झांकने पर हवाक....!

कुएं के अंदर तलहटी में ढलान लिए आधी मिट्टी वाली जमीन और आधे में पानी जिसकी छिछली गहराई मिट्टी की ढलान पर निर्भर करती थी।

कुएं के मालिक-घर की महिलाएं या काम वाली औरतें उससे पानी नहीं भरती थीं। सभी जगह चापानल मौजूद थे । बिना ब्लाउज पहने सिर-मुंह को साड़ी से ढंके कुछ महिलाएं अवश्य पानी भरने आती थीं जिनके परिचय में जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया जाता था । उतने कम पानी वाले सतह से बाल्टी मिट्टी खखोरती गंदले पानी से आधी-अधूरी भरती ऊपर आती होगी । संभवतः उनलोगों के यहां चापानल नहीं होगा या होगा भी तो खराब पड़ा होगा । कालक्रम में घर-मालिकों ने शहर का रुख किया । वहीं बसते चले गए लेकिन पुश्तैनी मकान-दूरा को सुरक्षित रखा गया ।

अब घर-घर पानी की आपूर्ति नलके द्वारा होने लगी । पहले भी बेकार ही रहा था वह कुआं !

एक वर्ष पूर्व उस कुएं को पूर्णरूपेण ध्वस्त करवाकर वहां महादेव मंदिर का निर्माण किया गया । खूब धूमधाम से प्राण-प्रतिष्ठा हुई ।

पिता के नाम पर स्थापित किए गए श्री माणिकेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण से वातावरण पवित्रता से भर उठा। सकारात्मक उर्जा का विस्तार होने लगा।

कुआं अब एक कहानी में सिमट गया । अपने दिव्य स्वरूप में जगमगाते हुए मंदिर का निर्माण कर मिथिलेश प्रसाद ने अपने पिता की विरासत को श्रद्धांजलि स्वरुप अमिट, अलौकिक अर्पण-समर्पण कर समाज के सामने एक मिसाल रखी । पूर्वजों से प्राप्त पैतृक संपत्ति को इस तरह व्यवस्थित, निर्मित किए गए अनुकरणीय प्रयास को

वहां का समाज भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहा है।

# विजयादशमी पर जरूर करें ये काम, जीवन में बनी रहेगी सुख समृद्धि

**विजयदशमी** का त्योहार हर साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था और अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की जीत हासिल की थी। इसलिए आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को विजयदशमी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन रावण के साथ कुंभकर्ण और इंद्रजीत के पुतलों का दहन भी किया जाता है। इस साल विजयदशमी का त्योहार 24 अक्तूबर 2023 को मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन बुराई का समापन कर एक नई शुरूआत की जा सकती है। वहीं दशहरे के दिन जरूरतमंद व्यक्ति को दान करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इसी कड़ी में आइए जानते है कि, दशहरे के दिन किन कामों को जरूर करना चाहिए।





## दशहरा 2023 पर रावण दहन का मुहूर्त

अक्सर बच्चे घर में ही रावण का पुतला बनाकर उसका दहन करते है। साथ ही कई सोसाइटी या कॉलोनी में भी इस तरह के प्रोग्राम किए जाते है। ऐसे में रावण दहन का मुहूर्त 24 अक्तूबर शाम 05 बजकर 43 मिनट के बाद का रहेगा। आप मुहूर्त के हिसाब से रावण दहन कर सकते हैं।

## नीलकंठ पक्षी नीलकंठ पक्षी के दर्शन

दशहरे के दिन नीलकंठ पक्षी के दर्शन करना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि दशहरा के दिन आपको नीलकंठ पक्षी कहीं नजर आ जाए तो आपके काम जरूर पूरे हो जाएंगे।



## दान करें

आर्थिक समस्याओं से निजात पाने के लिए दशहरे के दिन किसी मंदिर में साफ-सफाई से जुड़ी चीजों को दान करना शुभ माना जाता है। साथ ही जीवन से जुड़े रोग-शोक दूर करने के लिए नारियल को अपने सिर से उतारकर रावण दहन की आग में डाल देना चाहिए।

## अपराजिता के पौधे की पूजा

दशहरे के दिन अपराजिता के पौधे का पूजन करने से आप अपने विरोधियों से छुटकारा पा सकते हैं। कहा जाता है कि यदि विजयादशमी के दिन विधि अनुसार पूजा करने से शत्रुओं पर विजय प्राप्त की जाती है।

शमी के पौधे की पूजा

अगर आपकी कुंडली में शनि से संबंधित दोष है तो आप विजयादशमी के दिन शमी के पौधे का पूजन अवश्य करें। ऐसा करने से आपके कष्टों का निवारण हो सकता है।

# नवरात्रि पर मिशन शक्ति के माध्यम से नारी सशक्तिकरण

हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' अर्थात जहां नारियों का सम्मान होता है वहां देवताओं का निवास होता है और आज यही कार्य प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं।नारी सुरक्षा और नारी सम्मान को बढ़ावा देने एवं स्त्रियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नवरात्रि के पावन अवसर पर विगत तीन वर्ष से मिशन शक्ति से तस्वीर काफी बदली है। इस नवरात्रि पर भी योगी सरकार ने मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण का श्रीगणेश किया है। योगी आदित्यनाथ नवरात्रि में नौ दिनों का व्रत रखते हैं और गोरखनाथ पीठ में परम्परानुसार कन्या पूजन करते हैं। वह प्रदेश की बेटियों का जीवन सुरक्षित, समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए भी संकल्पवान हैं। उनका सपना है कि मां दुर्गा के नौ रूपों के अनुरूप ही प्रदेश की बेटियां का जीवन हो।

मिशन शक्ति अभियान और कन्या पूजन के कारण प्रदेश का विपक्ष भी दबाव का अनुभव कर रहा है। इसी दबाव को कम करने के लिए कांग्रेस ने भी नरम हिंदुत्व का नकली चोला ओढ़कर कन्या पूजन करवाने का फैसला लिया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा महिलाओं व बेटियां के लिए चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता से प्रेरित होकर प्रियंका गांधी ने पिछले चुनाव में ह्लमैं लड़की हूं लड़ सकती हूंह्व का नारा भी दिया था किंतु कथनी और करनी के विरोधाभासों के चलते यह नारा बुरी तरह विफल रहा।

संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम -2023 के पारित हो जाने के बाद अब भाजपा ने हर विधानसभा क्षेत्र में बड़ा सम्मेलन करने की योजना बनाई है। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बेटियों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रसार करने का अभियान भी चलाया जा रहा है।

सरकार की विभिन्न योजनाओं का परिणाम है कि आज प्रदेश में महिलाओं की आय पहले से अधिक हो गई है। विगत वित्त वर्ष में जुलाई से सितंबर के मध्य ग्रामीण महिलाओं की आय 8,936 रुपये थी जो अप्रैल से जून 23 के बीच 20 हजार रुपये से अधिक हो गई है। केंद्र सरकार के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे में उत्तर प्रदेश में महिलाओं की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। ग्रामीण महिला श्रम



बल भागीदारी दर के अनुसार वर्ष 2018- 19 में यह दर लगभग 20 प्रतिशत थी जो बढ़कर 2022 -23 में 56 फीसदी तक पहुंच गई है।

मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण में सरकार ग्रामीण और शहरी महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आजीविका गतिविधियों से जोड़ने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। मिशन के चतुर्थ चरण को महिला स्वास्थ्य के प्रति समर्पित किया गया है। 30 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्तन व सर्वाइकल कैंसर का निःशुल्क परामर्श दिया जा रहा है। कुपोषित बालिकाओं के लिए विशिष्ट पोषण पुनर्वास केंद्र बनाने का भी फैसला लिया गया है। योगी प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा को लेकर बहुत ही सचेत तथा कठोर हैं । वे कई अवसरों पर स्पष्ट संदेश दे चुके हैं कि प्रदेश की सीमा के अंदर अगर कोई भी व्यक्ति हमारी बहन-बेटियों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार से सेंध लगाने का प्रयास करेगा तो ऐसे तत्वों को अगले चौराहे पर यमराज प्रतीक्षा करता मिलेगा। इस चेतावनी का असर भी दिखाई पड़ा है। सरजू एक्सप्रेस में महिला पुलिसकर्मी से अभद्रता व छेड़छाड़ करने वाले बदमाशों का एनकाउंटर किया गया। बेटियों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार ने अपनी पहली ही बैठक में एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया था। इसके तहत सैकड़ों शोहदों को दबोचा जा चुका है। लव जिहाद की शिकार बेटियां को बचाने में मदद मिली है। सुरक्षित यात्रा के लिए परिवहन विभाग की सिटी बसों में सीसीटीवी के संग पैनिक बटन भी लगाए जा रहे हैं।

मिशन शक्ति अभियान का श्रीगणेश करते समय मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इससे अपराधियों को सजा दिलाने में सफलता मिली है। 2020 में नारी सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन को लेकर मिशन शक्ति अभियान की शुरूआत की गई थी। इसके तहत प्रदेश पुलिस में 20 प्रतिशत महिला कर्मियों की भर्ती को सुनिश्चित किया गया था। 1947 से लेकर 2017 तक यूपी पुलिस में महिला कार्मिक दस हजार के आसपास थीं जो अब बढ़कर 40 हजार हो गई हैं। प्रदेश में निराश्रित व विधवा महिलाओं को दी जा रही पेंशन का भी व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। गरीब परिवारों की बेटियां का विवाह करवाया जा रहा है। स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 15 हजार रुपये की धनराशि सरकार की ओर से दी जा रही है। सुरक्षा के लिए जगह -जगह पिंक बूथ बनाये गए हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगलम योजना के लिए करोड़ों रुपये की व्यवस्था की जाती है। स्कूल-कालेजों में बेटियों को स्वतः सुरक्षा के गुर भी सिखाये जा रहे हैं। कालेजों में कानूनी अधिकारों के बारे में भी बताया जा रहा है।केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल योजना का लाभ गरीब महिलाओं का मिल रहा है। आज प्रदेश में तीन तलाक पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को भी उनके भरण पोषण के लिए पेंशन दी जा रही है। प्रदेश की महिलाओं को अब सरकार की हर योजना का लाभ शत प्रतिशत पारदर्शी रूप से मिल रहा है। प्रदेश में महिला कल्याण के लिए अब तक 10 लाख स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं। उनमें एक करोड़ महिलाओं को जोड़ा गया है। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत दो लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। योगी सरकार आने के बाद प्रदेश में सरकारी नौकरियों में अब तक डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं को नौकरी प्राप्त हो चुकी है। आज प्रदेश की बेटियां जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई कहानियां गढ़ रही हैं। अभी एशियाई खेलों में भी प्रदेश की बेटी पारुल चौधरी ने स्वर्ण पदक जीतकर कीर्तिमान रचा। भारत के चंद्रयान की सफलता में लखनऊ की डॉ. रितु ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

उत्तर प्रदेश सरकार ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना के साथ मिशन शक्ति के रूप में सामाजिक संदेश का जो माध्यम चुना है उसका सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है। आज प्रदेश की सभी महिलाएं व बेटियां अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रही हैं।